हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित




Page 11

खेल

## पावो नूरमी खेलों से ओलंपिक की तैयारी शुरू करेंगे नीरज चौपड़ा



Page 10

देश

## राजस्थान में भाजपा सरकार ने कितने फीसदी वादे किए पूरे? सीएम भजन लाल...


शुक्ल पक्ष, स्वाति, विक्रम संवत् 2081

• औरंगाबाद • मंगलवार • 18 जून 2024 • वर्ष 26 • अंक 188 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00


### सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 24 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 72, 330 | ₹91,000 |





### आज का इतिहास

- **1946 : राम मनोहर लोहिया, एक समाजवादी, ने गोवा में पुर्तगालियों के खिलाफ प्रत्यक्ष कार्रवाई दिवस का आह्वान किया। पंजिम में एक सड़क का नाम इस तारीख के नाम पर रखा गया है। डायरेक्ट एक्शन डे, जिसे महान कलकत्ता हत्याओं के रूप में भी जाना जाता है, ब्रिटिश भारत के बंगाल प्रांत में कलकत्ता (अब कोलकाता के रूप में जाना जाता है) शहर में हिंदुओं और मुसलमानों के बीच व्यापक दंगा और हत्या का दिन था।**
- **2013 : इराक की राजधानी बगदाद में दो आत्मघाती हमलों में 31 लोग मारे गए और 60 घायल हुए।**

### न्यूज बाइट्स

#### ईद उल अजहा के मौके पर लालू-राबड़ी ने बधाई दी

**पटना (नि.सं.)।** राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद, पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव सहित राजद के वरिष्ठ नेताओं ने ईद उल अजहा के मौके पर मुस्लिम समुदाय के लोगों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि यह कुर्बानी का त्यौहार है और समर्पण और बलिदान की बेहतरीन मिसाल है।

#### जबतक दस लाख नौकरी नहीं दिला देते चैन से नहीं बैठेंगे : तेजस्वी यादव

**पटना (नि.सं.)।** नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि जबतक सूबे के युवाओं को दस लाख नौकरी नहीं दिला देते वे चैन से नहीं बैठेंगे। उन्होंने कहा कि हमारा संकल्प, हमारा प्रण, हम करेंगे और पूर्ण कराएंगे। राज्य में सरकारी नौकरी का क्रेडिट लेने के लिए एक बार फिर तेजस्वी यादव सक्रिय हो गए। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर अपने 17 महीने की सरकार के दौरान तक 3 लाख से अधिक नौकरियां प्रक्रियाधीन कराने का दावा किया। उन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से कहा कि 17 महीने सरकार में रहकर, सरकार से हटने के बाद से लेकर पूरे चुनाव प्रचार में भी निरंतर बताया और लगातार मांग की है कि हमने 17 महीनों में 5 लाख नौकरियां देने के अलावा सभी विभागों में रिक्तियों को भरने के उस वक्त तक 3 लाख से अधिक नौकरियां प्रक्रियाधीन करवाई थी। उन्होंने कहा कि हमने सरकार को चेतावनी दी थी कि आचार संहिता हटते ही पूर्व से ही विज्ञापित तीसरे चरण में एक लाख शिक्षकों की यथाशीघ्र भर्ती के अलावा तीन लाख से अधिक रिक्त पदों पर तत्काल नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू की जाए।

#### भाजपा बिहार में 1136 मंडलों में आयोजित करेगी योग शिविर

**पटना (नि.सं.)।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर भाजपा बिहार में कई कार्यक्रम आयोजित करने जा रही है। इसी क्रम में पार्टी की ओर से प्रत्येक मंडल में योग शिविर लगाने का निर्णय लिया गया है। भाजपा के कार्यक्रम प्रभारी संजय गुप्ता ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष एवं उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के निर्देशानुसार 21 जून को पार्टी द्वारा प्रत्येक मंडल में कम से कम एक योग शिविर आयोजित किया जाएगा।

---

बिहार में नौकरी की बहार, खत्म हुआ युवाओं का इंतजार, सीएम नीतीश कुमार का ऐलान

# एक साल में 12 लाख नौकरियां

निज संवाददाता | पटना

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को सबसे बड़ा एलान कर दिया है। नीतीश ने कहा है कि बिहार सरकार अगले एक साल में 12 लाख लोगों को सरकारी नौकरी देगी। नीतीश ने आज अपने अधिकारियों को कहा है कि वे मिशन मोड में यानि युद्धस्तर पर काम करें और अगले साल के मार्च तक 12 लाख नौकरी देने का काम पूरा कर लें। नीतीश कुमार ने उप मुख्यमंत्री, संबंधित विभागों के मंत्रियों, मुख्य सचिव, विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिव के साथ बैठक की है और अगले एक साल में टारगेट पूरा करने का लक्ष्य दिया है। नीतीश कुमार ने कहा कि उन्होंने 15 दिसंबर, 2020 से लागू सात निश्चय पार्ट- 2 के तहत 10 लाख सरकारी नौकरी और 10 लाख रोजगार देने का लक्ष्य निर्धारित किया था। इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए पूरा सरकारी तंत्र ठोस कार्ययोजना बनाकर मिशन मोड में काम करे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी विभागों ने दो लाख, 11 हजार नई नियुक्तियों के लिए परीक्षा लेने वाले आयोगों को प्रस्ताव भेज दिया गया है। वहीं, दो लाख, 34 हजार पदों पर नियुक्ति के लिए विभिन्न आयोगों को प्रस्ताव भेजने की प्रक्रिया चल रही है। एक महीने के भीतर दो लाख, 34 हजार पदों पर नियुक्ति के लिए प्रस्ताव भेज दिये जाएंगे। नीतीश कुमार ने कहा कि इस तरह कुल 5 लाख, 17 हजार सरकारी सेवकों की नियुक्ति के लिए विभिन्न आयोगों को अधियाचना भेजी जा चुकी है या प्रक्रियाधीन है। इन सारी नियुक्तियों को साल 2024-25 तक पूरा करने का टारगेट दिया गया है। इसके साथ ही अगले साल यानि 2025 में 72 हजार और पदों पर नियुक्ति के लिए अधियाचना भेजी जायेगी। नीतीश कुमार ने कहा कि सात निश्चय पार्ट दो के तहत 10 लाख सरकारी नौकरी देने की घोषणा की गयी थी। लेकिन बिहार सरकार इससे ज्यादा नौकरी देने जा रही है। अगले साल तक 12 लाख से अधिक लोगों को सरकारी नौकरियां दे दी जायेगी। राज्य सरकार ने कहा है कि सात निश्चय पार्ट- 2 के तहत 5 लाख, 16 हजार नियुक्तियां की जा चुकी हैं। इसके अतिरिक्त एक लाख, 99 हजार नियुक्ति पत्र वितरण के लिये तैयार हैं। साथ ही 5 लाख, 17 हजार रिक्तियों के लिए नियुक्ति की प्रक्रिया चल रही है। यानि वर्ष 2024 से 2025 तक कुल 12 लाख से अधिक सरकारी नौकरियां देने का लक्ष्य रखा गया है।



#### पेपर लीक रोकने के लिए बनेगा कानून

मुख्यमंत्री ने नियुक्ति परीक्षाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित करने और किसी भी प्रकार की अनियमितता या प्रश्न पत्र लीक की घटनाओं को रोकने के लिए सख्त कानून बनाने का निर्देश दिया है। इस संबंध में प्रस्ताव को आगामी विधानसभा सत्र में पेश किया जाएगा।

#### अगले तीन महीने में दो लाख लोगों को नौकरी

नीतीश कुमार ने कहा कि सात निश्चय पार्ट- 2 के तहत की गयी घोषणा पर लगातार काम जारी है। सरकार ने अबतक 5 लाख, 16 हजार लोगों को नौकरी दी जा है। एक लाख, 99 हजार पदों पर सरकारी नौकरी से संबंधित नियुक्ति के लिए प्रक्रिया पूरी कर ली गयी है। ऐसे एक लाख, 99 हजार लोगों को अगले तीन महीने में नियुक्ति पत्र वितरित कर दिया जायेगा।

#### लक्ष्य से दोगुना रोजगार

राज्य सरकार ने कहा है कि मुख्यमंत्री ने अपने सात निश्चय पार्ट- 2 में सरकारी नौकरी के साथ-साथ लोगों को 10 लाख रोजगार देने का भी एलान किया था। अब तक सात निश्चय पार्ट- 2 के तहत 22 लाख से अधिक रोजगार सृजित किये जा चुके हैं। आगे आने वाले एक साल में कुल 11 लाख से अधिक रोजगार के अवसर सृजित किये जायेंगे।

#### नई नियुक्तियों के लिए भेजी गई अधियाचना

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी विभागों 2,11,000 नई नियुक्तियों के लिए अधियाचना विभिन्न आयोगों को भेजी जा चुकी है और 2,34,000 रिक्तियों के लिए परास्त भेजने की प्रक्रिया चल रही है। अगले महीने तक इन पदों के लिए अधियाचना भेज दी जाएगी। वर्ष 2024-25 तक कुल 12 लाख से अधिक सरकारी नौकरियां देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जो प्रारंभिक लक्ष्य से अधिक है।

---

# बंगाल रेल हादसे में 15 की मौत, 60 घायल

एजेंसी | कोलकाता

पश्चिम बंगाल में कंचनजंगा एक्सप्रेस ट्रेन को एक मालगाड़ी ने टक्कर मार दी है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने पीटीआई को बताया, इस दुर्घटना में अब तक कम से कम 15 लोगों की मौत हो चुकी है और 60 लोग घायल हुए हैं। मृतकों में मालगाड़ी के चालक, सहायक चालक और कंचनजंगा ट्रेन के गार्ड की भी जान गई है और करीब 60 लोग घायल हैं। घटनास्थल पर राहत एवं बचाव का कार्य पूरा हो चुका है। आपदा टीमें भी घटनास्थल पर पहुंच गई हैं। हादसा न्यू जलपाईगुड़ी स्टेशन से करीब 30 किमी आगे रंगापानी और निजबाड़ी स्टेशन के बीच हुआ है।

#### प्रधानमंत्री ने जताया दुख

पश्चिम बंगाल में रेल दुर्घटना दुखद है। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति मेरी संवेदना है। पीएम मोदी ने जल्द से जल्द घायलों के ठीक होने की प्रार्थना की। उन्होंने अधिकारियों से बात की और स्थिति का जायजा लिया। पीएम ने कहा कि प्रभावितों की सहायता के लिए बचाव अभियान जारी है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव दुर्घटना स्थल के लिए रवाना हो चुके हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। घायलों को 50 हजार रुपये की सहायता दी जाएगी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग में ट्रेन दुर्घटना में लोगों की मौत की खबर पर दुखद जताया। उन्होंने कहा कि मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने और राहत एवं बचाव कार्यों की सफलता की प्रार्थना करती हूं। रेलवे बोर्ड की अध्यक्ष एवं सीईओ जया वर्मा सिन्हा ने कहा कि मालगाड़ी के चालक और सहायक चालक और कंचनजंगा एक्सप्रेस ट्रेन के गार्ड की हादसे में जान गई है। राहत एवं बचाव कार्य पूरा हो चुका है। सभी घायलों को उत्तर बंगाल मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।



#### रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने की अनुग्रह राशि की घोषणा

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने पश्चिम बंगाल में न्यू जलपाईगुड़ी के समीप सोमवार को अगरतला-सियालदह कंचनजंघा एक्सप्रेस दुर्घटना में मारे गए लोगों के परिजनों को 10-10 लाख रुपये, गंभीर रूप से घायल लोगों को ढाई-ढाई लाख रुपये और मामूली रूप से घायल लोगों को 50-50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। श्री वैष्णव ने 'एक्स' पर पोस्ट में कहा, पीड़ितों को बढ़ी हुई अनुग्रह राशि प्रदान की जाएगी। मृत्यु की स्थिति में 10 -10 लाख रुपये, गंभीर रूप से घायल के लिए 2.5-2.5 लाख रुपये और मामूली रूप से घायल लोगों के लिए 50,000-50,000 रुपये। उल्लेखनीय है कि पश्चिम बंगाल में न्यू जलपाईगुड़ी के समीप सोमवार को अगरतला-सियालदह कंचनजंघा एक्सप्रेस की मालगाड़ी की टक्कर से मरने वालों की संख्या बढ़कर आठ हो गयी है जबकि 30 से अधिक यात्री घायल हुए हैं।

---

# आयुष्मान कार्ड नहीं है फिर भी होगा फ्री में इलाज

- **मान्यता प्राप्त बड़े अस्पताल में मिलेगी इलाज की सुविधा**

निज संवाददाता | पटना

आर्थिक रूप से कमजोर लोगों तक स्वास्थ्य सेवा पहुंचाने के लिए सरकार कई योजनाएं चला रही हैं। आयुष्मान भारत योजना के अलावा मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता कोष से भी गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए सरकार मदद कर रही है। कैंसर सहित 14 गंभीर रोगों से पीड़ित के इलाज के लिए मुख्यमंत्री चिकित्सा कोष से 20 हजार से डेढ़ लाख तक की मदद मिलती है। इस संबंध में सिविल सर्जन डॉ राय कमलेश्वर नाथ सहाय ने बताया कि इसके लिए जिला अथवा स्वास्थ्य विभाग के निदेशक प्रमुख के यहां आवेदन किया जाता है।

उन्होंने बताया कि सभी शर्तें पूरी करने वाले मरीजों को प्रदेश के सरकारी और सेंट्रल गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम से मान्यता प्राप्त अस्पताल में इलाज के लिए आवश्यक राशि दी जाती है। यह योजना जिनके पास राशन कार्ड और आयुष्मान कार्ड नहीं है, उन परिवारों के लिए वरदान साबित हो रही है। इस योजना का लाभ इस वर्ष पांच मरीजों को मिल चुका है। एक लाख से कम सालाना आय वाले लोगों को योजना का लाभ मिलता है। इसमें 14 असाध्य बीमारियों के इलाज के लिए सहायता राशि प्रदान की जाती है।

#### 2.5 लाख से कम आय वाले रोगियों को मिलता है लाभ

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता कोष कमेटी की अनुशंसा पर सालाना 2.5 लाख से कम आय वाले रोगी को सहायता दी जाती है। दूसरे प्रदेश में रेफर पर भी रोगी को सहायता दी जाती है।

---

# आज पीएम किसानों के खातों में ट्रांसफर करेंगे 20 हजार करोड़ रुपये

- **30 हजार महिलाओं को स्वयं सहायता समूह प्रमाण पत्र देंगे।**
- **50 हजार किसानों की उम्मीद है कि किसान सम्मेलन में शामिल होंगे।**

एजेंसी | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को दो दिवसीय दौरे पर वाराणसी पहुंचेंगे। लोकसभा चुनाव में लगातार तीसरी बार वाराणसी से जीत हासिल करके प्रधानमंत्री के पद पर पहुंचने वाली पीएम नरेंद्र मोदी के स्वागत के लिए काशी की जनता और भाजपा कार्यकर्ता भव्य स्वागत करने की तैयारी कर रहे हैं। पीएम मोदी लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट बाबतपुर पर शाम लगभग 3.30 बजे पहुंचेंगे। वहां से वो मेंहदीगंज जनसभा स्थल पर हेलीकॉप्टर से पहुंचेंगे। किसानों की जनसभा को संबोधित करने के साथ ही डीबीटी के माध्यम से 9.26 करोड़ लाभार्थी किसानों के खाते में लगभग 20 हजार करोड़ की किसान सम्मान निधि ट्रांसफर करेंगे। पीएम स्वयं सहायता समूह की 30 हजार महिलाओं को प्रमाण पत्र भी देंगे। किसान सम्मेलन में 50 हजार किसानों के पहुंचने की संभावना है। प्रधानमंत्री रात्रि विश्राम बरेका में करेंगे। 19 जून की सुबह वो दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

प्रधानमंत्री का भाजपा कार्यकर्ता बाबतपुर स्थित लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे और मेहंदीगंज ग्राम सभा स्थल पर भव्य स्वागत करेंगे। पुलिस लाइन से लेकर दशाश्वमेध घाट व विश्वनाथ मंदिर गेट नंबर चार तक पूरे यात्रा मार्ग में काशीवासियों संग भाजपा कार्यकर्ता ढोल, नगाड़ा, डमरू दल के साथ शंखनाद एवं गुलाब की पंखुड़ियों की वर्षा की जाएगी। पीएम मोदी के वाराणसी आगमन को देखते हुए काशी विश्वनाथ धाम को फूलों से सजाया जा रहा है। प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के बाद पीएम मोदी पहली बार वाराणसी पहुंच रहे हैं। वो काशी के कोतवाल काल भैरव और काशी विश्वनाथ धाम जाकर पूजन-अर्चन करेंगे।

#### 30 हजार कृषि सखियों को प्रमाणपत्र देंगे

गौरतलब है कि तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के बाद पीएम नरेंद्र मोदी ने सबसे पहले पीएम किसान निधि की 17 वीं किस्त जारी करने की मंजूरी दी थी। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत लगभग अब तक 11 करोड़ से अधिक पात्र किसान परिवारों को 3।04 लाख करोड़ रुपये का लाभ मिल चुका है। वहीं कृषि सखी कन्वर्जेंस प्रोग्राम (केएससीपी) का उद्देश्य कृषि सखी के रूप में ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाकर, कृषि सखियों को पैरा-एक्सटेंशन वर्कर्स के रूप में प्रशिक्षण और प्रमाणन प्रदान करके ग्रामीण भारत में बदलाव लाना है।

---

## कल तीसरी बार पीएम बनने के बाद नरेंद्र मोदी का पहला बिहार दौरा

एजेंसी | राजगीर (नालंदा)



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राजगीर और नालंदा आगमन को लेकर प्रशासनिक तैयारियां युद्ध स्तर पर चल रही है। हेलिपैड निर्माण से लेकर सड़क बैरिकेडिंग पर काम शुरू कर दिया गया है। प्रशासनिक अधिकारी दिन रात प्लानिंग और तैयारी में जुटे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अंतरराष्ट्रीय नालंदा विश्वविद्यालय का उद्घाटन के लिए दो दिन बाद 19 जून को हवाई मार्ग से राजगीर पहुंचने वाले हैं।

अंतर्राष्ट्रीय पर्यटक स्थल होने के वाबजूद भी यहां एयरपोर्ट नहीं होने के कारण प्रधानमंत्री का विमान गया एयरपोर्ट पर ही लैंड करेगा और वहां से वे हेलीकॉप्टर के द्वारा राजगीर पहुंचेंगे। अंतरराष्ट्रीय नालंदा विश्वविद्यालय कैंपस में ही बनें हेलीपैड पर उनका हेलीकॉप्टर लैंड करेगा। वहीं से वे फुलप्रूफ सुरक्षा व्यवस्था के बीच वाहन से कार्यक्रम स्थल तक पहुंचेंगे। मुख्य कार्यक्रम विश्वविद्यालय में बने सुषमा स्वराज ऑडिटोरियम में होगा। ऑडिटोरियम की क्षमता मात्र 250 लोगों के बैठने की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नालंदा स्थित प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय जाने का भी प्रोग्राम संभावित है। इसी को ध्यान में रखते हुए प्रशासनिक तैयारी नालंदा में भी काफी तेज हो गया है।

---

दो दिवसीय बिहार आमोत्सव-2024 का समापन

# बिहार के हर जिले के आम की अपनी विशेषताएं : राज्यपाल

निज संवाददाता | पटना

राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने कहा है कि बिहार के हर जिले के आम की अपनी विशेषताएं हैं। इन आमों का प्रचार-प्रसार कर और बेहतर बाजार मिलना चाहिए। किसानों के आम को विदेशों में भेजा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि बिहार में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग लगाने तथा आम के बारे में अधिक अनुसंधान की आवश्यकता है। बेहतर बाजार के लिए किसानों का एफपीओ बनना भी जरूरी है। हमारे विकास के केन्द्र में किसान होने चाहिए।



राज्यपाल रविवार को राजभवन परिसर में आयोजित दो दिवसीय 'बिहार आमोत्सव-2024 के समापन सत्र को संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल ने कृषि विद्यालयों की स्थापना पर बल देते हुए कहा कि इससे विद्यार्थियों को खेती की आधारभूत जानकारी मिल सकेगी। हमारी युवा पीढ़ी को कृषि एवं आम उत्पादन से जुड़ना चाहिए। मौके पर राज्यपाल ने बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर द्वारा आम से निर्मित उत्पादों तथा जर्दालु आम एवं शाही लीची के जीआई टैग की संचिकाओं का लोकार्पण किया। वहीं आम की प्रदर्शनी लगाने वाले किसानों को सम्मानित भी किया।

## जल्द मिलेगा प्रधानमंत्री आवास

**नई दिल्ली (ए.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीसरी बार देश की बागडोर संभालते ही 3 करोड़ गरीबों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत नए घर की स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस फैसले से उत्तर प्रदेश के बाद सर्वाधिक बिहार के गरीब परिवारों को इसका लाभ मिलेगा। पीएम की स्वीकृति मिलने के बाद सीतामढ़ी जिले के भी 73 हजार गरीब परिवारों की आस जग गई है। पिछले दो साल से इस योजना में राशि आवंटित नहीं होने से पक्का भवन नहीं मिलने से गरीब परिवार के लोग निराश थे। तीसरे कार्यकाल के पहले ही दिन इसकी स्वीकृति मिलने से जिले के गरीब परिवारों को अपना पक्का घर होने की उम्मीद जग गई है।

---

डिप्टी सीएम विजय सिन्हा का अपराधियों को चेतावनी, कहा

# अपना रास्ता बदल लें नहीं तो सरकार उनका सफाया करने से पीछे नहीं हटेगी

निज संवाददाता | पटना

मुख्यमंत्री अपराध और भ्रष्टाचार को लेकर जीरो टॉलरेंस की बात करते हैं। क्राइम कंट्रोल पर बिहार सरकार के डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा का बड़ा बयान सामने आया है। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ के स्टाइल में क्रिमिनल्स को खुली चेतावनी देते हुए विजय सिन्हा ने कहा कि या तो वे सुधर जाएं नहीं तो परलोक सिधार जाएंगे। आरजेडी को लपेटे में लेते हुए उन्होंने लालू यादव और तेजस्वी से प्रभावित पदाधिकारियों को भी सुधर जाने की नसीहत दी है। लखीसराय में प्रेस को संबोधित करते हुए डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा ने दो टूक शब्दों में अपराधियों को सीधे चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि स्पेशल टीम का गठन फिर से कराया जाएगा और अपराधियों के खिलाफ मुक्त हस्त कार्रवाई होगी। या तो अपराधी सुधरेंगे नहीं तो परलोक सिधार जाएंगे। सरकार दोनों तरह की व्यवस्था बना रही है। गिरफ्तारी भी होगी और जो लोग अपनी क्रिमिनल एक्टिविटी पर विराम नहीं लगाएंगे उन्हें परलोक भेजने की भी व्यवस्था होगी। बदमाशों को यह खुली चेतावनी है। बिहार में कानून का राज है। मुख्यमंत्री जी ने साफ कर दिया है कि हर हाल में कानून का राज स्थापित करेंगे। 2005 से 2010 के बीच जिस तरह से सरकार ने अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई की थी उसे दोहराया जाएगा। इसकी शुरुआत भी हो चुकी है। बालू माफिया, शराब माफिया और जमीन माफिया के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जा रही है।



---

दानापुर में साइबेरियन क्रेन के आगमन से आसमान में उमड़ा उत्सव

# छावनी इलाके में पहुंचा साइबेरियन क्रेन का झुंड, अब जल्द बारिश होने की उम्मीद

- **प्रति वर्ष मई-जून में आने वाले इन पक्षियों के आगमन से खेतों को मिल सकती है नई फसलों की सौगात।**
- **जांघिल का आना इस बार भी भारी गर्मी से त्रासित लोगों को आशा दे रहा है।**

निज संवाददाता | पटना

पटना के दानापुर में प्रवासी पक्षी साइबेरियन क्रेन का आना शुरू हो गया है। साइबेरियन क्रेन को मानसून का सूचक भी कहा जाता है। आर्मी क्षेत्र में इन पक्षियों के आने से लोगों को अच्छी बारिश की संभावना रहती है। ये पक्षी मानसून आने से पहले यहां आ जाते है। इसके बाद ठंड का मौसम समाप्त होने पर यहां से चले जाते है। साइबेरियन क्रेन के छावनी क्षेत्र में पहुंचने के साथ ही दानापुर पक्षी विहार में तब्दील हो गया है। पिछले कुछ दिनों से जांघिल का आना शुरू हो गया है। छावनी परिसर के वृक्षों पर जांघिल घोंसले बनाने में जुट गए हैं। प्रत्येक साल मई के अंत में प्रवासी पक्षी जांघिल छावनी क्षेत्र में पहुंच जाते हैं। इस बार भीषण गर्मी में जून के दूसरे सप्ताह के बाद जांघिल घोंसला बना रहे हैं। सफेद और काले रंग के प्रवासी पक्षी देखने में काफी खूबसूरत होते हैं। इनका वजन दो से तीन किलो तक होता है। जांघिल का भोजन छोटी-छोटी मछलियां और पानी में रहने वाले कीडे-मकोडे होते है।



जांघिल का यहां आना कब से शुरू हुआ। इसका कोई ठोस प्रमाण लोगों और सैन्य अधिकारियों के पास नही है। जांघिल मानसून में प्रत्येक वर्ष यहां आते हैं। प्रवास के दौरान यहां अंडे देते हैं। हजारों किमी दूरी तय कर पहुंचते हैं। वे शोर से भयभीत रहते हैं। समूह में भोजन के लिए उड़ते हैं। पक्षी विशेषज्ञों का मानना है कि इन्हें ओपन बिल स्टॉर्क के नाम से जाना जाता है। सब एरिया क्षेत्र के वृक्षों पर अपने आपको सुरक्षित महससू करती है। साइबेरियन क्रेन 1963 से 1971 तक आर्मी का प्रतीक चिह्न रहा है। इन पक्षियों के आगमन से जहां पूरा दानापुर छावनी क्षेत्र गुलजार हो गया है, वहीं मानसून के आने की दस्तक से लोग काफी खुश हैं। अब तो लोगों को बस इंतजार है तो बस झमाझम होने वाली लगातार बारिश की, जो इस प्रचंड गर्मी से निजात के साथ खेतों को भी नई फसलों की सौगात दिला सके। एक सैन्य अधिकारी ने बताया कि इस बार प्रचंड गर्मी के कारण जून के दूसरे सप्ताह के बाद दो-तीन पेड़ों पर घोंसले बनाए हुए नजर आ रहे हैं।

---

# राहुल ने वायनाड सीट छोड़ी प्रियंका वहां से लड़ेंगी उपचुनाव

एजेंसी | नई दिल्ली

राहुल गांधी केरल की वायनाड सीट से इस्तीफा देंगे और रायबरेली से सांसद बने रहेंगे। वायनाड से प्रियंका गांधी उपचुनाव लडेंगी। सोमवार को कांग्रेस की 2 घंटे की बैठक के बाद राहुल और खड़गे ने इसका ऐलान किया। राहुल ने कहा कि वायनाड और रायबरेली से मेरा भावनात्मक रिश्ता है। मैं पिछले 5 साल से वायनाड से सांसद था। मैं लोगों को उनके प्यार और समर्थन के लिए धन्यवाद देता हूं। प्रियंका गांधी वाड्रा वायनाड से चुनाव लड़ेंगी लेकिन मैं समय-समय पर वायनाड का दौरा भी करूंगा। मेरा रायबरेली से पुराना रिश्ता है, मुझे खुशी है कि मुझे फिर से उनका प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलेगा लेकिन यह एक कठिन निर्णय था। राहुल के ऐलान पर प्रियंका ने कहा कि मैं वायनाड का प्रतिनिधित्व करने में बहुत खुश होउंगी। मैं उन्हें उनकी (राहुल गांधी की) अनुपस्थिति महसूस नहीं होने दूंगी। मैं कड़ी मेहनत करूंगी और सभी को खुश करने और एक अच्छा प्रतिनिधि बनने की पूरी कोशिश करूंगी।



## संक्षिप्त समाचार

### सांसद विवेक ठाकुर का दो दिवसीय दौरा मंगलवार से, स्वागत की हो रही तैयारियां

**नवादा।** सांसद विवेक ठाकुर का दो दिवसीय दौरा मंगलवार 18 जून से आरंभ हो रहा है। चुनाव जीतने के बाद पहली बार अपने संसदीय क्षेत्र पहुंच रहे विवेक ठाकुर का जगह-जगह स्वागत की तैयारियां हो रही है। कई धर्मस्थलों में पूजा-अर्चना का भी कार्यक्रम है। 18-19 जून को उनका कार्यक्रम काफी व्यस्त रहने वाला है। उपलब्ध करायी गयी जानकारी के अनुसार 18 जून को 9 बजे नवादा की सीमा पर खरांट पहुंचेंगे। वहां कार्यकर्ता उनकी अगवानी करेंगे। वे सीधे पकरीबरावां प्रखंड के बुधौली गांव जाएंगे। जहां दिवंगत मुखिया के शोक संतप्त परिजनों से मिलकर आंसू पोछेंगे। बुधौली से निकलकर वे रूपौ मां चामुंडा मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना करेंगे। रूपौ के बाद आंती पहुंचेंगे। वहां से जिला पार्टी कार्यालय पहुंचेंगे। जहां कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत-सम्मान किया जाएगा। इस कार्यक्रम के बाद नारदीगंज प्रखंड के मसौढ़ा, हड़िया, खनवां, शोभ मंदिर होते हुए देर शाम को समाय गांव पहुंचेंगे। रात्रि विश्राम नवादा आवास पर करेंगे। अगले दिन सुबह 9 बजे सर्किट हाउस में प्रेस कांफ्रेंस करेंगे। इसके बाद बरबीघा के लिए रवाना हो जाएंगे। बरबीघा विधानसभा के सामस, माउर,तैलिक ठाकुरबाड़ी और माहुरी मंडल बरबीघा में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद शेरपर, कुसेढ़ी, मेंहूस और बेलाव गांव में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। इसके बाद नवादा वापस आएंगे। नरेंद्र नगर में आयोजित कवि सम्मेलन में भाग लेने के बाद रात्रि में पटना के लिए प्रस्थान कर जाएंगे।

### शांतिपूर्ण तरीके से मनाया गया बकरीद, प्रशासन अलर्ट

**नारदीगंज।** नारदीगंज प्रखंड में सोमवार को कुर्बानी का त्योहार बकरीद धूमधाम, आपसी एकता और भाईचारे के साथ मनाया गया।बकरीद के मद्देनजर पुलिस प्रशासन अलर्ट रहा।वही नारदीगंज बाजार स्थित जामा मस्जिद में सोमवार की सुबह सात बजे इमाम नौशाद खान साहब ने बकरीद यानी ईद उल अजहा की नमाज अदा करवाई।नमाज अदा करने के बाद लोगों ने एक दूसरे को गले लग कर ईद का मुबारकबाद दिया। छोटे छोटे बच्चे नए कपड़े पहन चहकते नजर आए।प्रखंड के मसौढ़ा, ननौरा, चिरैयां, पेश, अब्दुलपुर पड़रिया आदि गांवों में भी ईद उल अजहा मनाई गई।इस दौरान जहां सक्षम लोगों द्वारा बकरे की कुर्बानी दी गई और अन्य लोगों के बीच में उसको बांटा गया। थानाध्यक्ष राजगृह प्रसाद ने कहा शांतिपूर्ण तरीके से बकरीद पर्व संपन्न हो गया।

### मृतक मुखिया पपु मांझी के परिजनों से मिलने आएंगे मंत्री संतोष मांझी

**नवादा।** बिहार सरकार के मंत्री संतोष कुमार सुमन उर्फ संतोष मांझी मंगलवार को एक दिवसीय दौरे पर नवादा आएंगे। वे पकरीबरावां प्रखंड के बुधौली गांव जाएंगे जहां दिवंगत मुखिया पप्पू मांझी के शोक संतप्त परिजनों से मिलकर उनके आंसू पोछेंगे। हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि मुखिया पप्पू मांझी की हत्या की खबर से मंत्री काफी मर्माहत हैं। सोमवार 17 जून को ही उनका नवादा आने का कार्यक्रम था लेकिन, अपरिहार्य कारणों से आज का दौरा टल गया। अब उनका दौरा मंगलवार 18 जून को होगा। बता दें कि 13 जून की रात को जिले के पकरीबरावां प्रखंड के बुधौली पंचायत की मुखिया पप्पू मांझी की गोली मारकर हत्या कर दी थी। 14 जून की सुबह उनका शव गांव में इंटर स्कूल के पास पाया गया था। हालांकि, पुलिस ने इस मामले का राजफाश करने में सफल रही है। पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मुखिया के ग्रामीण और कर्ताधर्ता अमरेंद्र यादव तथा इसी पंचायत की दिऔरा गांव के मनीष सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। इधर, मंत्री के आगमन को लेकर पार्टी के जिला इकाई के कार्यकर्ता तैयारियों में जुटे हैं।

### स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड से ऋण लेने वाले 30 जून तक हर हाल में जमा करायें शपथ पत्र

**नवादा।** बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के लाभार्थी, जिन्होंने अपनी पढ़ाई पूरी कर ली है और अब उनकी ऋण अदायगी का समय आरंभ हो चुका है। लाभार्थी को अभी तक कोई रोजगार नहीं मिला है, तथा वे ऋण अदायगी में असमर्थ है, वैसे लाभार्थी 15 जून से 30 जून के बीच इस आशय का शपथ-पत्र की अभी तक मैं बेरोजगार हूं, एवं ऋण अदायगी में असमर्थ हूं, बिहार राज्य शिक्षा वित्त निगम के कार्यालय में जमा करना सुनिश्चित करना होगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए बिहार राज्य शिक्षा वित्त निगम के सहायक प्रबंधक (योजना) विकास कुमार ने बताया कि शपथ पत्र समर्पित करने के उपरांत लाभार्थी से अगले छह माह तक बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजनान्तर्गत वितरित शिक्षा ऋण की वसूली स्थगित कर दी जाएगी। शपथ-पत्र बनाने एवं जमा करने की प्रकिया से भी अवगत कराया है। विशेष जानकारी के लिए बिहार राज्य शिक्षा वित्त निगम नवादा जिला निबंधन एवम् परामर्श केंद्र स्थित कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है। सहायक प्रबंधन विकास कुमार ने बताया की जिले में कुल लभगभ 2181 आवेदक शपथ-पत्र देने के योग्य हैं। उन्होंने बताया कि शपथ पत्र जमा करने की प्रक्रिया बता दी गई है। यदि किसी भी लाभार्थी को शपथ-पत्र बनाने एवं जमा करने में कोई कठिनाई हो तो वे बिहार राज्य शिक्षा वित्त निगम के कार्यालय में आकर संपर्क कर सकते हैं।

**इन बातों पर दें ध्यानः-** सात निश्चय-पोर्टल पर जाएं, अपने यूजर आईडी एवं पासवर्ड से लागिंग करें। रिक्वेस्ट फॉर एफिडेविट ऑप्शन पर क्लिक करें। ईमेल आईडी डालकर कर सबमिट करें। एफिडेविट का फॉर्मेट अपने ईमेल से डाउनलोड करें। एफिडेविट फॉर्मेट को 100 रुपए का नॉन ज्यूशियिल स्टाम्प पेपर पर प्रिंट करें। प्रिंट किये गये एफिडेविट को नोटराइज्ड कराएं।

**3-4 दिन के अंदर एफिडेविड जमा कराना अनिवार्यः-**एफिडेविट पूर्ण रूप से बन जाने के बाद एफिडेविट कु मूल प्रति को बिहार राज्य शिक्षा वित्त निगम पोर्टल पर अपलोड करने के तीन से चार दिन के अंदर निश्चय रूप से जमा करें। बिहार राज्य शिक्षा वित्त निगम के सहायक प्रबंधक नवादा विकास कुमार ने कहा कि समय पर शपथ पत्र जमा करना अनिवार्य है, नहीं तो उनके खिलाफ विभाग द्वारा सर्टिफिकेट केस किया जाएगा। अभ्यर्थी ऑनलाइन के जरिए अपना शपथ पत्र जमा कर सकते हैं।

### धर्मपुर मोड़ के समीप दो बाइकों की डिक्की में रहे 30 लीटर शराब के साथ दो लोग गिरफ्तार, भेजे गए जेल

**रजौली।** थाना क्षेत्र के सिरदला रोड स्थित धर्मपुर मोड़ से एसआई गौतम कुमार ने दो बाइकों में रहे कुल 30 लीटर महुआ शराब को जप्त किया।वहीं मौके से दो शराब धंधेबाजों को गिरफ्तार किया गया है।थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र को शराब मुक्त बनाने को लेकर पुलिस बलों के सहयोग से शराब निर्माण,परिवहन,सेवन,बिक्री एवं सेवन के विरुद्ध लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है।गश्त के दौरान एसआई गौतम कुमार ने होंडा एसपी शाइन संख्या बीआर25डी1654 समेत दो बाइकों की डिक्की से 3-3 लीटर के प्लास्टिक के पाउच में रहे कुल 10 पाउच बरामद किया गया।साथ ही दो शराब धंधेबाजों को भी गिरफ्तार किया गया है।गिरफ्तार धंधेबाजों में हिसुआ थाना क्षेत्र के धुरिहरा गांव निवासी ज्ञानचंद यादव के पुत्र कमलेश कुमार एवं रजौली थाना क्षेत्र के बरवा गांव निवासी कैलाश यादव के पुत्र सोनू कुमार के रूप में हुई है।थानाध्यक्ष ने बताया कि शराब के साथ जप्त बाइक होंडा शाइन एसपी संख्या बीआर25डी1654 के सत्यापन के बाद पता चला कि वह चोरी का है,जिसको लेकर पीरबहोर थाना काण्ड संख्या 118/24 में प्राथमिकी दर्ज है।थानाध्यक्ष ने कहा कि जप्त बाइकों व शराब के साथ गिरफ्तार लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर लिया गया है।साथ ही कहा कि दोनों गिरफ्तार लोगों को सोमवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

### शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**(आजमनगर)कटिहार।** जजला निमोल रोड पर वाहन चेकिंग के दौरान झोला हाथ में लेकर भाग रहे एक व्यक्ति को पुलिस के जवान द्वारा खदेर कर पकड़ा गया। पुलिस के द्वारा झोला की तलाशी ली गई,तो रॉयल स्टैग विदेशी शराब 8.250 लीटर बरामद किया गया। पूछताछ करने पर शराब तस्कर ने अपना नाम शनिचरा शर्मा 39 वर्ष पिता देवी लाल शर्मा ग्राम दौलताबाद बताया। थाना अध्यक्ष कुंदन कुमार सिंह ने बताया कि कागजी प्रक्रिया पूरी करते हुए मध्य निषेध का केस दर्ज करते हुए शराब तस्कर को न्यायिक हिरासत कटिहार भेज दिया गया।

## प्रकृतिक आपदा से अगर बचना है तो पौधारोपण करना होगा

# पर्यावरण को संतुलित करने के लिये पौधरोपण एवं संरक्षण जरूरी

निज संवाददाता। हिसुआ (नवादा)

**वृक्ष पर्यावरण एवं जीवन का अनमोल धरोहर है**



प्रकृतिक आपदा से अगर इस श्रृष्टि को बचाना है तो पौधारोपण करना अतिआवश्यक है। क्योंकि वृक्ष के बिना जीवन संभव हीं नहीं है। वर्तमान समय इसका जीता जागता उदाहरण है। पौधारोपण कार्यक्रम चला रहे पत्रकार राकेश रौशन ने यह बातें बताई। उन्होंने हरेक लोगों से आग्रह पूर्वक निवेदन किया है कि अगर अपने आने वाले पीढ़ियों से जरा सा भी सहानुभूति है तो जीवन में कम से कम दो वृक्ष आवश्य लगाएँ। वर्तमान परिवेश में जिस रफ्तार से जंगलो की कटाई कर मकान एवं सड़क का निर्माण कार्य हो रहा है, आज इसी का नतीजा है कि भूगर्भीय जलस्तर एवं पर्यावरण असंतुलित होता जा रहा है। वर्तमान समय के तापमान को मापे जाने पर कहीं 47 डिग्री तो कहीं का तापमान 50 डिग्री होता जा रहा है। इतने अधिक तापमान होने के बावजूद भी बर्षा का नहीं होना विनाश लीला की ओर साफ संकेत कर रहा है। इतने होने के बावजूद भी अगर लोग जागरूक नहीं हुए तो बहुत जल्द श्रृष्टि का विनाश होने से नहीं बचा जा सकता है। राकेश ने बताया कि मेरा मिशन पीपल, बरगद एवं नीम के पौधों को केवल लगाना हीं नहीं,बल्कि उसका सेवा एवं संरक्षण भी करना है। मैं अपने आने वाले पीढ़ियों को तड़पता नहीं देख सकता हूँ। मैं तो तमाम युवाओं से नम्रतापूर्वक निवेदन करता हूँ कि इस श्रृष्टि को बचाने में अपना योगदान जरूर दें। बदलते परिवेश में जलवायु परिवर्तन तीव्र गति से हो रही है, बर्षा का कम होना, समयानुसार बर्षा का अभाव एवं तापमान में वृद्धि से जन जीवन प्रभावित है. इसके लिये लोगों को अपनी आदतों में पर्यावरण की रक्षा को लाना होगा ताकि आपके आने वाले पीढ़ी आपको सम्मानित पूर्वक याद करे।

### सर्पदंश से महिला की मौत, छाया मातम



निज संवाददाता। नारदीगंजः( नवादा)

सर्पदंश से महिला की मौत हो गई। मृतका नारदीगंज प्रखंड के दीना बिगहा निवासी रूपलाल प्रसाद यादव की 60 वर्षीय पत्नी शोभा देवी बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही स्वजन इलाज हेतु सीएचसी नारदीगंज में दाख़िल कराया। जहां कार्यरत चिकित्सक डा0 विजय कृष्ण परमेश्वरम ने जांचोपरांत मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही स्वजन व शुभचिंतकों में शोक की लहर दौड़ पड़ी। घटना सोमवार को तकरीबन तीन बजे के आसपास में हुई। बताया जाता है कि महिला घर में साफ सफाई व धो पोंछ रही थी,इसी बीच अचानक विषधर ने उसे डंक मार दिया। इस घटना की सूचना उसने अपने स्वजन को दिया,सूचना पाते ही घर परिवार के अलावा आसपास के लोग दौड़ पड़े,लोग अचेतावस्था में देखकर इलाज के लिए सीएचसी में दाखिल कराया।जहां कार्यरत चिकित्सक ने तत्काल जांच में जुट गए,जांचोपरांत चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।इस बात की खबर पाते ही स्वजन व शुभचिंतकों में मातम छा गया, लोगों को रो रोकर बुरा हाल हो रहा है।उन सभी के करुण क्रन्दन से सीएचसी परिसर में आये लोगों की आंखे से अश्रुधारा बह रही थी। मृतका चार पुत्र व पांच पुत्री की मां थी। उसके पति खेतीबाड़ी कर परिवार का भरण पोषण कर रहे हैं।

## फुलवरिया डैम के समीप सड़क पर खड़ी लग्जरी कार में मिले 240 केन बियर, धंधेबाज गिरफ्त से बाहर

निज संवाददाता। रजौली



थाना क्षेत्र के हरदिया डैम के समीप सड़क से बीते रविवार की मध्य रात्रि उत्पाद एसआई पिन्टू कुमार के नेतृत्व में एएसआई अरबिंद कुमार एवं एएसआई पंचम लाल धीरज ने एक लग्जरी कार में रहे कुल 240 केन बियर बरामद किया।उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि बिहार मद्दनिषेध को लेकर चितरकोली स्थित समेकित जांच चौकी पर उत्पाद एसआई पिन्टू कुमार के नेतृत्व में झारखण्ड की ओर से आनेवाली प्रत्येक वाहनों की सघन जांच की जाती है।साथ ही आसपास के क्षेत्रों में भी शराब निर्माण,भंडारण,बिक्री,सेवन एवं परिवहन के विरुद्ध गश्त एवं विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं।बीते रविवार को गुप्त सूचना के आलोक में उत्पाद बलों ने फुलवरिया डैम के समीप जंगली रास्तों पर खड़ी मारुति सुजुकी जेन संख्या बीआर01एक्यू9422 की जांच किये जाने पर उसके डिक्की से किंगफिशर, गॉडफादर व हंटर कम्पनी के कुल 240 केन बियर बरामद किया गया है।लग्जरी कार में रहे बियर को लेकर जप्ती की कार्रवाई की गई है।साथ ही जप्त बियर एवं लग्जरी कार के विरुद्ध बिहार उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।वहीं उत्पाद एसआई पिन्टू कुमार ने बताया कि बीते रविवार की संध्या से लेकर सोमवार की सुबह तक कुल 14 लोगों के ब्रेथ एनालाइजर मशीन से जांच में शराब पीये हुए होने की पुष्टि हुई है।सभी शराब पीने वाले लोगों को सोमवार को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।जहां सभी शराब पीने वाले लोगों से जुर्माना राशि वसूलने के बाद उन्हें मुक्त कर दिया गया।इस मौके पर उत्पाद सिपाही,सैप बल एवं गृहरक्षक जवान मौजूद रहे।

## हर्षोल्लास व शांतिपूर्ण रूप से मनाया गया बकरीद का त्योहार

निज संवाददाता। रजौली



नगर पंचायत समेत प्रखंड क्षेत्र में सोमवार को मुस्लिम समुदाय के लोगों के द्वारा ईद-उल-अजहा यानी बकरीद का त्योहार मनाया गया।तकिया खान का शरीफ में हरेक वर्ष की भांति इस वर्ष भी बकरीद की नमाज अदा की गई।सैकड़ों की संख्या में ईस्लाम धर्म को मानने वाले मस्जिद में जमा हुए।नगर पंचायत के जामा मस्जिद ख़ानक़ाह तकिया शरीफ़ में सुबह 7 बजे सैकड़ों मुस्लिम भाईयों ने ईद-उल्-अज़हा की नमाज़ अदा की इमाम दानिश रज़ा ने क़ुर्बानी के महत्व के बारे में बताया।अबू सालेह ने कहा कि बकरे की क़ुर्बानी के साथ-साथ अपने अंदर से घमंड,ईर्ष्या व नफ़रत को त्याग दें,यही क़ुरबानी का मुख्य संदेश है।यह त्योहार पैग़म्बर इब्राहीम अलैहिस्सलाम और उनके पुत्र पैग़म्बर इस्माईल अलैहिस्सलाम की याद में मनाया जाता है| नमाज़ के बाद लोगों ने मुल्क की तरक्की, शांति,सद्भभाव की दुआ मांगी और एक-दूसरे से गले मिले। नमाज़ कुशल पूर्वक संपन्न के लिए पुलिस बल भी चौकसी करते नज़र आएं। मौक़े पर कमिटी के ताहिर ख़ान, शकील अहमद, इज़हार आलम, शाहनूर आलम, इफ़्तिख़ार आलम, सलीम सुन्नी, फ़िरोज़ आलम, वकील ख़ान, हनान ख़ान, कलीम ख़ान, मुफ़्ती मिस्बाह आदि मौजूद थे। साथ ही साथ पूरे रजौली प्रखंड में ईद उल अज़हा का त्योहार शांति एवं सद्भाव के माहौल में मनाया गया।वहीं थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने पुलिस बल के साथ मिलकर सोमवार को थाना क्षेत्र के सभी मस्जिदों का घूम-घूमकर देखा।इस दौरान उन्होंने लोगों से शांति और सद्भाव के साथ पर्व मनाने की अपील की।इस दौरान सभी छोटे-बड़े मस्जिद के समीप मजिस्ट्रेट एवं पुलिस बलों की तैनाती देखी गई।

## श्री कृष्ण महिला कॉलेज में डांस समर कैंप

निज संवाददाता। बेगूसराय







ये काफी अच्छी बात है की आज के अभिभावक अपने बच्चों को पढ़ाई के साथ साथ अन्य एक्टिविटी में भी आगे बढ़ाने में मदद कर रहे है। ख़ास कर अपनी बेटियों को कला के क्षेत्र में आगे बढ़ा रहे है। जिससे लड़कियां शिक्षा के साथ साथ नृत्य कला आदि में अपनी प्रतिभा विकसित कर रही है। ये बातें श्री कृष्ण महिला महाविद्यालय में आयोजित डांस समर कैंप समापन समारोह में मटिहानी विधायक राजकुमार सिंह और कॉपरेटिव बैंक के चैयरमेन नरेन्द्र कुमार सिंह ने कही। डांस बीट अकेडमी द्वारा गर्मी छुट्टी के दौरान बच्चों के लिए डांस समर कैम्प का आयोजन किया गया था। जिसमें बच्चों को डांस बीट अकेडमी की श्रुति वर्मा ने डांस सिखाया। इसके अलावा बच्चों को आर्ट एंड क्राफ्ट भी बताये गए। बाद में बच्चों को पिकनिक भी ले जाया गया। समर कैंप के अंतिम दिन समापन समारोह करके बच्चों को सर्टिफिकेट और मोमेंटो दिए गए। समापन समारोह का उद्घाटन मटिहानी विधायक राजकुमार सिंह, द बेगूसराय सेंट्रल कॉपरेटिव बैंक के चेयरमैन नरेन्द्र कुमार सिंह, पूर्व प्राचार्य स्वप्ना चौधरी, डॉ. रंजन चौधरी, बाइट कंप्यूटर के निदेशक संजय सिंह, अभिनेता अमिय कश्यप, वार्ड पार्षद उमेश राय, चित्रांश महिला मंच की अध्यक्ष पूनम सिन्हा, प्रदीप बिहारी, दिलीप सिन्हा, डेंटिस्ट डॉ. आशीष सुमन, डेंटिस्ट डॉ. रजनी और अकेडमी के अध्यक्ष समीर शेखर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके किया। कार्यक्रम में बच्चों एक से बढ़कर एक बॉलीवुड गानो पर डांस दिखाए। कई बच्चों ने पहली बार नृत्य का प्रदर्शन मंच पर किया था। बच्चों का नृत्य और उनकी कला देख अभिभावक और अतिथि काफ़ी खुश दिखे। मौके पर कॉपरेटिव बैंक के चैयरमेन नरेन्द्र कुमार सिंह ने उपस्थित अभिभावकों से बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए पेड़ लगाने का आग्रह किया। वहीं स्वप्ना चौधरी ने सभी प्रतिभागी बच्चों को आशीर्वाद देते हुए उनके बेहतर भविष्य की कामना की। बाइट कम्प्यूटर के निदेशक ने ऐसे कार्यक्रम लगातार करने की बात कही ताकि बच्चों को छुट्टी के समय भी कुछ सीखने का मौका मिले। इसके अलावे अन्य अतिथियों ने अपने अपने बातों से बच्चों को प्रेरित किया। कार्यक्रम में अकेडमी के अध्यक्ष समीर शेखर ने सभी अतिथियों को मोमेंटो और शॉल ओढ़ा कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को डांस सिखाने वाली अकेडमी की श्रुति वर्मा और टेक्निकल डायरेक्टर अमन वर्मा को भी अतिथियों ने मोमेंटो और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन रंग कर्म से जुड़े चर्चित एंकर दीपक सिंह ने किया। डांस समर कैंप में एसओएस के बच्चे सहित काव्या, अंजली, वीर, अम्बिका, वर्षा, आराध्या, अवंतिका, यशिका, अंशुमान, ख्याति, शिक्षा, मिसिता, सौम्या, अनन्या, मेहल, इशिका, आरोही, दृष्टि, रूबी, पायल, सूरज, आशीष, मोनू, गणेश, अश्मिता, अमृता, आन्या, आदया, अक्षय, अक्षरा व अन्य ने भाग लिया।

### कुशा की बेटी निक्की ने वूमैन कबड्डी में सफलता प्राप्त कर प्रखण्ड का नाम किया रौशन

निज संवाददाता। नरहट (नवादा)




नवादा जिले के नरहट प्रखण्ड अंतर्गत कुशा गांव की पिता सुरेश यादव एवं माता किरण यादव की बेटी निक्की ने राज्य स्तरीय वूमैन कबड्डी प्रतियोगिता में अपने टीम को जीत दिलाकर प्रखण्ड के नाम रौशन किया है। निक्की ने बताया कि बिहार स्टेट स्पोर्ट अथॉरिटी के शौजन्य से पाटलिपुत्रा स्पोर्ट कम्प्लेक्स परिसर पटना में आयोजित 10 से 16 जून तक खेल प्रतियोगिता में शामिल हुई थी। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में राज्य के विभिन्न जिलों से कुल छह टीम शामिल हुआ था। निक्की ने बताया कि 16 जून को फाइनल मुकाबला सीवान टुटन्स और सारण स्ट्राइकर्स के बीच खेला गया। कुशा की निक्की यादव सीवान टुटन्स टीम से खेल रही थीं। खेल अर्थॉरिटी द्वारा वीनर टीम को एक लाख इक्कावन हजार रुपये एवं शील्ड देकर सम्मानित किया है। अपने टीम को जीत दिलाने में निक्की यादव का सराहनीय योगदान रहा। बेटी की इस सफलता पर माता पिता काफी खुश हैं। निक्की की सफलता पर डॉ रामचन्द प्रसाद, निरंकारी मुखी विनोद गुप्ता, शिक्षक दीपक कुमार, निरंकारी सेवादल शिक्षक परमानंद कुमार, रामवृक्ष राजवंशी, हरि राजवंशी, बाल्मीकि शर्मा आदि हार्दिक शुभकामना देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### बकरीद का त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न



निज संवाददाता। नरहट (नवादा)

सोमबार को मुस्लिम समुदाय का त्योहार बकरीद प्रखण्ड क्षेत्रों में शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हो गया। बकरीद को लेकर पुलिस प्रशासन की चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था देखने को मिली। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर उमाशंकर सिंह एवं सीओ मनीष कुमार दल बल के साथ सुरक्षा व्यवस्था को लेकर छोटा जामा मस्जिद के पास मौजूद थे। थानाध्यक्ष ने बताया कि सुरक्षा को लेकर मस्जिदों के पास मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस पदाधिकारी को तैनात किया गया है। मुस्लिम भाईयों ने जामा मस्जिद में नमाज अदा करने के बाद एक दूसरे को गले मिलकर मुबारकबाद दिया। बकरीद त्योहार को लेकर मुस्लिम परिवारों में खुशी का माहौल देखने को मिला। बच्चे, युवा, बुजुर्ग सभी नए परिधानों में मस्जिद पहुचे और नमाज अदा कर एक दूसरे को बकरीद की मुबारकबाद दिया। इस मौके पर मुखिया प्रतिनिधि सत्येन्द्र सिंह, समाजसेवी शमीम उद्दीन आदि मौजूद थे।

## हथियार के साथ एक अपराधी गिरफ्तार

निज संवाददाता। बेगुसराय







चकिया थानान्तर्गत ग्राम सिमरिया-01 सिशवना गाछी में एक बड़ी आपराधिक घटना करने की योजना को पुलिस टीम के द्वारा किया विफल । 01 देशी कट्टा एवं 05 जिंदा कारतूस जप्त । 01 अपराधकर्मी गिरफ्तार। घटना का विवरणः- दिनांक 16.06.24 को चकिया थाना को दिन में एक गुप्त सूचना मिली कि सिमरिया-01 सिशवना गाछी के पास एक व्यक्ति हथियार लेकर घूम रहा है।प्राप्त सूचना को वरीय पुलिस पदाधिकारी को दिया गया तथा निर्देशानुसार चकिया थानाध्यक्ष पु०अ०नि० नीरज कुमार चौधरी, गश्ती पदाधिकारी पु०अ०नि० प्रभु नारायण सिंह एवं सशस्त्र बल चकिया थाना के द्वारा अविलंब सूचना अनुसार ग्राम सिमरिया 01 सिशवना गाछी पहुँचकर त्वरित कार्रवाई करते हुए 01 संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा गया। नाम/पता पुछने पर अपना नाम (01.) रूपेश कुमार उर्फ कन्हैया पे०-दिनेश कुमार सिंह सा०-सिमरिया थाना-चकिया जिला-बेगूसराय बताया। विधिवत तलाशी लेने पर उसके पास से 01 देशी कट्टा एवं 05 जिंदा कारतूस बरामद हुआ जिसे विधिवत जप्त करते हुए पकड़ाये अपराधकर्मी को गिरफ्तार किया गया। विधिसम्मत आवश्यक अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

**दर्ज कांडः** चकिया थाना कांड सं0-27/24 दिनांक-16.06.24 धारा-25 (1-बी) ए/26 आर्म्स एक्ट।

**बरामदगी / जप्तीः- (01.)** देशी कट्टा 01

**(02.)** जिंदा कारतूस- 05

**» गिरफ्तार अभियुक्त का नाम / पता एवं आपराधिक इतिहास :- (01)** रूपेश कुमार उर्फ कन्हैया उम्र करीब 32 वर्ष पे०-दिनेश कुमार सिंह, सा०-सिमरिया 01, वार्ड नं0-09 थाना-चकिया, जिला-बेगूसराय ।

**आपराधिक इतिहास :- (01)** बरौनी (एफ०सी०आई०) थाना कांड सं0-368/12 दिनांक-26.10.12 धारा-399/402 भा०द०वि० एवं 25(1-बी)ए/26 शस्त्र अधिनियम। **(02)** चकिया थाना कांड सं0-39/13 दिनांक-03.02.13 धारा-399/402/120 (बी) भा०द०वि० एवं 25 (1-बी) ए/26/35 शस्त्र अधिनियम । **(03)** चकिया थाना कांड सं0- 469/14 धारा-145/147/148/ 34/323/307/380/504/506 भा०द०वि० एवं 27 शस्त्र अधिनियम ।

## संक्षिप्त समाचार

### पीरपैंती के पैराडोमानिया पुल पर डायवर्सन को मंजूरी

**भागलपुर।** पीरपैंती से बाबूपुर बाखरपुर रोड में पैराडोमनिया चौक के नजदीक पुल के लिए डायवर्सन बनाने की मंजूरी पथ परिवहन विभाग ने दी है। यहां पुल जर्जर है। मंजूरी मिलने के साथ ही डायवर्सन बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। विभाग की ओर से निविदा जारी की गयी है। अगले महीने के पहले सप्ताह से डायवर्सन बनने लगेगा। 26 जून को टेंडर खुलेगा और कार्य एजेंसी चयनित हो जायेगी। डायवर्सन निर्माण पर करीब 28.91 लाख रुपये खर्च होंगे।

### महिला की मौत पर भड़के ग्रामीण, पुलिस से की धक्का-मुक्की, शराब की बोतलें व कट्टा बरामद

**मुंगेर।** मुंगेर बासुदेवपुर थाना क्षेत्र के शेरपुर में शनिवार की रात बच्चों के विवाद में दो पक्षों में मारपीट में एक महिला की मौत हो गई। 5 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। मामले में रविवार को पूरे दिन हाईवोल्टेज ड्रामा चला। ग्रामीणों व परिजनों का आरोप था कि सभी आरोपी अवैध शराब के धंधे से जुड़े थे। घर में शराब छिपाकर रखे होने की भी जानकारी पुलिस को दी। हालांकि पुलिस और उत्पाद टीम की छापेमारी में कुछ भी नहीं मिला। उग्र सैकड़ों ग्रामीणों व बच्चों ने पुलिस के सामने ही उसी जगह से खोद-खोद कर तीन दर्जन से अधिक शराब की बोतलें, एक कट्टा और दो जिंदा कारतूस निकालकर पुलिस को दिखा दिया। लोगों में पुलिस की कार्यशैली को लेकर काफी गुस्सा दिखा। आक्रोशित कुछ ग्रामीणों ने पुलिस बल के साथ धक्का-मुक्की भी की। करीब दो घंटे तक आरोपितों के घर के चारों ओर ग्रामीणों व पुलिस का सर्च ऑपरेशन चलता रहा और शराब मिलती रही। एसडीएम शैलेंद्र कुमार, बासुदेवपुर थानाध्यक्ष अजय कुमार सहित विभिन्न थानों की पुलिस दिन भर घटनास्थल पर जमी रही। वरीय पदाधिकारियों ने ग्रामीणों को समझा-बुझाकर शांत कराया। घटनास्थल पर 20 से अधिक बीएमपी और बी-सैप के जवानों को तैनात किया गया है। फिलहाल स्थिति पूरी तरह नियंत्रित है। वहीं पीड़ित परिवार को मुख्यमंत्री पारिवारिक लाभ के अंतर्गत 20 हजार रुपए, कबीर अंत्येष्टि के लिए 3 हजार रुपए दिए गए। जबकि आवास योजना का लाभ देने का आश्वासन दिया गया।

### जांच में मिले 144 फर्जी शिक्षक, तीन माह में 55 पर ही हुई कार्रवाई, 89 ड्यूटी से फरार घोषित

**भागलपुर।** जिले में सक्षमता परीक्षा के वेरिफिकेशन में 144 नियोजित शिक्षक फर्जी पाए गए थे। शिक्षा विभाग के निर्देश के अनुसार इन शिक्षकों को 15 दिन के अंदर सेवामुक्त किया जाना था। मार्च में यह आदेश निर्गत कर दिए गए थे। लेकिन तीन माह बीत बाद भी 144 शिक्षकों में से महज 55 पर ही कार्रवाई हो पाई है। जबकि 89 शिक्षक अभी ड्यूटी निभा रहे हैं। इनमें से सबसे ज्यादा शिक्षक बिहपुर प्रखंड के बताए जा रहे हैं। बता दें कि प्रदेश में 2126 ऐसे शिक्षक मिले थे,




जिन्हें निगरानी जांच में फर्जी करार दिया गया था। आरोप था कि वे फर्जी प्रमाण पत्र पर नौकरी कर रहे हैं। ये सभी साल 2015 से 2023 तक बहाल हुए शिक्षक शामिल थे। मार्च, अप्रैल, मई माह बीत जाने के बाद भी जिला विभाग फर्जी शिक्षकों पर कार्रवाई करने से परहेज कर रहा हैं। हालांकि डीईओ राजकुमार शर्मा का कहना है कि कार्रवाई के बीच चुनाव प्रक्रिया शुरू होने के चलते इस काम में विलंब हुआ है। ऐसे 114 शिक्षकों में से 55 को सेवामुक्त किया जा चुका है। जिला शिक्षा विभाग की ओर से संबंधित शिक्षकों पर कार्रवाई के लिए नियोजन इकाई को कई बार पत्र भेजा गया है। बावजूद कार्रवाई नहीं हुई। डीएम डॉ. नवल किशोर चौधरी ने भी इन शिक्षकों पर कार्रवाई के लिए नियोजन इकाई को पत्र लिखा है।

### स्मार्ट मीटर के पास से सर्विस वायर को काट रहे हैं चोर

**भागलपुर।** स्मार्ट मीटर लगने के बाद अब सर्विस वायर की चोरी के मामले सामने आ रहे हैं। चोर स्मार्ट मीटर के पास से तार को काट रहे हैं। आनंदगढ़ कॉलोनी में चोरों ने शनिवार की देर रात करीब 3 बजे कई घरों के बिजली तार काट लिये। रात में लोगों को लगा कि पूरे मोहल्ले की बिजली चली गई है। सुबह होने पर देखा कि मीटर से लेकर पोल के बीच तार ही नहीं है। । बिजली नहीं रहने के कारण लोगों को पानी का भी संकट हो गया। तार कटने से लोग भयभीत हैं। तार लगवाने के बाद उन्हें यह चिंता सता रही है कि कहीं चोर फिर न काट ले। सुनैना मणि निवास में रहने वाले शिवेश शुक्ला ने बताया कि तार चोरी होने की जानकारी उन्हें रविवार की सुबह मिली। वह मोटर चलाने



गए तो बिजली नहीं थी। बाहर निकलकर देखा तो अन्य घरों में बिजली थी। इसी दौरान उनकी नजर मीटर पर पड़ी तो देखा कि मीटर से लेकर पोल तक तार ही नहीं है। उन्होंने इसकी जानकारी मकान मालिक और बिजली कंपनी को दी। कंपनी की ओर से कोई पहल नहीं की गई। कॉलोनी में रहने वाले छात्र आरव ने बताया कि इससे पहले भी कई बार चोरों ने तार काटे हैं। कॉलोनी में पुलिस की गश्ती नहीं होती है, इस कारण चोर अक्सर घरों को निशाना बनाते हैं। लोगों ने पुलिस से मांग की है कि इस इलाके में रात में पुलिस की गश्ती बढ़ाई जाए। उधर, बिजली कंपनी के जेई आदित्य तरंग ने बताया कि तार चोरी होने की जानकारी उन्हें नहीं है। कंपनी के कर्मचारियों ने सूचना मिलने के बाद भी कोई कार्रवाई क्यों नहीं की, इसकी जांच करेंगे।
आनंदगढ़ कॉलोनी में चोरों ने कई घरों के तार काटे

### कार से 7 कार्टन, पिकअप से अंग्रेजी शराब की 77 कार्टन मिले

**मुंगेर।** बिहार में शराबबंदी के कड़े कानून के बाद भी इस धंधे से जुड़े लोग दूसरे राज्य से लगातार शराब ला रहे हैं। धंधे से जुड़े लोग पुलिस से बचने के लिए रोज नए-नए तरकीबों को अपना रहे हैं। ऐसा ही एक मामला सामने आया है, जहां इस धंधे से जुड़े लोग पुलिस से बचने के लिए नीचे शराब की कार्टन और उसके ऊपर अच्छी कंपनी की पानी की पेटी, जिसे देख कर पुलिस भी शक ना करे। नयारामनगर पुलिस ने शराब मामले में बड़ी कार्रवाई की है। थाना के अपर थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार को सूचना मिली कि झारखंड से दो वाहनों से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब लायी जा रही है। इसी सूचना पर अपर थानाध्यक्ष ने सशस्त्र बल के साथ मस्जिद मोड़ के पास वाहन चेकिंग अभियान चलाया, जहां पानी की पेटी से लदे पिकअप वाहन और ऑल्टो कार रोका, जब पुलिस ने दोनों वाहनों की तलाशी ली



तो पुलिस शराब की कार्टन को देखकर दंग रह गई। जिसके बाद पुलिस ने आल्टो पर सवार दो व्यक्ति सहित पिकअप वाहन चला रहे नाबालिग चालक को गिरफ्तार कर थाना ले आयी। पूछताछ में तीनों ने बताया कि वे सभी झारखंड से अंग्रेजी शराब का कार्टन लेकर आ रहे, जिसे लेकर बेगूसराय जिला जाना था। अपर थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार ने बताया कि सूचना मिली की झारखंड देवघर से दो वाहन में भारी मात्रा में शराब लायी जा रही है। मस्जिद मोड़ के पास वाहन चेकिंग अभियान के दौरान पिकअप मालवाहक वाहन एवं आल्टो वाहन को रोककर जब तलाशी ली गई तो पानी की बोतल के पेटी के नीचे शराब की कार्टन रखी थी। उन्होंने बताया कि अल्टो वाहन से अंग्रेजी शराब की 7 कार्टन और 10 पेटी पानी की बोतल बरामद की गई। इसके अलावा पिकअप मालवाहक वाहन से अंग्रेजी शराब की 77 कार्टन और 130 पेटी पानी की बोतल बरामद की गई। बता दें कि ऐसे तस्करों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है।

# भागलपुर में दो पक्षों में चले लाठी-डंडे, बाइक चोरी से विवाद सुलगा

**खूनी संघर्ष में 5 लोग घायल**

निज संवाददाता। भागलपुर



भागलपुर के मधुसुदनपुर थाना क्षेत्र के गनौरा बदरपुर में दो पक्षों के बीच जमकर लाठियां और तलवार चली। इस घटना में दोनों ओर से करीब 5 लोग घायल हैं। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि आपसी विवाद होने के कारण दोनों पक्ष आमने सामने हुए। इसी दौरान काली स्थान के पास दोनों गुटों में यह झड़प हुआ है। घायल धीरेंद्र मंडल ने बताया कि उनके छोटे भाई राजू मंडल की बाइक रविवार की रात में चोरी हो गई थी। मधुसुद्धनपुर थाना में इसकी शिकायत करने के बाद ये लोग अपने घर के पास बैठे हुए थे। वहीं, मोहल्ले में चोरी का मुख्य कारण पर ये लोग आपस में बात कर रहे थे। धीरेंद्र मंडल ने कहा कि मिथिला कॉलोनी के पास भूतनाथ चौंक के पास दो दुकानों में गांजा और अन्य नशीली पदार्थ बिक्री होती है। इसके कारण वहां नशेड़ियों का हमेशा जमावड़ा लगा रहता है। इसी बात से नाराज चंद्रशेखर मंडल उर्फ कौआ ने पीछे से तलवार से उनके बड़े भाई बिरेंद्र कुमार मंडल पर जानलेवा हमला कर दिया। भाई को बचाने के दौरान वह घायल हो गया। अचानक चंद्रशेखर मंडल की पत्नी और उसका भाई शैलेंद्र मंडल भी पहुंच गया। तलवार और लाठी डंडे से उन लोगों की पिटाई कर दी है। वहीं, दूसरे गुट से घायल माला देवी ने बताया कि वह घर में थी। जब चिल्लाने की आवाज सुनकर बाहर आई तो उनके पति चंद्रशेखर मंडल को जितेंद्र मंडल, बिरेंद्र मंडल, धीरेंद्र मंडल, राजू मंडल और बिरजू मंडल पीट रहा था। वहीं, जब बचाने गई तो पांचों भाइयों ने उन्हें भी पीटा है। उन्होंने कहा कि मारपीट में उनका देवर शैलेंद्र मंडल भी घायल है। घायल चंद्रशेखर मंडल ने भी पांचों भाइयों पर बेवजह गाली-गलौज करने और मारपीट करने का आरोप लगाया है।

फिलहाल सभी घायलों का नाथनगर रेफरल अस्पताल में प्राथमिक इलाज किया गया है। बता दें कि अभी कुछ महीने पहले ही मधुसुदनपुर थाना की पुलिस ने नशीले पदार्थों के बिक्री के आरोप में चंद्रशेखर मंडल को गिरफ्तार किया था। कुछ माह पहले ही वह जेल से बाहर आया है। वहीं, गनौरा बाधरपुर में इन दिनों गांजा, शराब और अन्य नशीले पदार्थों की बिक्री होने की लगातार शिकायत मिल रही है। पिछले कुछ महीनों में पुलिस ने अचानक दबिश देकर कई शराब कारोबारियों के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस ने देसी शराब और शराब बनाते उपकरण भी बरामद किए हैं| बावजूद इसके शाम होते ही इस मोहल्ले में भूतनाथ चौंक के समीप पसीटोला में नशेड़ियों का जमावड़ा लगना आम बात हो गई है। शहजंगी, नवटोलिया, बाल्टी कारखाना, मनोहरपुर, दिग्घी, नाथनगर समेत कई इलाकों से नशेड़ी यहां गांजा और अन्य नशीली पदार्थ लेने आता है| ग्रामीण इन नशेड़ियों से परेशान है लेकिन इन लोगों के भय के कारण कोई मुंह खोलने को तैयार नहीं है! फिलहाल मामले को लेकर पुलिस छानबीन में जुटी हुई है।

# पैसे के लेन-देन में प्रॉपर्टी डीलर की हुई हत्या

निज संवाददाता। भागलपुर



♦ दोस्तों ने फोन कर बुलाया, फिर 5KM दूर ले जाकर किया मर्डर

भागलपुर में शनिवार की सुबह प्रॉपर्टी डीलर का गला कटा शव मिला था। इस मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने रविवार को 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में सूरज कुमार, विकास चौधरी और दिलीप चौधरी शामिल है। हालांकि, एक आरोपी अब भी फरार है, जिसकी गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही है। सिटी एसपी राज ने बताया कि पैसे के लेन-देन में प्रॉपर्टी डीलर नीरज कुमार चौधरी(41) की हत्या की गई। गिरफ्तार आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि साथ मिलकर जमीन की खरीद-बिक्री करते थे। लेकिन, नीरज 8 लाख रुपए का गबन करने का प्रयास कर रहा था। इसी कारण उसकी हत्या की है। सिटी एसपी ने बताया कि शुक्रवार की शाम 3 दोस्तों ने नीरज को फोन कर बुलाया। इसके बाद नीरज के बाइक पर सवार होकर दिलीप और विकास चले गए। फिर 5 किलोमीटर दूर जखबाबा स्थान के पास बांध पर ले जाकर धारदार हथियार से गला रेत उसकी हत्या कर दी।

**घटना के बाद सूरज का फोन ऑफ था:** नीरज देर रात तक घर नहीं लौटा तो परिवार के लोग खोजबीन करने लगे। लेकिन, कोई पता नहीं चला। इस दौरान नीरज की पत्नी ने सूरज को कॉल भी किया, लेकिन मोबाइल बंद था। रात के 11:30 तक उसका मोबाइल ऑफ ही था। एसपी ने बताया कि धारदार हथियार, कपड़ा और अन्य सबूत मिला है। वहीं, तीनों आरोपियों ने अपना जुर्म भी कबूल कर लिया है। नीरज की पत्नी ने बताया कि सूरज की मदद से फासी टोला में 27 लाख रुपए में जमीन खरीदा। रजिस्ट्री होने के बाद 5 लाख रुपए और मांगा जा रहा था। इस पैसे के लिए विवाद था। वहीं, सिटी एसपी बताया कि स्पीड ट्रायल चलाया जाएगा।

# महिला की मौत के बाद आरोपी के घर कार्रवाई, हथियार-शराब मिले

निज संवाददाता। मुंगेर

मुंगेर अंतर्गत बासुदेवपुर थाना क्षेत्र की मोहली पंचायत के शेरपुर गांव में शनिवार की रात दो पक्षों में हुई मारपीट में एक महिला की मौक़े पर ही मौत हो गई, जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों का इलाज सदर अस्पताल में लाया गया। मृतक की पहचान शेरपुर मोहल्ला निवासी बंटी सिंह की 32 वर्षीय पत्नी पिंकी देवी के रूप में हुई। घटना के बाद परिजनों ने महिला के शव का पोस्टमार्टम कराकर शेरपुर घर ले आये और आरोपी की गिरफ्तारी की मांग करने लगे। घटना की जानकारी मिलते सदर एसडीपीओ राजेश कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी शैलेन्द्र कुमार, वासुदेवपुर थानाध्यक्ष सहित कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। ग्रामीणों और परिजनों का आरोप था कि सभी आरोपी अवैध शराब



का धंधा करते हैं और घर में अवैध हथियार के साथ शराब छिपा कर रखी है, जिसकी छापेमारी की जाए। ग्रामीणों और परिजनों के आक्रोश को देखते हुए पुलिस ने सभी आरोपी के घर के आसपास दालान के पास छापेमारी कर जमीन के नीचे रखे 36 बोतल विदेशी शराब, एक देसी कट्टा और दो जिंदा कारतूस बरामद किया। ग्रामीणों का गुस्सा शांत हुआ। मृतक महिला को दाह संस्कार के लिए गंगा घाट ले जाया गया। सदर एसडीपीओ राजेश कुमार ने बताया कि शनिवार को दो बच्चों की लड़ाई में दोनों परिजन आपस में भीड़ गए थे, जिसमे दोनों और से लाठी डंडे चले।

# 150 साल पुराना BSRTC रीजनल शाखा, बिल्डिंग पूरी तरह जर्जर, पहले स्मार्ट बस स्टैंड की है जरुरत

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर स्मार्ट सिटी में स्मार्ट बस स्टैंड नहीं है। ऐसे में स्मार्ट बस कैसे चलाई जाएगी। यहां तक की बिहार राज्य पथ परिवहन निगम का भागलपुर रीजनल कार्यालय जर्जर हालत में है। भवन अंग्रेजों के जमाने का है जो तकरीबन 150 साल पुराना है। भवन में बड़े बड़े बरगद और पीपल के पेड़ निकल चुके हैं। भवन में दरारें आ गयी हैं। बावजूद डेढ़ दर्जन कर्मचारी और रीजनल ऑफिसर भवन में कार्यरत हैं। यह तस्वीर भयावह है। बस स्टैंड की बात करें तो यहां न शेड है, न पानी पीने का इन्तजाम है। बस स्टैंड अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। यहां पीने के लिए पानी का इंतजाम नहीं है। ICICI की ओर से आरओ सिस्टम लगाया गया है, लेकिन उसके लिए समरसेबल



नहीं है। जबकि इस बस स्टैंड से प्रतिदिन लाखों रुपए की कमाई होती है। यहां से बीएसआरटीसी की बसें बेगूसराय, पूर्णिया, कटिहार, खगड़िया अररिया और अन्य जिलों के लिए बसें खुलती है।

**बुनियादी सुविधाओं का घोर अभावः** बिहार राज्य पथ परिवहन निगम भागलपुर शाखा के रीजनल मैनेजर पवन शांडिल्य ने कहा कि भवन निर्माण विभाग के डीजीएम से बात हुई थी। निरीक्षण किया गया था। भवन तो बहुत पुरानी है। बुनियादी सुविधाओं का घोर अभाव है। सब कुछ में सुधार की जरूरत है। भीषण गर्मी में पानी की घोर समस्या है। दो हैंडपंप है। दोनों सुख चुके हैं। बाहर के पानी पर निर्भर है।

**भवन में मूलभूत सुविधा भी नहीं:** बिहार राज्य पथ परिवहन निगम भागलपुर शाखा के रीजनल ऑफिस में मूलभूत सुविधा नहीं है। शौचालय जंगल में जहां महिला कर्मचारी भी जाती है। दो हैंडपंप तो जरूर है, लेकिन दोनों पूरी तरह से खराब है। बिल्डिंग की स्थिति जर्जर है। सांप समेत अन्य जंगली जानवरों से डर लगा रहता है। बिल्डिंग कभी भी हादसे का शिकार हो सकती है। समय रहते अगर एक्शन नहीं लिया गया तो यह लापरवाही कई कर्मी की जान ले सकती है।

# नमाज अदा कर सुख-समृद्धि की मांगी दुआ, एक-दूसरे से गले मिल दिया भाईचारे का संदेश

निज संवाददाता। भागलपुर

**मस्जिदों के पास सुरक्षा व्यवस्था में जवान रहे तैनात**

बकरीद के मौके पर भागलपुर के नाथनगर सीटीएस मैदान, शाह मार्केट मस्जिद, ततारपुर मौलानाचक, बरहपुरा बरारी के अलावे विभिन्न मस्जिदों और ईदगाह में नमाज अदा की गई। नमाज के बाद लोगों ने एक दूसरे के गले मिलकर बकरीद की बधाई दी। इस मौके पर मखदूम साहब के गद्दीनशीन पीर साहब ने कहा कि हम आज के इस पाक मौके पर पूरे मुल्क के सलामती अल्लाह से कर रहे हैं । सब लोग अमन से रहे एक दूसरे के अंदर कुर्बानी का जज्बा हो। हर आदमी को एक दूसरे के बारे में अच्छा सोचना होगा। जात धर्म बिरादरी से हटकर लोगों को मुल्क की तरक्की के बारे में सोचना चाहिए। जब हमारा देश तरक्की करेगा तभी हर लोगों की तरक्की होगी। आज के दिन सूफियों ने यही



संदेश दिया था कि जो बेगुनाह का कत्ल करता है वह पूरी दुनिया के इंसानियत का कत्ल करता है। जो भी गलत काम करता है अल्लाह उसी से सबसे ज्यादा नफरत करते है। किसी के मजहब को भला बुरा नहीं कहना चाहिए। हमेशा अपनी भलाई छोड़ सभी लोगों की भलाई के बारे में सोचना चाहिए । इस मौके पर सभी मस्जिदों और ईदगाह में जिला प्रशासन की तरफ से सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे।

**सुल्तानगंज में भी मनाई गई बकरीदः** सुलतानगंज में बकरीद पर्व को लेकर मुस्लिम भाइयों ने अपने-अपने नजदीकी दरगाह और मस्जिद में भी देश की सुख-शांति के लिए दुआ मांगी। दिलगौरी के ईदगाह मैदान में सुबह से ही मुस्लिम भाइयों ने ईदगाह मैदान पहुंचकर सुख शांति और अमन चैन की दुआ की। एक-दूसरे से गले मिलकर भाईचारा का संदेश दिया। थानाध्यक्ष प्रिय रंजन ने सभी मस्जिद में सुरक्षा व्यवस्था और पेट्रोलिंग पार्टी को लगाया था।

# जंगली, आदिवासी क्षेत्र के बच्चे अब नहीं रहेंगे स्कूल से वंचितः डॉ साकेत

निज संवाददाता। टेटिया बंबर

समग्र सेवा के तत्वावधान में रविवार को नक्सल प्रभावित भीम बांध में कक्षा नवमी एवं दसवीं के लिए निःशुल्क विशेष शिक्षण केन्द्र भीम बांध सह साइकिल वितरण कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान पटना के डॉ. साकेत, डॉ. रितु, डॉ. रिंकी कुमारी, डॉ एसएन झा एवं संस्था के सचिव मुकेश्वर ने संयुक्त रूप से किया। ग्रामीणों ने अतिथियों को आदिवासी परंपरा के अनुसार पुष्प गुच्छ व फुल पत्तों का मुकुट पहनाकर स्वागत किया। डॉ. साकेत ने कहा कि बहुत ही हर्ष की बात है कि समग्र सेवा दुर्गम इलाके के रूप में जंगलों के बीच किया जा रहा है। जहां आसपास 20 से 25 किलोमीटर तक कोई हाई स्कूल नहीं है। यहां कक्षा नवमी एवं दसवीं के बच्चों के लिए शिक्षा की व्यवस्था करना तथा किताब और यातायात के लिए साईकिल मुहैया कराना बहुत



ही सराहनीय और प्रेरणादायी कार्य है। वहीं डॉ. रितु ने कहा कि आज भी सुविधा के अभाव में बच्चों की शिक्षा रूक जाती है। वे आगे नहीं बढ़ पाते हैं। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित बालिकाओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। समाजसेवी सह मौलाना अबुल कलाम शिक्षा सम्मान से सम्मानित डॉ एसएन झा ने कहा कि भीम बांध के आसपास एक भी उच्च विद्यालय नहीं रहने के कारण बच्चे आठवीं से अधिक पढ़ाई नहीं कर पाते हैं। इन जरूरतों को देखते हुए कक्षा नवमी एवं दसवीं के लिए निःशुल्क शिक्षण केंद्र का उद्घाटन किया गया।

# पति-पत्नी के विवाद को लेकर 2 पक्ष भिड़े, आठ लोग जख्मी

निज संवाददाता। मुंगेर

मुंगेर के असरगंज थाना क्षेत्र की आमैया पंचायत के बैलशीरा गांव में देर शाम पति पत्नी की लड़ाई के बीच बचाव में दो पक्षों में जमकर मारपीट की घटना हुई। मारपीट में एक पक्ष के दो लोग और दूसरे पक्ष के 6 लोग जख्मी हो गए। सूचना पाकर असरगंज थाना की पुलिस एएसआई अमित कुमार ने पहुंच कर मामले की जानकारी ली और जख्मी का इलाज के लिए असरगंज प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में लाया गया। डॉ मानस श्री ने एक को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए मायागंज अस्पताल रेफर किया। बता दें कि परिवार में चचेरी गोतनी का श्राद्ध था और सब भोज के काम में शामिल थे। तभी सुनील चौधरी और उनकी पत्नी दुखनी देवी में किसी विवाद को लेकर विवाद हुआ और सुनील चौधरी अपनी पत्नी को मारने लगे। वही पत्नी भाग कर अपने गोतिया के रविंद्र चौधरी के घर चली गई। इतने में पति सुनील चौधरी ने अपने गोतिया की पत्नी को बुलाया और और फिर मारपीट करने लगे। इसी बीच, बीच बचाव में दोनों पक्ष में जमकर मारपीट करने हुई जिसमे एक पक्ष के मां और बेटा पूरी तरह जख्मी हो गए।जिसमे मां गीता देवी को मायागंज अस्पताल रेफर किया।वही दूसरा पक्ष के 6 लोग जख्मी हो गए। असरगंज थानाध्यक्ष शिव अमित प्रकाश कौशिक ने बताया कि मारपीट की घटना में सभी का इलाज असरगंज अस्पताल में कराया गया है। घटनास्थल पर पुलिस को भी जांच के लिए भेजी गई थी और दोनों पक्ष से दिए गए आवेदन के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है।

# 84 पेटी विदेशी शराब के साथ 2 गिरफ्तार, मुंगेर में पिकअप-ऑल्टो से मिली खेप, नाबालिग भी पकड़ाया

निज संवाददाता। मुंगेर

मुंगेर के नयारामनगर थाना के अपर थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार को सूचना मिली की झारखंड से दो वाहनों से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब लाई जा रही है। इसी सूचना पर अपर थानाध्यक्ष ने सशत्र बल के साथ मस्जिद मोड़ के पास वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। पानी की पेटी से लदे पिकअप वाहन और ऑल्टो कार को रोका। जब पुलिस ने दोनों वाहनों की तलाशी ली तो शराब के कार्टन मिले। ऑल्टो पर सवार दो व्यक्ति सहित पिकअप वाहन चला रहे नाबालिग को पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान तीनों ने बताया कि वे सभी झारखंड से अंग्रेजी शराब का कार्टन लेकर आ रहे जिसे लेकर




बेगूसराय जिला जाना था। अपर थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार ने बताया कि सूचना मिली की झारखंड देवघर से दो वाहन में भारी मात्रा में शराब लायी जा रही है। उन्होंने बताया कि ऑल्टो वाहन से अंग्रेजी शराब की 7 कार्टन और 10 पेटी पानी की बोतल बरामद की गयी। इसके अलावा पिकअप मालवाहक वाहन से अंग्रेजी शराब की 77 कार्टन और 130 पेटी पानी की बोतल बरामद की गयी। उन्होंने बताया कि कुल अंग्रेजी शराब 756 लीटर बरामद की गई है साथ ही 1140 बोतल पानी बरामद किया गया। अपर थानध्यक्ष ने बताया कि इस मामले में हजारीबाग़ के चौपारण के रहने वाले संतोष शर्मा एवं बोकारो के रहनेवाले सूरज प्रजापति को गिरफ्तार किया गया है। पिकअप मालवाहक नाबालिग चालक को अभिरक्षा में लिया गया गया। अपर थानाध्यक्ष ने बताया कि मुख्य धंधेबाज गौरव कुमार है जो बेगूसराय जिला का रहनेवाला है। गौरव कुमार पिकअप मालवाहक वाहन में था लेकिन वह खड़गपुर में उतर गया।उन्होंने बताया फरार चल रहे गौरव की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। मद्य निषेध अधिनियम के तहत नया रामनगर थाना में प्राथमिकी दर्ज कर ली और सभी आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### नहाने के दौरान करंट लगने से मासूम की मौत

**मानपुर**। मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत भोरे पंचायत के तपसी में रविवार अपराह्न दिल दहलाने की घटना से पूरा गांव स्तब्ध रह गया।प्राप्त जानकारी के मुताबिक सिंचाई के लिए लगे सबमर्सिबल पर स्नान करने के दौरान करंट लगने से मासूम की मौत हो गई।मृतक का पहचान रतन मांझी के बेटे विक्की मांझी 12वर्ष के रूप में हुई।बताया जाता है कि मासूम अपने तीन चार दोस्तो के साथ गांव से पश्चिम एक सबमर्सिबल मोटर पर स्नान करने गया था।ज्यों ही पानी में उतरा अचानक बिजली के चपेट में आग।जिससे तड़पने लगा।अपने साथी को तड़पता देख अन्य किशोरों ने भाग कर मामले की जानकारी मासूम के परिजनों को दी।जबतक परिजन घटना स्थल पहुंचते मासूम दम तोड़ दिया। मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया।

### फ्लैग मार्च कर असामाजिक तत्वों को दी कड़ी चेतावनी

**गया**। बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए रविवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों में गया पुलिस की ओर से फ्लैग मार्च निकाला गया। इस मार्च के माध्यम से पर्व के दौरान शांति भंग करने वाले असामाजिक तत्वों को कड़ी चेतावनी दी गई। पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए एसएसपी आशीष भारती के निर्देश पर सिटी एसपी प्रेरणा कुमार के नेतृत्व में गया शहर के सबसे व्यस्ततम इलाके में फ्लैग मार्च किया गया। इस मार्च का उद्देश्य जनता में विश्वास की भावना बढ़ाना, असामाजिक तत्वों में भय उत्पन्न करना, अपराधियों पर अंकुश लगाना और यातायात की सुचारु व्यवस्था सुनिश्चित करना था। मार्च में एएसपी नगर पीएन साहू, नगर पुलिस उपाधीक्षक-2, थानाध्यक्ष कोतवाली, रामपुर, सिविल लाइन, विष्णुपद और अन्य पुलिस पदाधिकारी व कर्मी शामिल थे।

### भूमि विवाद में महिला को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा

**बिहारशरीफ**। सरमेरा थाना अंतर्गत पुरानी इशुआ गांव में रविवार को भूमि विवाद में बदमाशों ने महिला को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। जख्मी रामजनम पासवान की पत्नी राधा देवी को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। परिवार ने बताया कि भूमि विवाद में पड़ोसी बदमाशों ने महिला को घर से खींचकर, गांव की गलियों में दौड़ा-दौड़ाकर लाठी डंडा से पीटा।

### महारानी मंदिर से घंटा की चोरी, शिकायत दर्ज

**सरमेरा**। थाना क्षेत्र के धोबा स्थान स्थित माता महारानी मंदिर में लगे चार घंटे को चोरों ने चुरा लिया। इस संबंध में मंदिर के सेवक संजय यादव ने स्थानीय थाने में लिखित आवेदन दिया है। दिये गये आवेदन में मंदिर के सेवक ने कहा कि कुछ दिन पूर्व मंदिर में रखे दान पेटी को तोड़कर चोरों ने पैसे चुरा लिया था। शनिवार की रात मंदिर में लगे घंटे को गायब कर दिया। रविवार की सुबह मंदिर पहुंचा तो देखा कि मंदिर में लगा घंटा नहीं है। थानाध्यक्ष विकास कुमार यादव ने बताया कि मंदिर के सेवक ने चोरी थाने में आवेदन दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### सर्च अभियान में पनसुआ जंगल से भारी मात्रा में डोडा बरामद



**बांकेबाजार**। बांकेबाजार बांकेबाजार थाना की पुलिस ने हुसैनगंज स्थित पनसुआ पहाड़ी की तराई में बोरे में भरकर छिपा कर रखे गए भारी मात्रा में डोडा को बरामद करने में सफलता हासिल की है। सहायक थानाध्यक्ष रामबाबू पासवान ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि हुसैनगंज के पनसुआ पहाड़ी की तराई में प्लास्टिक के बोरे में दर्जनों स्थान पर अज्ञात वस्तु भरा पड़ा है। सूचना के आलोक में एसएसपी को मामले की सूचना देकर थाना से पुलिस दल सर्च अभियान के लिए घटनास्थल पर पहुंचा। छानबीन के दौरान पहाड़ी की तराई में दर्जनों जगह पर पत्थर व झाड़ी में छिपा कर 31 बोरा में रखा गया डोडा बरामद हुआ। सीओ विक्रम सिंह की मौजूदगी में बरामद डोडा को ट्रैक्टर पर लादकर थाना लाया गया। जहां वजन करने पर बरामद डोडा 631 किलो पाया गया। मामले में अज्ञात कारोबारी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है। मौके पर सहायक थानाध्यक्ष अनिवेश कुमार, सपुअनि पवन कुमार सिंह, सोनू कुमार, रविकांत चौधरी, रवि कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

### बैरागी में असामाजिक तत्वों ने तोड़ी महात्मा गांधी की मूर्ति



**गया**। शहर के बैरागी हरिजन मंदिर के पास लगे महात्मा गांधी की मूर्ति को असामाजिक तत्वों ने क्षतिग्रस्त कर दिया है। घटना की जानकारी जब स्थानीय वार्ड पार्षद गोपाल पासवान को मिली तो वे स्थल पर पहुंचे। पार्षद ने कहा कि यह घटना निंदनीय है। पुलिस को सूचना दे दी गई है। बताया कि बापू की प्रतिमा के नाक व कान को अज्ञात लोगों ने क्षति पहुंचायी है। इस घटना के बाद से लोगों में रोष है।

### गयाजी में पर्यटन की अपार संभावनाएं : मंत्री




**गया**। गया शहर के चाणक्यपुरी कॉलोनी स्थित बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड की परिसंपत्ति होटल विष्णु विहार का उद्घाटन रविवार को सूबे के पर्यटन एवं उद्योग मंत्री सह गया जिला के प्रभारी मंत्री नीतीश मिश्रा ने फीता काटकर किया। मौके पर सूबे के लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण मंत्री नीरज कुमार सिंह बबलू, बिहार सरकार के महाधिवक्ता एवं पूर्व शिक्षा मंत्री प्रशांत कुमार शाही, विधायक सह पूर्व सहकारिता मंत्री राणा रंधीर सिंह, डीएम डॉ. त्यागराजन एसएम, पूर्व सांसद हरि मांझी, विधायक सह पूर्व मंत्री अनिल सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रेम प्रकाश चिंटू, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष धनराज शर्मा, भाजपा जिला महामंत्री अशोक कुमार सिंह, पटना उच्च न्यायालय के अधिवक्ता वीरेंद्र कुमार राय, पर्यटन विभाग के महाप्रबंधक अभिजीत कुमार, होटल के संचालक मनोज कुमार सिंह सहित अन्य उपस्थित थे। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए पर्यटन मंत्री श्री मिश्रा ने कहा कि गया की धरती ज्ञान एवं मोक्ष की धरती है। गया का गौरवशाली इतिहास रहा है। इस पावन धरती पर पर्यटन की अपार सम्भावना है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पर्यटन मंत्री ने सम्पूर्ण गया क्षेत्र में पर्यटन को अधिक से अधिक बढ़ावा देने का आश्वासन दिया। मौके पर मंत्री श्री मिश्र ने होटल विष्णु विहार का निरीक्षण करते हुए होटल में उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया एवं होटल के सौंदर्यीकरण एवं जीर्णोद्धार के लिए संचालक श्री सिंह के प्रयासों को सराहा।

# जरूरतमंदों और भूमिहीनों की मदद के लिए सरकार तैयार

## 107 भूमिहीन परिवार को दिया गया तीन-तीन डिसमिल जमीन का पर्चा

निज संवाददाता। नालंदा



बिहार की नीतीश सरकार जरूरतमंदों और भूमिहीनों की मदद के लिए कृत-संकल्पित है। सरकार द्वारा वैसे लोगों को चिह्नित कर उन्हें तीन-तीन डिसमिल जमीन मुहैया कराने का काम किया जा रहा है। यह बातें सोमवार को बिहारशरीफ प्रखंड कार्यालय में आयोजित पर्चा वितरण समारोह के दौरान बिहार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कही। उन्होंने आज बिहारशरीफ प्रखंड़ के कुल 107 भूमिहीन परिवार को तीन-तीन डिसमिल जमीन का पर्चा दिया। जमीन का पर्चा मिलने के बाद सभी के चेहरे पर मुस्कान बिखरी और सरकार द्वारा दिए गए जमीन पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि नीतीश सरकार गरीबों की मदद के लिए हमेशा काम करती रही है।

इस मौके पर मंत्री कुमार ने कहा कि जिनके पास घर नहीं है, उनके लिए जमीन मुहैया कराई गई है। वहीं मकान बनाने के लिए सरकार द्वारा 1 लाख 20 हजार रुपए भी दिया गया है। साथ ही शौचालय निर्माण के लिए 12 हजार रुपए दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि लंबे समय से जिनके पास मकान नहीं था, उनका अब अपना छत होगा। नीतीश कुमार ने जब से राज्य का बागडोर संभाला है, तब से गरीबों के हितों में काम कर रहें है। सरकार को गरीबों की चिंता है और उनके विकास के लिए हर संभव मदद करने का काम किया जा रहा है।

राज्य में कोई परिवार भूमिहीन एवं भवनहिन राज्य में वंचित नहीं रहेंगे। राज्य सरकार के खजाने पर पहला हक गरीबों और आपदा पीड़ित परिवारों का है। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी अंजन दत्ता, अंचलाधिकारी प्रभात रंजन, जदयू प्रवक्ता डॉ धनंजय कु. देव, प्रखंड अध्यक्ष संजय कुशवाहा, प्रदीप मुखिया, मुन्ना पासवान, धनंजय मुखिया, प्रमोद यादव, राजकुमार मांझी, उपेन्द्र दिलवाला, मुन्ना मांझी, बिट्टू कुशवाहा, आकाश कु. काजल, इंदू चौहान, संजीत पटेल, सोनू रविदास, रामजन्म रविदास, सतेन्द्र पासवान आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# गया में मेडिकल के छात्र की करंट लगने से मौत

निज संवाददाता। गया



गया में एक 19 साल के छात्र की अचानक मौत हो गई। फतेहपुर थाना क्षेत्र के लोधवे गांव में सोमवार की अलहे सुबह मौत हुई है। इस घटना से गांव में कोहराम मच गया है। सतेन्द्र मालाकार के बेटे साहिल कुमार(19) गर्मी की छुट्टी पर घर आया हुआ था। युवक घर में बिजली में कम वोल्टेज आने के कारण वह जनरेटर स्टार्ट कर मोटर को चालू कर रहा था। तभी अचानक घर में हुए शॉर्ट सर्किट के संपर्क में युवक आ गया। इसके बाद घायल युवक को स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। वहीं, घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। पूरा गांव मातम में तब्दील हो गया है। इस घटना के बाद मृतक के पिता सतेंद्र मालाकार अपने बड़े बेटे की मौत की घटना के बाद बेहोश हो गए है। पूरे परिवार में मातम छा गया है। युवक दो भाई था, जिसमें ये कोटा में रहकर मेडिकल का पढ़ाई करता था। अपने पिता के सपनों को साकार करने के लिए वो डॉक्टर बनना चाहता था। इस घटना के संबंध में स्थानीय ग्रामीण अनुज कुमार राजवंसी ने बताया कि रविवार अचानक तेज हवा चलने के कारण बिजली का तार गिरा गया था। इसके बाद ग्रामीणों ने बिजली विभाग को फोन किया तो काफी देर के बाद बिजली विभाग के कर्मचारी पहुंचे। बिजली के तार को ठीक किया। इसके बाद गलत तरीके से तार जोड़ दिया गया था। इसके बाद सभी ग्रामीण एक बैठक कर और चंदा करके बिजली को ठीक कराया जाए। अचानक ये हादसा हो गया कि लाइन काटो लाइन काटो उसमें एक युवक की मौत भी हो गई है। वहीं, स्थानीय ग्रामीण ने बिजली विभाग की लापरवाही के कारण युवक की मौत का आरोप लगाया है।

# गया में मुस्लिम समाज के लोगों ने नमाज अदा किया

निज संवाददाता। गया

प्रदेश में ईद-उल-जुहा(बकरीद) का पर्व हर्षोउल्लास के साथ मनाया जा रहा है। गया में भी मुस्लिम समुदाय इस पर्व को धूमधाम से मना रहे हैं। गया शहर के ऐतिहासिक गांधी मैदान के हरिहर सुब्रमण्यम स्टेडियम में बकरीद के मौके पर नमाज अदा कार्यक्रम का आयोजन किया गया था।

मुस्लिम समाज के लोगों ने नमाज अदा किया। वहीं, नमाज अदा करने के लिए सैकड़ों की संख्या में लोग पहुंचे। बकरीद का नमाज काफी उत्साह व श्रद्धा के साथ अदा की गई। नमाज अदा के बाद लोगो ने एक दूसरे से गला मिलकर बधाई दी। वंहीं, इस मौके पर आए लोगो ने कहा कि हम अल्लहा ताला से दुआ करते है कि देश मे खुशहाली रहे और देश मे अमन चैन और भाईचारे कायम रहे।

**सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया गया था**: बकरीद का नमाज अदा के लिए सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया गया था।

वरीय पुलिस अधीक्षक आशीष भारती सहित कई अधिकारी के द्वारा शहरी क्षेत्रों में भ्रमण करते हुए सुरक्षा व्यवस्था और विधि व्यवस्था की स्थिति का समीक्षा करते रहे।इस दौरान उन्होंने गयावासियो को ईद-उल-जुहा की मुबारकबाद दी । वंही ईद-उल-जुहा(बकरीद) को लेकर शहर के विभिन्न स्थानों पर अलग अलग नमाज अदा की गई और सुबह 5:30 से 10 बजे तक 34 स्थानों पर बकरीद पर्व की नमाज को अदा किया गया है और देश ,प्रदेश सहित जिले वाशियो के लिए दुआ किया गया।

# अगरबत्ती कारखाने में व्यक्ति की मिली लाश, 2 दिन बाद फैक्ट्री की होने वाली थी शुरुआत

निज संवाददाता। नालंदा



नालंदा में सोमवार की सुबह सन्दिग्ध स्थिति में एक अधेड़ की मौत हो गई। मामला एकंगरसराय थाना क्षेत्र अंतर्गत गड़ेरिया बीघा गांव का है। मृतक की पहचान एकंगरसराय थाना क्षेत्र के खरजम्मा गांव निवासी स्व. सर्वि सिंह के (58) वर्षीय पुत्र विजेंद्र प्रसाद के रूप में की गई है। मृतक के बेटे जयप्रकाश ने बताया पिता गड़ेरिया बीघा गांव निवासी ओम प्रकाश की पत्नी संजू देवी के साथ गड़ेरिया बिगहा गांव में हर्बल मच्छर अगरबत्ती का उद्योग लगाए थे। संजू देवी की जमीन थी जबकि उसके पिता ने फैक्ट्री लगाने में अपना पैसा इन्वेस्टमेंट किया था। काम के सिलसिले में पिता बीती रात निर्माणाधीन फैक्ट्री में ही रुक गए थे। सोमवार की सुबह संजू देवी ने फोन कर बताया कि पिता की मौत हो चुकी है। सूचना मिलने के उपरांत फैक्ट्री पहुंचे। शव जमीन पर पड़ा हुआ था। मौके पर कोई भी व्यक्ति मौजूद नहीं था। ना ही सूचना देने वाली संजू देवी ही थी। पुलिस को जानकारी दी।

**अगरबत्ती बनाने वाली मशीन भी आ गई थी**: जयप्रकाश ने कहा कि उसे संदेह है कि उसके पिता की हत्या कर दी गई है। अगले दो दिनों के बाद मच्छर के अगरबत्ती बनाने की फैक्ट्री शुरू होने वाली थी। इसके लिए सारी जरूरी कागजातों को पूरा कर लिया गया था। गुजरात से अगरबत्ती बनाने की मशीन भी पहुंच चुकी थी। निष्पक्ष रूप से पुलिस जांच होने के उपरांत मामले का खुलासा हो सकेगा। विजेंद्र प्रसाद की एकंगरसराय बाजार में आयुर्वेद की दुकान है और वह पेशे से वैध थे।

♦ बेटे ने जताई हत्या की आशंका

**हार्ट अटैक से मौत हो सकती है**: एकंगरसराय थाना अध्यक्ष अखिलेश कुमार झा ने बताया कि मौत की सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा। आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। प्रथम दृष्टिया जांच में यह बात सामने आई कि चाय पीने के बाद अचानक उनकी मौत हो गई। आशंका व्यक्त की जा रही है कि हार्ट अटैक से मौत हुई है।

# मध्य रात्रि से बालू खनन पर रोक का जारी हुआ आदेश

निज संवाददाता। गया



मोहनपुर थाना क्षेत्र के धनीचक के पास एक बालू लदा ट्रक पलट गया। इस हादसे में ट्रक पर सवार एक मजदूर की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। इसमें दूसरा मजदूर गंभीर रुप से जख्मी हुआ है, जिसे स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतक की पहचान डोभी प्रखंड के चंदा निवासी जानकी मंडल के पुत्र संतोष मंडल के रूप में हुई है। वहीं घायल मजदूर डोभी का रहने वाला अशोक मांझी है। घटना शनिवार की रात करीब 11 बजे की बतायी गई है। बताया गया कि मोहनुपर स्थित बालू घाट से बालू उठाव कर एक ट्रक तेज रफ्तार में जा रहा था। इसी बीच धनीचक के पास तेज रफ्तार के कारण ट्रक पलट गया। ट्रक पर बैठे मजदूरों में संतोष मंडल की दबकर मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दी। वहीं घायल अशोक मांझी को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। बताते चलें कि शनिवार की दोपहर इसी घाट पर बालू लोड करने एक ट्रक जा रहा था। तेज रफ्तार के कारण ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसा इतनी जबर्दस्त था कि ट्रक के परखच्चे उड़ गए थे। हालांकि ट्रक पर सवार लोग सभी बाल-बाल बच गए थे। मानसून अवधि में 15 जून की मध्य रात्रि से 15 अक्टूबर तक गया जिला के सभी बालू घाटों से खनन पर रोक लगा दी गई है। इस आदेश के बाद बालू माफियाओं में हड़कंप मच गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 15 जून की मध्य रात्रि के पहले तक जिले में सक्रिय खनन माफिया जल्दी-जल्दी बालू का उठाव कर गंतव्य तक पहुंचाने में लगे थे। इसी के मद्देनजर मोहनपुर स्थित बालू घाट से भी माफिया बालू का उठाव कर जल्दी-जल्दी गंतव्य तक पहुंचाने में लगे थे। इसी जल्दी-जल्दी में रात 11 बजे घाट से बालू उठाव कर तेज रफ्तार में गंतव्य तक जाने के दौरान धनीचक के पास ट्रक पलट गया।

# नवविवाहिता की मौत मामले में पति सहित 5 आरोपित

निज संवाददाता। नालंदा



♦ मायके वालों का आरोप, सोने की चेन न देने पर ससुराल वालों ने पीट-पीटकर मार डाला

नालंदा में गुरुवार को नगरनौसा थाना के सदु विगहा गांव में एक नवविवाहिता की सन्दिग्ध स्थिति में मौत हो गई थी। मृतका सदु विगहा गांव निवासी नीतीश कुमार की (20) वर्षीया पत्नी मुस्कान कुमारी थी। इस मामले में मायके वालों ने दहेज हत्या का आरोप लगाकर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। नगरनौसा थाना अध्यक्ष शैलेश कुमार झा ने बताया कि मुस्कान कुमारी की मां चण्डी थाना क्षेत्र के भेड़िया गांव निवासी मिंटू देवी ने दामाद नीतीश कुमार समेत पांच लोगों को आरोपित कर दहेज हत्या का आरोप लगाया है। जिसमें यह बताया गया है कि शादी के बाद से अक्सर सोने की चेन की मांग ससुराली परिवार करते थे। नहीं देने पर पीट-पीट कर मुस्कान की हत्या कर दी गई है। प्राथमिकी दर्ज कर आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी में जुट गई है। ससुराल का सभी सदस्य घर छोड़ फरार है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा। परिजन ने बताया कि साल भर पूर्व चण्डी थाना क्षेत्र के भेड़िया गांव निवासी देवेंद्र यादव ने अपनी पुत्री मुस्कान कुमारी की शादी नगरनौसा थाना क्षेत्र के सद्दू बीघा गांव निवासी नीतीश कुमार के साथ की थी। उस वक्त भी हैसियत के हिसाब से सारा सामान और रुपया दिया गया था। कुछ दिनों तक वैवाहिक जीवन ठीक-ठाक चला। इसके बाद ससुराल वाले पैसे और सोने की चेन की डिमांड करने लगे।

# डीएसपी ने फर्जी रिपोर्ट सौंपी, दूसरे का खतियान दिखा किया गुमराह : मेयर

निज संवाददाता। गया

गया के मेयर विरेंद्र कुमार उर्फ गणेश पासवान के जाति का मामला अभी गरमाया हुआ है। बीते बुधवार को बोधगया पूर्व विधायक श्यामदेव पासवान में प्रेस वार्ता किया था, जिसमें सामान्य प्रशासन विभाग का एक जांच रिपोर्ट सौंपा था। रिपोर्ट में मेयर गणेश पासवान के 'दुसाध' जाति के होने के दावे को खारिज किया गया था। जिसके प्रतिक्रिया में रविवार को मेयर विरेंद्र कुमार ने भी एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया, जिसमें उन्होंने पूरे जांच को ही फर्जी बताया। वार्ता में सशक्त स्थायी समिति के सदस्य मोहन श्रीवास्तव भी मौजूद रहे। मेयर वीरेंद्र कुमार ने बताया कि सामान्य प्रशासन विभाग ने सीआईडी, पटना के कमजोर वर्ग के आईजी को जांच का निर्देश दिया था। जांच के लिए जो टीम बनाई गई थी, उसका नेतृत्व सिटी डीएसपी पारस नाथ साहू कर रहे थें। साथ में डेल्हा थाना की दो पुलिस थी। डीएसपी ने जो रिपोर्ट सौंपी है, उसमें बड़ा धोखा किया गया है। दूसरे के खतियान को मेरे (मेयर विरेंद्र कुमार) नाम से जोड़कर रिपोर्ट तैयार किया गया है। सभी वरीय अधिकारी को गुमराह किया गया।

मेयर ने डीएसपी पर कठोर कार्रवाई की मांग की है। पहली जांच में कई बार मेरी जाति सही पाई गई है मेयर वीरेंद्र पासवान ने कहा कि वर्ष 2010 में वार्ड पार्षद के चुनाव में भंटा पासवान की बहन भी चुनाव लड़ी थी लेकिन हार गई थी। इस हार के बाद भंटा पासवान ने कई जगह झूठी शिकायत दर्ज कराते रहे। पूर्व पार्षद किशोर पासवान के द्वारा भी मेयर वीरेंद्र कुमार उर्फ गणेश पासवान के जाति को लेकर सवाल उठाया गया, जिसकी जांच पूर्व में हो चुकी है।

# नमाज के बाद अगले तीन दिन तक कुर्बानी, अल्लाह की ईबादत के बाद लोग एक-दूसरे के मिले गले

निज संवाददाता। नालंदा

## मस्जिदों में मजिस्ट्रेट और पुलिस बल की तैनाती



नालंदा में सोमवार को पूरे हर्सोल्लास के साथ ईद उल अजहा (बकरीद) का त्योहार मनाया जा रहा है। बकरीद की नमाज अदा करने के लिए सुबह से ही बड़ी दरगाह, पक्की तालाब, खानकाह, शेरपुर मोहल्ला, कोहना सराय, बैगनाबाद, छज्जू मोहल्ला, सोहसराय, भैसासुर, गढ़पर, काशी तकिया समेत जिले भर के ईदगाह और मस्जिदों में ईद उल अजहा की नमाज अदा की गई। ईद उल अजहा की नमाज अदा करने के बाद एक-दूसरे को गले लगा कर लोगों ने मुबारकबाद दी। नमाज के बाद ईद की खुशियां बांटी गईं। बकरीद ईद के 70 दिनों के बाद मनाया जाता है। जबकि मोहर्रम बकरीद के ठीक एक माह बाद मनाया जाता है। बकरीद की नमाज अदा करने के बाद लोगों ने कुर्बानी की रस्म अदा की, कुर्बानी का यह रस्म अगले तीन दिनों तक जारी रहेगा।

**अल्लाह को प्यारी है कुर्बानी**: ईद उल अजहा बकरीद के मद्देनजर जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन हर जगह पर मुस्तैद है। जिले के सभी मस्जिदों और ईदगाहों के पास पर्याप्त संख्या में मजिस्ट्रेट और पुलिस बलों के जवानों को तैनात किया गया है। मखदूम साहब के गद्दीनशीन पीर साहब ने कहा कि अल्लाह को प्यारी है कुर्बानी, हर मामले में भी। मुल्क बचाना है तो कुर्बानी देना पड़ेगा अपने आप को बचाना है तो कुर्बानी देना पड़ेगा। कुर्बानी की बहुत ही अहमियत है। हमारे सिपाही जो बॉर्डर पर जंग लड़ रहे हैं वो अगर कुर्बानी नहीं दें तो लोग सलामत नहीं रह सकते हैं। उनके कुर्बानियों के बदौलत ही मुल्क सलामत होता है। यह हर मुल्क की कहानी है। किसी परेशान व्यक्ति को देखिए तो उसकी मदद कीजिए इसे मालिक कुर्बानी कहते हैं।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani.com | ई-पेपर sonvarshavani.com/epaper



## संक्षिप्त समाचार

### समाजसेवी आम आदमी व पशुओं को पीला रहे पानी

**आरा।** भीषण गर्मी से बचाव के लिए लल्लू साह ऐंड संस ज्वेलर्स, साड़ी वाला ने जेल रोड़ में आम आदमी व आवारा पशुओं के लिए मीठा व पिने की पानी की व्यवस्था की है। समाजसेवी सह पशु प्रेमी दीपक कुमार अकेला ने कहा कि इस भीषण गर्मी में राहगीर ही नहीं बल्कि गाय, पशु -पक्षी व जानवर तक बेहाल और परेशान नजर आ रहे हैं। जेल रोड आरा मे राहगीर एवं आवारा पशुओं को पानी पिने की काफी दिक्कत हो रही थी। उनकी इस समस्या को देखते हुए आम आदमियों के लिए पनशाल के साथ-साथ जानवरों को भी बाल्टी से पानी पिलाया जा रहा है। पशु हमारे अभिन्न मित्र हैं, इन्हीं पर हमारा जीवन निर्भर है। ये ना ही हमारी शिकायत करते हैं और ना ही हमारी बुराई। गाय एक ऐसी माता है जो हमें जीवनभर दूध पिलाती है।

### अज्ञात व्यक्ति का शव मिला,जांच में जुटी पुलिस

**आरा।** टाउन थाना क्षेत्र के गांगी पुल के नीचे से अज्ञात व्यक्ति का शव मिला। आसपास के लोगों ने शव मिलने की सूचना पुलिस को दिया। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज मृतक की पहचान कराने में जुट गई है। टाउन थानाध्यक्ष देवराज राय ने बताया की गांगी मुहल्ला के लोगों ने सूचना दिया की पुल के नीचे एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा है। सूचना मिलने के बाद पुलिस घटना स्थल पर जाकर शव को आसपास के लोगों के द्वारा पहचान कराने का काफी प्रयास किया गया। लेकिन पहचान नही हो सका। प्रथम दृष्ट्या लू लगने से व्यक्ति की मौत होना प्रतीत होता है। पुलिस घटना की जांच तथा शव की पहचान कराने मे जुट गई है। शव का पोस्टमार्टम करा कर पहचान के लिए सदर अस्पताल में रखा गया है।

### 125 लीटर शराब के साथ आरोपी किया गया गिरफ्तार

**कोईलवर।** गीधा पुलिस ने नेशनल हाइवे पर कायमनगर अंडरपास के समीप स्कूटी से लेकर जा रहे एक शराब धंधेबाज को 125 लीटर महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया है। प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने धंधेबाज को जेल भेजा। इस बाबत गीधा थानाध्यक्ष प्रिया शोला ने बताया कि स्कूटी से शराब लेकर जाने की गुप्त सूचना मिली। सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुये 125 लीटर महुआ शराब के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया है। उनके पास से एक स्कूटी बाइक भी जब्त किया गया है। पुलिस ने कारोबारी को खदेड़ कर हिरासत में लिया। तलाशी लिए जाने पर कुल 125 लीटर महुआ शराब व स्कूटी जब्त किया गया तथा धंधेबाज को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार धंधेबाज सोनू कुमार है जो सारण जिला क्षेत्र के डोरीगंज टोला का रहने वाला है।

### ट्रेड लाइसेंस के बिना चल रही हैं दुकानें

**डुमरांव।** डुमरांव नप क्षेत्र में अधिकांश दुकानें बिना ट्रेड लाइसेंस के ही धड़ल्ले से संचालित हो रहे है। नगर परिषद के पास इसको लेकर कोई नीति ही नहीं है। इसका परिणाम है कि लाखों रुपए के राजस्व का नुकसान हो रहा है। कार्रवाई नहीं होने से व्यापारी भी मनमर्जी तरीके से व्यापार कर रहे हैं। नगरपालिका अधिनियम 2007 की धारा 342 के तहत नगर परिषद क्षेत्र में व्यवसाय करने के लिए ट्रेड लाइसेंस लेना अनिवार्य है। बिना ट्रेड लाइसेंस लिए किसी भी परिसर को गैर आवासीय प्रयोग के लिए उपयोग करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। लेकिन जिम्मेदारों की लापरवाही से आवासीय क्षेत्रों का धड़ल्ले से व्यावसायिक प्रयोग किया जा रहा है। नगर परिषद क्षेत्र में छोटे-बड़े दुकानों की संख्या पांच हजार से अधिक है। अधिकांश के पास ट्रेड लाइसेंस तक नहीं है। जिससे लाखों रुपया का प्रति साल राजस्व की क्षति हो रही है। मिली जानकारी के मुताबिक करीब तीन से चार दुकानदारों के पास ट्रेड लाइसेंस है। बताया गया कि ट्रेड लाइसेंस को 3 हिस्सों में बांटा गया है। इसमें 5 लाख रुपए तक के व्यापार करने वालों को 1500 रुपए, 5-8 लाख रुपए तक के व्यापारी को 2 हजार रुपए व 8 लाख रुपए से ऊपर के व्यवसायी को 2500 रुपए प्रतिवर्ष ट्रेड लाइसेंस देना है।

### कट्टा के साथ एक को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**गड़हनी।** थाना क्षेत्र के बराप टोला से एक देशी कट्टा और एक गोली के साथ एक ब्यक्ति को गड़हनी पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।गिरफ्तार व्यक्ति जिला मुजफ्फरपुर थाना बरुराज अंतर्गत मानपुरा गाँव निवासी स्व० शिवजी शर्मा के पुत्र अंकित कुमार जा रहे है। अभियुक्त वर्तमान में गड़हनी थाना क्षेत्र के बराप टोला में बीते कई बर्षो से रह रहा हैं। एक नाच पार्टी में काम करता था। थानाध्यक्ष रणवीर कुमार ने बताया कि अभियुक्त नाच पार्टी के सदस्य बताया जा रहा हैं,गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की गई, छापेमारी के दौरान उसके पास से एक देसी कट्टा और एक गोली के साथ गिरफ़्तार कर जेल भेज दिया गया है।उसके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर अग्रिम कारवाई की जा रही ।

### गंगा जल साक्षात ब्रह्म द्रव है : आचार्य भारतभूषण

**आरा।** गंगा दशहरा पर श्रीसनातन शक्तिपीठ संस्थानम व सनातन-सुरसरि सेवा न्यास द्वारा फ्रेंड्स कॉलोनी में संगोष्ठी समेत कई कार्यक्रम हुए। अध्यक्षता आचार्य भारतभूषण जी महाराज ने की। कार्यक्रम के शुरू में पंचदेव पूजन व भुवन पावनी भगवती गंगा की आराधना की गई। डॉ सत्यनारायण उपाध्याय ने कहा कि ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की हस्त नक्षत्र युक्त दशमी तिथि को गंगा दशहरा का योग होता है। इस योग में गंगा-स्नान या गंगा का स्मरण-पूजन आदि दस पापों का हरण करने वाला होता है। डॉ उपाध्याय ने मैथिल कोकिल विद्यापति की गंगा भक्ति का वर्णन करते हुए कहा कि वे श्रृंगार के शिखर से भक्ति के सागर में उतर कर गोते लगाते थे। आचार्य डॉ भारतभूषण जी महाराज ने कहा कि गंगा जल साक्षात ब्रह्म द्रव है। स्वयं श्रीमन् नारायण ही गंगा के रूप में प्रकट होकर हम सभी के लौकिक-पारलौकिक भोग-मोक्ष को प्रदान करते हैं और प्राणियों को कृतार्थ करते हैं। पांच ज्ञानेंद्रियों और पांच कर्मेंद्रियां द्वारा असावधानी या अनजान में हो गये पापों का हरण दशहरा तिथि करती है।

### बीट द हीट कार्यक्रम में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा



**आरा।** बीट द हीट, 22 दिवसीय समर कैम्प का समापन नागरी प्रचारिणी सभागार में डांस इस लाइफ व आर्ट एंड स्टडी सेंटर द्वारा हुआ। बीट द हीट, कार्यक्रम में नृत्य, गायन, चित्र कला, मार्शल आर्ट सेल्फ डिफेंस, तैराकी समेत कई विधाओं में प्रशिक्षित 200 बच्चों को पुरस्कृत किया गया। बच्चों ने गणेश वंदना, फादर्स डे सांग, इंडियन स्टाइल में लड़कियों के ग्रुप डांस, फेरो न नजर से नजरिया, अहाना ऐंड ग्रुप डांस, डू एट डांस, बुद्धू सा मन, मैया तेरी, जय-जय कारा, समेत कई गानों को बच्चो ने नृत्य व संगीत के माध्यम से प्रसूत किया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला शिक्षा पदाधिकारी अहसन, डॉ आदित्य बिजय जैन, भाई बरमेश्वर, डॉ अमित सिंह, डॉ. मनीषा सिंह, प्रधानाध्यापिका कंचन कामिनी, शशिकला दीक्षित व मधुलिका सिन्हा ने किया। जिला शिक्षा पदाधिकारी अहसन ने कहा कि समर कैम्प आज के व्यस्त जिन्दगी में अनिवार्य हो गया है, बच्चे अपनी छुटियों का उपयोग और अपनी प्रतिभा का निखार समर कैम्प में करते है। उम्मीद है कि आशुतोष दीक्षित के मार्गदर्शन एवं उनके सहयोगी के निर्देशन में जो सीखा है उसका आगे भी वह बेहतरीन प्रदर्शन करते रहेंगे। डॉ आदित्य बिजय जैन ने कहा कि यहां बच्चों की प्रतिभा को देखकर यह नहीं लगता कि यह सब इन्होने सिर्फ 22 दिनों में सीखा है। यह बच्चे राज्य स्तरीय व राष्ट्रीय स्टार की प्रतियोगिता में भी अपनी पहचान बना सकते है। अध्यक्षता वामिका कौशल, अतिथि का स्वागत संस्था के निदेशक आशुतोष दीक्षित व मंच संचालन आद्रिका कौशल ने किया। मौके पर संस्था के सलाहकार कौशल कुमार, संगीता जैन, आनंद वात्सायन समेत कई लोग उपस्थित थे।

# बकाया के लिए काला बिल्ला लगा प्रदर्शन करेंगे मजदूर

निज संवाददाता। बक्सर



हाड़तोड़ मेहनत कर शहर की सफाई करने वाले मजदूरों को समय पर मानदेय नहीं मिलने और बकाया भुगतान को लेकर मामला तूल पकड़ने लगा है। रविवार को सुबह सात बजे किला मैदान स्थित रामलीला मंच पर सफाई मजदूरों की बैठक हुई। मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता इंद्रजीत चौबे, कांग्रेस व्यावसायिक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष राम नारायण तथा नगर परिषद मजदूर संघ के सचिव गणेश प्रसाद उपस्थित थे। बैठक में मजदूरों एवं ई रिक्शा के महिला चालकों की विभिन्न समस्याओं पर गहन मंथन किया गया। मंथन में यह बात निकलकर सामने आई कि मजदूरों और इस रिक्शा के महिला चालकों का वेतनमान समय पर नहीं दिया जाता है। वहीं कई मजदूरों और ई रिक्शा चालकों का 6 माह तक का वेतन नहीं मिला है तथा उनकी हाजिरी भी मनमाने ढंग से काटा जा रहा है। साथ ही इन मजदूरों के साथ अमानवीय व्यवहार भी किया जा रहा है। मौके पर मौजूद सभी सफाई मजदूर व महिला ई रिक्शा चालकों ने सर्वसम्मति से इंद्रजीत चौबे को अध्यक्ष के रूप में चुना। कांग्रेस व्यवसायी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष राम नारायण ने कहा कि शास्त्रों के अनुसार मजदूरों का पसीना सूखने से पहले उनकी मजदूरी उनके हाथ में मिल जानी चाहिए, लेकिन कमिशन के बंदरबांट के कारण 6 महीने तक मजदूरों का मानदेय रोकना सरासर अमानवीय कृत्य है।

यह मानव अधिकारों एवं श्रम कानूनों का उल्लंघन है। सफाई मजदूरों द्वारा चुने गए अध्यक्ष इंद्रजीत चौबे ने कहा कि नगर परिषद मनमानी रवैया अपना रहा है और तानाशाह हो गया है। इसके लिए हमलोग अब कमर कस कर आंदोलन को तैयार हैं। मौके पर निर्णय लिया गया कि कल यानी सोमवार को इस मामले में नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपा जायेगा तथा मजदूर मंगलवार को काला बिल्ला लगाकर नगर परिषद के मुख्य द्वार पर रोषपूर्ण प्रदर्शन करेंगे। बैठक में इंद्रजीत चौबे, राम नारायण, गणेश प्रसाद के अलावा सफाई मजदूर संतु कुमार, भोला कुमार, लखन कुमार, मनोज राम, मंझली देवी, क्रांति देवी, दीपक कुमार, प्रदीप कुमार, बजरंगी कुमार, बादल कुमार, मंजू देवी, उर्मिला देवी, सीमा देवी, आबिदा, पिंकी, रिंकी, धर्मशीला समेत अन्य सफाई कर्मी मौजूद थे।

# लू लगने से पशु विक्रेता की मौत, मवेशी खरीदने गए थे

## कड़ी धूप में बेहोश होने के बाद गई जान



निज संवाददाता। आरा

भोजपुर जिले के गड़हनी थाना क्षेत्र के पहरपुर गांव स्थित स्कूल के समीप सड़क किनारे लू-लगने से एक पशु विक्रेता की मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी मची रही। जानकारी के अनुसार मृतक पवना थाना क्षेत्र के पवना गांव निवासी स्व. वीरा नट के 54 वर्षीय पुत्र शिव भजन नट है। पेशे से पशु खरीद-बिक्री का काम करते थे। इधर मृतक के बेटे धर्मेंद्र नट ने बताया कि वह पशु खरीदने के लिए पहरपुर गांव गए थे। उसी दरमियान पहरपुर गांव स्थित स्कूल के समीप सड़क किनारे अचानक लू लगने से वे गिर पड़े। जिससे उनकी मौत हो गई। इसके बाद वहां के स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना गड़हनी थाना पुलिस को दी गई। सूचना पाकर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। इसके बाद उसने इसकी सूचना पवना थाना पुलिस को दी। जिसके बाद पवना थाना पुलिस ने सूचना मृतक के परिजनों को दी।

**पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का इंतजार:** मृतक के परिजन पहरपुर गांव पहुंचे। जिसके बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमॉर्टम सदर अस्पताल में करवाया। उधर पुलिस की समीक्षा रिपोर्ट के अनुसार मृतक अधेड़ व्यक्ति की मौत लूगने से प्रतीत हो रहा है। हालांकि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण पूरी तरह स्पष्ट हो पाएगा। मृतक के परिवार में पत्नी गीता देवी और एक पुत्र धर्मेंद्र नट है।

# शिव मंदिर तालाब में डूबने से किशोरी की मौत

निज संवाददाता। बक्सर

♦ बक्सर में सहेलियों के साथ नहाने गई थी, अचानक गहरे पानी में जाने से डूबी



बक्सर के महरौरा शिव मंदिर स्थित तालाब में एक किशोरी की डूबने से मौत हो गई। स्थानीय गोताखोरों ने आसपास के लोगों द्वारा हल्ला करने पर आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद किशोरी को तालाब से बरामद किया। उसे आनन-फानन में अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने मृत होने की पुष्टि कर दी। घटना डुमरांव थाना क्षेत्र की है। बताया गया कि महरौरा गांव के निवासी दीनू राय की 15 वर्षीय बेटी सोनी कुमारी अपनी कुछ अपनी सहेलियों के साथ शिव मंदिर स्थित तालाब में स्नान करने गई थी। खेलने के दौरान अचानक गहरे पानी में चले जाने से वह डूबने लगी। पहले सहेलियों ने बचाने का प्रयास किया, लेकिन जब वह पानी के अंदर डूब गई तो हल्ला कर आसपास के लोगों ने जानकारी दी। स्थानीय लोगों ने काफी मशक्कत के बाद पानी से निकाल तो लिया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना के बाद से ही किशोरी की मां की हालत रो रोकर खराब है। घटना के बाद सूचना पर डुमरांव थाना की पुलिस मौके पर पहुंच गई। थानाध्यक्ष शंभू कुमार भगत ने कहा कि किशोरी के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज पुलिस इसमें आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

# कोइलवर थाने में शांति समिति की बैठक

निज संवाददाता। कोईलवर



ईद उल अजहा (बकरीद) के मद्देनजर रविवार को कोइलवर थाने में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता थानाध्यक्ष नरोतम चंद्र ने किया। बैठक में स्थानीय नेताओं, विभिन्न समुदायों के प्रतिनिधियों और पुलिस अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक का उद्देश्य क्षेत्र में बकरीद पर्व में शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण उत्सव सुनिश्चित करना था। पुलिस अधिकारियों ने कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त बल की तैनाती का आश्वासन दिया और लोगों से शांति और सौहार्द बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की।

बैठक में सांप्रदायिक सौहार्द और भाई-चारे के महत्व पर भी जोर दिया गया और त्योहारों को एकता और सौहार्द की भावना से मनाने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। बकरीद पर्व के करीब आने के साथ, इस बैठक को कोइलवर में शांतिपूर्ण उत्सव सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखा गया। क्षेत्र में बकरीद का त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाने के लिए बैठक में कोइलवर थाना क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधि, पत्रकार और पुलिस अधिकारी शामिल हुए। मौके पर उपस्थित सदर-2 के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रंजीत कुमार सिंह ने आश्वासन दिया कि बकरीद के दिन सुबह से शाम तक क्षेत्र के सभी महत्वपूर्ण स्थानों पर कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात रहेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि विभिन्न चौक-चौराहों पर 24 घंटे गश्त की जाएगी।

थाना प्रभारी नरोत्तम चंद ने सभी जनप्रतिनिधियों से अपील की कि वे अपने-अपने क्षेत्र में बकरीद का त्यौहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाना सुनिश्चित करें। इंस्पेक्टर संजीव कुमार ने भी सभी से बकरीद का त्यौहार सौहार्द, हर्ष और भाईचारे के साथ मनाने तथा क्षेत्र में अमन-चैन बनाए रखने की अपील की। बैठक में एसडीपीओ रंजीत कुमार, थानाध्यक्ष नरोतम चंद्र, एसआई रिंकी कुमारी, मुकेश कुमार साहू, योगेन्द्र प्रसाद, पुष्कर कुमार, कुल्हड़िया मुखिया विनय प्रताप सिंह, धनडीहा मुखिया, धीरेन्द्र प्रताप सिंह, शंभू सिंह, पूर्व नगर अध्यक्ष बिनोद कुमार, पूर्व नगर अध्यक्ष विरमन्यु उर्फ यादवेन्द्र यादव, बड़हरा विधायक प्रतिनिधि संजय कुमार सिंह, वार्ड पार्षद अरविन्द सिंह, सहित कई गणमान्य लोग मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# डुमरांव थाने में नए थानेदार का हुआ स्वागत, प्रशिक्षु डीएसपी अनीषा राणा की विदाई, शंभू कुमार भगत बने थानेदार

निज संवाददाता। बक्सर



डुमरांव थाना में थानाध्यक्ष सह प्रशिक्षु डीएसपी अनीषा राणा को विदाई दी गई। नए थानाध्यक्ष शंभू शरण भगत ने अपना कार्यभार संभाल लिया है। इस दौरान एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में पूर्व थानाध्यक्ष के कार्यकाल में उनकी उपलब्धियों की चर्चा की गई। वहीं नए थानाध्यक्ष से उम्मीद जताई गई कि वो ईमानदारी और पूरे निष्ठा से अपने कार्यकाल में थाने का संचालन करेंगे। मौके पर एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी ने कहा कि प्रशिशु पीडीएसपी अनीषा राणा ने पूरी निष्ठा और ईमानदारी से अपने कार्यकाल में थाने का नेतृत्व किया। निडर होकर अपने वजूद का एहसास कराया और निष्पक्षता के साथ लोगों को न्याय दिया। मौके पर थानाध्यक्ष अनीषा राणा ने कहा कि थाने को चलाने ने सबका भरपूर सहयोग मिला। उन्होंने बताया कि उनकी जब नवपदस्थापना हुई थी तब उनके मन में कई सारे सवाल और संशय की स्थिति थी कि नए दायित्वों का बिना किसी अनुभव के वह कैसे निर्वहन कर सकेंगी? हालांकि उन्होंने इसका श्रेय अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अफाक अख्तर अंसारी को दिया। कहा कि एसडीपीओ का हाथ मेरे सर पर हमेशा रहा और उन्होंने मुझे फैसले लेने की स्वतंत्रता के साथ ही दायित्वों के निर्वहन का भी बेहतर पाठ पढ़ाया। जानकारी देते हुए बताया गया की प्रशिक्षु डीएसपी अनिशा राणा ने फरवरी माह से अब तक थानाध्यक्ष के रूप में 156 गिरफ्तारी, 315 एनबीडब्ल्यू, 45 कुर्की और और 172 इश्तेहार तामिला कराया है। साथ ही नवपदस्थापित थानेदार शंभू कुमार भगत को भी एसडीपीओ ने शुभकामनाएं दी। शंभू कुमार भगत भी पुलिस विभाग के तेजतर्रार अफसरों में गिने जाते हैं। वे 2009 बैच के पुलिस अधिकारी है। शंभू कुमार ने आरा के चर्चित प्रोफेसर हत्याकांड, भोजपुर में सोन नदी में सक्रिय बालू माफियाओं पर अंकुश लगाने के साथ ही कई बड़े अपराधों को जड़ से उखाड़ फेंकने में अपनी अहम भूमिका निभाई है। साथ ही थानाध्यक्ष की गिनती तकनीकी रूप से दक्ष पदाधिकारियों में की जाती है। एसडीपीओ ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि नव पदस्थापित थानेदार के नेतृत्व में बेहतर अगुवाई हो सकेगी।

# हम जैसे प्रतिनिधि थे वैसे ही प्रतिनिधि रहेंगे : आरके सिंह

निज संवाददाता। आरा

लोक सभा चुनाव के बाद पहली बार पूर्व केंद्रीय मंत्री सह पूर्व सांसद आरके सिंह आरा के कार्यकर्ताओं व समर्थकों से मुलाकात की। इस दौरान कई समर्थकों ने उनके सामने हार की भड़ास भी निकाली। आरके सिंह ने कहा कि मै अभी भी आरा का प्रतिनिधि हूं और विकास का कार्य होता रहेगा, मेरे द्वारा स्वीकृत सभी कार्य पूर्ण होंगे। मै हमेशा आपलोगों के दिल मे रहूंगा और आपलोग हमारे दिल मे रहेंगे। आपलोगों ने मुझे 2014 और 2019 में दो बार मौका दिया। 2024 में भी मुझे 4 लाख 70 हजार वोट मिला यह जनता का आशीर्वाद है। हम जनता के लिए हमेशा खड़ा रहेंगे। मैं कार्यकर्ताओं को धन्यवाद देता हूं कि इस तपती गर्मी में पार्टी के लिए, हमारे लिए और नरेंद्र मोदी, एनडीए के पार्टी का झंडा ढोए। हम जैसे आते थे वैसे ही आते रहेंगे। हम जैसे प्रतिनिधि थे वैसे ही प्रतिनिधि रहेंगे। राजद और माले की चाल है कि एनडीए कार्यकर्ताओं में फुट हो। हमलोगों को 2025 में फिर लड़ाई लड़नी है। यह लड़ाई एनडीए, हमारी या नरेंद्र मोदी की लड़ाई नहीं है। यह लड़ाई अपनी जमीन, अपने जगह और अपने जिला के लिए लड़ाई है। अगर उनलोगों का वर्चस्व बना रहा तो एनडीए के लोगो को रहना मुश्किल हो जाएगा। यह लड़ाई हमलोग अपने अस्तित्व के लिए लड़ेंगे और एकजुट होकर लड़ेंगे।

# जेसीबी और बाइक के बीच टक्कर, एक मौत

निज संवाददाता। बक्सर



बक्सर के कोच बकसड़ा मोड़ की घटना, घायल महिला का इलाज जारी, चालक फरार

बक्सर के कोच बकसड़ा मोड़ के पास जेसीबी और बाइक में टक्कर होने से पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने दोनों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान पति की मौत हो गई। वहीं पत्नी की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है। जानकारी के अनुसार दिनारा निवासी 32 वर्षीय बादल वर्मा उर्फ पप्पू कुमार अपनी पत्नी 28 वर्षीय साक्षी को बाइक पर बैठाकर बक्सर से दिनारा की तरफ जा रहा था। इस दौरान बकसड़ा मोड़ के समीप सामने से आ रहे जेसीबी से टक्कर हो गई। वहीं घटना के बाद जेसीबी ऑपरेटर मौके से भाग निकला। मृतक उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी राष्ट्रीय लोक मोर्चा का दिनारा नगर अध्यक्ष था। वहीं इटाढी थानाध्यक्ष रविकांत प्रसाद ने बताया कि जेसीबी मशीन का ऑपरेटर मशीन छोड़कर फरार चल रहा है। फिलहाल मशीन को जब्त कर लिया गया है। इसके अलावा शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है।

# पांच साल तक करूंगा बक्सर की रखवाली: मिथिलेश तिवारी

निज संवाददाता। बक्सर



भारतीय जनता पार्टी की ओर से रविवार को डुमरांव विधानसभा क्षेत्र की समीक्षा बैठक हनुमान वाटिका में हुई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे बीजेपी जिलाध्यक्ष विजय कुमार सिंह ने बक्सर संसदीय क्षेत्र का चुनाव हारने की जिम्मेवारी लिया और उन्होंने कहा कि जो भूल हुई है उसमें सुधार करना है। उन्होंने कहा कि पांच वर्षो के लिए विकास अवरूद्ध हो गया। काम के बदौलत पुनः हम चुनाव जीतेंगे। रामगढ़ का चुनाव चुनौती है। जंगल राज से बचाने को एनडीए की सरकार बनाने के लिए योजना बना कर काम करना होगा। बिहार प्रदेश भाजपा के महामंत्री मिथिलेश तिवारी ने कहा कि कुछ न कुछ कमियां रही होगी जिसके कारण हार हुई। आज हम सभी हारे हैं। चिंतन करना चाहिए। पुनः संगठित हो कर लड़ूंगा। एमपी नही हारे हैं बक्सर का भविष्य हारे हैं। बक्सर का होकर रहूंगा। बक्सर में घर बनाकर रहूंगा। पांच साल तक बक्सर का रखवाली करूंगा। बक्सर के लिए लड़ूंगा। हम कहीं ना कहीं अपनों के कारण हार गए। बैठक में कार्यकर्ताओं ने कहा कि मिथिलेश तिवारी नहीं इस लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के कार्यकर्ताओं ने चुनाव हारा है। बूथ जीतों अभियान असफल रहा। सोशल मीडिया पर सक्रिय भूमिका निभाने वाले कार्यकर्ता जमीन पर नहीं उतर सके। कार्यकर्ताओं की उपेक्षा की गई ये सबसे बड़ी भूल हुई है। जिला महामंत्री निर्भय राय, डुमरांव विधानसभा प्रभारी अनिल पांडेय, विंध्याचल पाठक, बलराम पांडेय, जितेंद्र सिंह, राजीव भगत, मृत्युंजय सिंह, सोनू राय, नरेंद्र पांडेय, जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा शीला त्रिवेदी, पिंकी पाठक, प्रमिला पांडेय, पारस मणि पांडेय, राजू कुशवाहा, दीपाली विश्वास, मनोज पाठक, सुनील पाठक, इंद्रलेश पाठक, दिनेश सिंह, अरविंद चौबे, लाला सिंह मौजूद थे।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉग ऑन करें
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com.epaper



## संक्षिप्त समाचार

### राजस्थान में भाजपा सरकार ने किनते फीसदी वादे किए पूरे? सीएम भजनलाल शर्मा ने बताया



**जयपुर , एजेंसी।** राजस्थान में भाजपा सरकार ने अब तक कितने वादे पूरे कर दिए हैं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बताया है। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को कहा कि राज्य सरकार ने लोगों से संकल्प पत्र में किए 45 फीसदी वादों को पूरा कर दिया है। नीतियों और योजनाओं के माध्यम से युवा, किसान, महिलाओं का सशक्तिकरण और गरीब कल्याण करना सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री रविवार को किशनगढ़ में केन्द्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी के अभिनंदन समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2014 के बाद सभी क्षेत्रों में अभूतपूर्व विकास हुआ है। किसान कल्याण केन्द्र सरकार की प्राथमिकता रहा है। इसी क्रम में प्रधानमंत्री ने अपने तीसरे कार्यकाल में अजमेर से सांसद भागीरथ चौधरी को केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्यमंत्री के रूप में अहम जिम्मेदारी दी है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि चौधरी किसानों के आर्थिक एवं सामाजिक कल्याण की अहम जिम्मेदारी को पूर्ण सफलता के साथ निभाएंगे। राज्य सरकार सभी वर्गों के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य कर रही है। राज्य सरकार ने पूर्वी राजस्थान की जल आवश्यकता को देखते हुए पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ईआरसीपी) के कार्य को गति प्रदान की है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि शेखावाटी के लिए यमुना जल समझौता एवं दक्षिण राजस्थान के जिलों के लिए देवास परियोजना को मूर्त रूप देने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य किया जा रहा है। पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में पेपरलीक प्रकरणों से युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ हुआ। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि मौजूदा सरकार ने इस पर अंकुश लगाने एवं दोषियों को सजा दिलाने के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। राजस्थान सरकार ने 100 दिवस की कार्ययोजना को अमलीजामा पहनाकर प्रदेश एवं आमजन के हित में विभिन्न जनकल्याणकारी फैसले लिए हैं, जिनसे आपणो अग्रणी राजस्थान की संकल्पना साकार होगी।

### कोलकाता में भाजपा दफ्तर के बाहर मिला बम? मचा हड़कंप

**कोलकाता , एजेंसी।** पश्चिम बंगाल के कोलकाता में कल रात बीजेपी दफ्तर में बम जैसी चीज मिलने के बाद हड़कंप मच गया। हालांकि बम निरोधक दस्ते ने जांच के बाद यह जानकारी दी कि वह संदिग्ध चीज बम नहीं थी। बम मिलने की सूचना के बाद कोलकाता पुलिस के बम निरोधक दस्ते की टीम और डॉग स्क्वायड यहां पहुंचे थे। पुलिस के मुताबिक एक साजिश के तहत बम जैसी चीज को रस्सी में लपेटकर सड़क के बीच रख दिया गया था और इसे बम बताया गया था। पुलिस घटना के बाद छानबीन कर रही है। स्थानीय पुलिस सीसीटीवी फुटेज की भी जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि इस अफवाह के पीछे की वजह पश्चिम बंगाल में चुनावों के दौरान हुए हिंसा की जांच के लिए बनाई गई टीम को डराना था। गौरतलब हो कि लोकसभा चुनावों में पश्चिम हुई हिंसक घटनाओं की जांच के लिए बीजेपी ने चार सदस्यों की एक समिति का गठन किया है। समिति में पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद, त्रिपुरा के पूर्व सीएम बिप्लब कुमार देब, बृजलाल और कविता पाटीदार शामिल हैं। रविवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए रविशंकर प्रसाद ने चुनाव पूरे देश में हुए, लेकिन हिंसा की खबरें सिर्फ पश्चिम बंगाल से ही आई। उन्होंने कहा, पूरे देश में चुनाव होते हैं, लेकिन चुनाव के बाद सिर्फ बंगाल में ही हिंसा क्यों होती है? यहां ग्राम पंचायत चुनाव और विधानसभा चुनाव के दौरान भी हिंसा हुई थी। आज फिर हिंसा की खबरें आई है। उन्होंने आगे कहा, क्या वजह है कि हमारे कार्यकर्ता डरे हुए हैं, लोग डरे हुए हैं।

# गुरुग्रामवासियों की बल्ले-बल्ले, नए बिजलीघर से 100 कॉलोनियों और सेक्टरों में सुधरेगी पावर सप्लाई

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
भीषण गर्मी के बीच गुरुग्रामवासियों के लिए राहत भरी खबर आई है। गुरुग्राम के 100 कॉलोनियों और सेक्टरों के निवासियों को जुलाई माह में अघोषित बिजली कटौती से राहत मिल जाएगी। हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम (एचवीपीएन) अधिकारियों के मुताबिक, सेक्टर-15 के पार्ट दो स्थित 220 केवीए बिजली सब-स्टेशन को 15 जुलाई तक शुरू कर दिया जाएगा।

इसके शुरू होने के बाद सेक्टर-52, 56, बादशाहपुर और दौलताबाद के 220 केवीए सब-स्टेशन पर बिजली का भार कम हो जाएगा। इसके बाद बिजली की समस्या खत्म हो जाएगी। एचवीपीएन ने करीब 52 करोड़ रुपये की लागत से इस सब-स्टेशन को तैयार कर लिया है, लेकिन सेक्टर-72 स्थित 400 केवीए बिजली सब स्टेशन से इस सब-स्टेशन को जोड़ने की प्रक्रिया चल रही है। मेदांता अस्पताल के आसपास हाईटेंशन टावर खड़े



किए जा रहे हैं। एचवीपीएन की 31 मई तक इस सब-स्टेशन का संचालन करने की योजना थी, लेकिन निर्माणाधीन एजेंसी के धीमी गति से काम करने के कारण इस समयावधि को बढ़ाना पड़ा है। अब दावा किया जा रहा है कि जुलाई माह के मध्य में यह सब-स्टेशन शुरू कर दिया जाएगा।

इस सब-स्टेशन के बनने के बाद दौलताबाद सब-स्टेशन को सबसे अधिक राहत मिलेगी। सेक्टर-21, 22, 23, पालम विहार, उद्योग विहार एरिया को सेक्टर-15 के बिजली सब-स्टेशन से बिजली मिलना शुरू हो जाएगी। ऐसा होने के बाद दौलताबाद सब-स्टेशन से ओल्ड गुरुग्राम की करीब 50 से अधिक कॉलोनियों को पर्याप्त मात्रा में बिजली मिल जाएगी। सेक्टर-81 से 115 तक विकसित रिहायशी और व्यवसायिक इलाकों को भी फायदा मिलेगा। इस तरह सेक्टर 15, 16, 17, 31, 32, झाड़सा की बिजली को बादशाहपुर सब-स्टेशन से नए सब-स्टेशन पर शिफ्ट कर दिया जाएगा। इससे बादशाहपुर सब-स्टेशन पर बिजली का भार कम हो जाएगा। सेक्टर-52 और सेक्टर-56 के बिजली सब-स्टेशन को भी राहत मिल जाएगी। सेक्टर-52 के सब-स्टेशन से बिजली भार कम होने से आरडी सिटी और वजीराबाद को फायदा मिलेगा। आरडी सिटी कॉलोनी के निवासी तो पिछले एक महीने से बिजली के अघोषित कट का सामना कर रहे हैं। पिछले सप्ताह तो रात-रातभर इस कॉलोनी में बिजली सप्लाई गुल रही। परेशान होकर कुछ लोग तो होटल में जाकर रात बिताने को मजबूर हो गए। इस तरह गांव वजीराबाद की 50 प्रतिशत आबादी ने बिजली कटौती का सामना किया। सुशांत लोक-दो-तीन में सेक्टर-56 के बिजली सब-स्टेशन से सप्लाई होती है। कभी केबल फुंकने तो कभी ट्रांसफार्मर में खराबी के चलते इस कॉलोनी के 10 हजार परिवारों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

गुरुग्राम सेक्टर-82 से 84 तक विकसित वाटिका सिटी में बिजली की अघोषित कटौती को लेकर अतिरिक्त उपायुक्त ने वाटिका ग्रुप को नोटिस जारी किया है। उनसे 33 केवीए बिजली सब-स्टेशन का संचालन अब तक नहीं होने को लेकर जवाब-तलब किया है। बीते सप्ताह वाटिका सिटी के निवासियों ने जिला उपायुक्त निशांत कुमार यादव से मुलाकात की थी। उन्हें बताया था कि 11 केवीए केबल से गांव गढ़ी हरसरू स्थित 66 केवीए बिजली सब-स्टेशन से बिजली आती है। 11 केवीए केबल भी अब खस्ता हाल हो चुकी है। बिल्डर ने 33 केवीए के बिजली सब-स्टेशन बनाने हैं,।



## नागपुर में बस और ऑटोरिक्शा की जोरदार टक्कर, सेना के 2 जवानों की मौत और 6 घायल

**नागपुर , एजेंसी।** महाराष्ट्र में नागपुर के निकट रविवार शाम बस और ऑटोरिक्शा के बीच जोरदार टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में सेना के 2 जवानों की मौत हो गई और 6 अन्य घायल हो गए, जिनमें से दो की हालत गंभीर है। पुलिस ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शाम करीब 5 बजे कैम्पटी शहर के पास कन्हा नदी पुल पर हुई दुर्घटना में ऑटो चालक को भी गंभीर चोटें आईं। उन्होंने बताया कि दुर्घटना के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। नागपुर के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के अनुसार, 7 घायल व्यक्तियों का इलाज विभिन्न अस्पतालों में किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ऑटो में सवार 8 जवानों में से विघ्नेश और धीरज राय ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने बताया कि अन्य घायल जवानों की पहचान दीन प्रधान, कुमार पी, शेखर जाधव, अरविंद, मुरुगन और नागरत्नम के रूप में हुई है। उसने बताया कि कैम्पटी के एक अस्पताल में भर्ती कुमार पी और नागपुर के सरकारी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में इलाज करा रहे नागरत्नम की हालत गंभीर है।

## गन्ने के जूस में थूक कर ग्राहकों को दे रहे थे दुकानदार

**नोएडा एजेंसी।** नोएडा सेक्टर 121 में स्थित क्लियो काउंटी सोसाइटी के पास गन्ने के जूस में थूक कर लोगों को देने का मामला सामने आया है। नोएडा पुलिस ने इस शिकायत पर तुरंत कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है।

क्षितिज भाटिया ने पुलिस को बताया कि वह सेक्टर-121 के गढ़ी चौखंडी गांव के पास स्थित क्लियो काउंटी सोसाइटी में रहते हैं। वह शनिवार शाम पत्नी के साथ सोसाइटी के गेट नंबर एक के बाहर गन्ने के जूस की दुकान पर गए थे। वहां उन्होंने दो ग्लास गन्ने के जूस का ऑर्डर किया। उनका आरोप है कि जूस विक्रेता ने जूस के ग्लास में तीन से चार बार थूककर उन्हें जूस दिया। इसका विरोध करने पर आरोपी ने उनके साथ अभद्रता की। विरोध बढ़ने पर आरोपी अपना जूस का स्टॉल छोड़कर वहां से भाग गए। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए दो लोगों को थूक मिलाकर जूस बेचने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

## केदारनाथ आपदा 2013 के 1 दशक के बाद भक्तों का हुजूम, बदलावों के साथ दर्शन का बढ़ा क्रेज

**देहरादून , एजेंसी।**
वर्ष 2013 की केदारनाथ आपदा के वक्त शायद ही किसी ने सोचा होगा कि केदारपुरी में फिर से रौनक दिखेगी। आपदा के बाद एक-दो साल तक ऐसा नजर भी आया, लेकिन अब लगभग एक दशक बाद न सिर्फ केदारपुरी नई आभा और दिव्यता के साथ उभर रही है। वहीं श्रद्धालुओं की संख्या भी ढाई गुना तक बढ़ गई।

इसका अनुमान इससे लगाया जा सकता है कि इस साल 16 जून तक केदारनाथ में 8.88 लाख श्रद्धालु आ चुके हैं। जबकि आपदा के साल इस दरमियान 3.33 लाख श्रद्धालु पहुंचे थे। आपदा से पहले 2012 में 5.73 लाख श्रद्धालु पूरे साल पहुंचे थे।

यह संख्या इस साल केदारनाथ में शुरुआत के दिनों में ही पार हो गई थी। आपदा के बाद 2014 में जरूर संख्या घटी थी, तब मात्र 40 हजार श्रद्धालु केदारनाथ आए थे। इसके बाद साल दर साल श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ने लगी। 2023 में संख्या 19. 28 लाख





पहुंच गई थी। केदारनाथ में रविवार शाम 7 बजे तक 8,87,883 यात्रियों ने दर्शन किए। पिछले 11 सालों में केदारनाथ मंदिर में आए नए बदलावों ने तीर्थस्थल को नया रूप दे दिया है। बाबा केदार के दर्शन को भक्तों की भारी भीड़ है।

दिव्य शिला बनी आस्था का नयाआपदा के दौरान आई बाढ़ ने केदारपुरी में हर तरफ तबाही मचा दी थी, लेकिन बाबा केदार के मंदिर का बाल भी बांका न हुआ। दरअसल बाढ़ के दौरान ही एक विशाल शिला ठीक मंदिर के पीछे कवच बनकर आ गई थी।

ग्यारह साल की अवधि में केदारनाथ मंदिर परिसर की तस्वीर भी पूरी तरह से बदल गई है। आदि गुरु शंकराचार्य की भव्य प्रतिमा, ओम का भव्य ढांचा परिसर में अलग ही भव्यता दे रहा है।

परिसर में यात्रियों के ठहरने की व्यवस्था बढ़ी

केदारनाथ क्षेत्र में यात्रियों के ठहरने की क्षमता में भी लगातार सुधार हुआ है। वर्तमान में केदारनाथ में 10 हजार तक यात्रियों के ठहरने की क्षमता विकसित की जा चुकी है। टेंट कॉलोनी की वजह से इसमें सुधार आया है। एक अनुमान के अनुसार आपदा से पहले जहां घोड़े-खच्चर वालों का कारोबार 20 से 25 करोड़ रुपये तक ही रहता था। वो अब बढ़कर एक अरब रुपये से भी ज्यादा का हो चुका है। पिछले साल100 करोड़ की कमाई हुई।

## रुद्रप्रयाग टेंपो ट्रैवलर सड़क हादसे में हुआ बड़ा खेल, 15 मौतों के बाद ड्राइवर के लाइसेंस में बदलाव

**रुद्रप्रयाग , एजेंसी।** रुद्रप्रयाग में हुए वाहन हादसे में नया खुलासा हुआ है। इस वाहन का ड्राइवर अपने लाइसेंस को हिल इंडोर्स कराए बिना ही रुद्रप्रयाग चला गया था। हादसा होने के चार घंटे के बाद संदिग्ध तरीके से किसी दूसरे व्यक्ति ने उसके लाइसेंस को परिवहन विभाग के पोर्टल पर आकर हिल इंडोर्स कराया। परिवहन विभाग की जांच में यह बात सामने आई।

परिवहन विभाग के अनुसार, नई दिल्ली से शुक्रवार रात ड्राइवर करन सिंह टैम्पो ट्रैवलर में 23 युवाओं के दल को लेकर चला था। यह वाहन शनिवार सुबह करीब 11.30 बजे रुद्रप्रयाग के पास दुर्घटना का शिकार हो गया और 15 लोग काल के गाल में समा गए। सूत्रों के अनुसार, हादसे के बाद परिवहन विभाग ने वाहन की जांच के साथ ड्राइवर के लाइसेंस की पड़ताल की।

इस दौरान पता चला कि ड्राइवर करन को 2019 में अलीगढ़ से लाइसेंस जारी हुआ था। जांच आगे बढ़ी तो उत्तराखंड के ग्रीन कार्ड पोर्टल पर दर्ज आंकड़ों से सामने आया कि करन के लाइसेंस को हिल इंडोर्स करने की कार्रवाई शनिवार अपराह्न 3.34 बजे की गई। जबकि उस वक्त करन अस्पताल में भर्ती था और बाद में उसकी मौत हो गई थी। इससे साफ हो गया कि फीस का भुगतान और ऑनलाइन टेस्ट, करन की जगह किसी अन्य व्यक्ति ने दिया।

## भाजपा की बदरीनाथ विधानसभा सीट पर दांव पर प्रतिष्ठा, उपचुनाव में जीत की यह खास तैयारी

**देहरादून , एजेंसी।** भाजपा प्रत्याशी राजेन्द्र सिंह भंडारी 20 जून को विधानसभा सीट के उपचुनाव में अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। उस समय प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व राज्य सभा सांसद महेंद्र भट्ट सहित भाजपा के अन्य दिग्गज नेता मौजूद रहेंगे। भाजपा बदरीनाथ विधानसभा उप चुनाव को प्रतिष्ठा का विषय मानकर चल रही है। चुनाव के दौरान काबीना मंत्री व चमोली जिले के प्रभारी मंत्री डॉ. धन सिंह रावत और भाजपा संगठन मंत्री अजय कुमार 10 दिनों तक चमोली जिले में रहकर चुनाव तैयारियों की मॉनटरिंग करेंगे और कार्यकर्ताओं के साथ बूथ स्तर से लेकर शक्ति केन्द्रों तक चुनाव की रणनीति बनाएंगे। बदरीनाथ विधानसभा सीट पर पहले राजेन्द्र भंडारी कांग्रेस से विधायक रहे। लोकसभा चुनाव के दौरान उन्होंने कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देकर भाजपा की सदस्यता गृहण की। तब भंडारी ने विधायक पद से इस्तीफा भी दिया था। इसके चलते बदरीनाथ विधानसभा सीट पर उप चुनाव हो रहा है। भाजपा बदरीनाथ विधानसभा उप चुनाव के लिए बूथ और पन्ना प्रमुख स्तर पर तैयारियों में जुट गई है। चुनाव की घोषणा के बाद से ही भाजपा की बैठकों का दौर शुरू हो गया है। गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी बदरीनाथ विधानसभा उप चुनाव के लिए पालक का दायित्व सम्भालेंगे। बदरीनाथ विधानसभा उप चुनाव के लिए भाजपा के विधायक, राज्य मंत्री जिम्मेदारी सम्भालेंगे। केदारनाथ के विधायक सहित राज्य मंत्रियों को संगठन की दृष्टि से बनाए गए 9 मंडलों में चुनाव रणनीति का दायित्व सम्भालेंगे।

## पहाड़ों से लेकर मैदानों तक गर्मी में जलसंकट, भूजल बचाने के लिए बना सख्त एक्शन प्लान

**देहरादून , एजेंसी।** उत्तराखंड में घटते भूजल को बचाने के लिए प्राइवेट बोरिंग पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। ऐसे में अब जल संस्थान की मंजूरी लिए बिना घर, अपार्टमेंट,होटल,हॉस्पिटल,स्कूल में हैंडपंप, सबमर्सिबल और ट?ूबवेल के लिए निजी बोरिंग नहीं कराई जा सकेगी। नियम तोड़ने पर जब्ती की कार्रवाई की जाएगी। खेती के लिए ट्यूबवेल लगाने पर कोई रोक नहीं लगाई गई है। उत्तराखंड में सितंबर 2023 से अब तक पर्याप्त बारिश नहीं होने से इस बार गर्मियों में पेयजल का गंभीर संकट खड़ा हो गया। शहर-गांव, पहाड़-मैदान, हर जगह लोग पानी की कमी से जूझ रहे हैं। इस बीच, भूजल के अंधाधुंध दोहन से जमीन के नीचे पानी का स्तर लगातार घट रहा है। इससे कई जगह ट्यूबवेल सूख रहे हैं। तमाम स्थानों पर ट्यूबवेल के पाइप बढ़ाने पड़ रहे हैं। भविष्य में ये संकट और न गहराए, इसके लिए सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। जल संस्थान ने साफ किया है कि अब बिना अनुमति के निजी बोरिंग नहीं कराए जा सकेंगे। यदि किसी को जरूरत है,तो इसके लिए आवेदन करना होगा। जिस क्षेत्र में बोरिंग को आवेदन किया जाएगा,वहां पहले भूजल स्तर की जांच होगी। भूजल की स्थिति और आवेदक की जरूरत के आकलन के बाद जरूरी होने पर बोरिंग की मंजूरी मिलेगी। इस संबंध में महाप्रबंधक मुख्यालय डीके सिंह ने तीन



दिन पूर्व आदेश जारी कर दिए। सिंह ने बताया कि सभी शाखाओं को इस आदेश को सख्ती से लागू करने के निर्देश दिए गए हैं। संस्थान को जल संस्थान (संग्रह, संचय तथा वितरण) अधिनियम-1975 की धारा छह लागू करने की याद आई। अब तक जल संस्थान के अफसर यही दोहराते रहे कि उनके पास सख्त कार्रवाई का कोई प्रावधान नहीं है। प्रदेश में प्रतिवर्ष 25 हजार से अधिक निजी बोरिंग होती हैं। इसमें निजी घरों से लेकर हर तरह के संस्थान शामिल हैं। हर साल निजी बोरिंग की संख्या में इजाफा होता जा रहा है।

## हॉरर कीलिंग: सगे भाइयों ने गला दबाकर हत्या की, फिर पेट्रोल डालकर जला दी बहन की लाश

**हरदोई, एजेंसी।**
लखनऊ के काकोरी में दो सगे भाइयों ने अपनी बहन को दूसरे धर्म के युवक से प्रेम की सजा में मौत दे दी। उसे बेरहमी से मौत के घाट उतार दिया फिर पेट्रोल डालकर शव जला दिया। मामले का खुलासा रविवार को पुलिस ने दोनों आरोपितों को गिरफ्तार करके किया। पुलिस ने बताया कि युवती 30 मई से लापता थी। वह दूसरे धर्म के युवक से प्रेम करती थी। परिवारीजनों ने उससे मिलने से मना किया था लेकिन वह नहीं मानी। इस पर ही दोनों भाई उसे मौसी की तबियत खराब बताकर हरदोई के अतरौली ले गये और उसकी हत्या कर दी थी। हत्या के बाद उसका शव पेट्रोल डालकर जला दिया था। युवती के कई दिन तक न दिखने पर पड़ोसियों ने घर वालों से उससे कई बार पूछा लेकिन सब गोल मोल जवाब देकर उन्हें टालते रहे थे।

हरदोई के एएसपी पूर्वी नृपेंद्र सिंह के मुताबिक काकोरी स्थित कायस्थाना निवासी



बिट्टी उर्फ संगीता का शव अतरौली में पड़ा मिला था। सीसी फुटेज के आधार पर पुलिस ने जांच शुरू की। उसके भाई दुर्गेश सैनी और शंकर उर्फ रवि की भूमिका संदिग्ध लगी तो दोनों को हिरासत में ले लिया गया। दोनों ने पुलिस को पहले बरगलाया लेकिन पुलिस ने कुछ तथ्य सामने रखे तो वह टूट गये। उन्होंने हत्या का पूरा सच बता दिया। एएसपी के मुताबिक दोनों भाइयों ने बताया कि उसकी बहन बिट्टी गैर समुदाय के युवक से प्रेम करती थी। परिवार इसका विरोध कर रहा था। कई बार मिलने से मना किया लेकिन वह नहीं मानी। इसी बात से खफा होकर 30 मई को मौसी की तबीयत खराब होने का बहाना बनाकर उसे कार में लेकर अतरौली आए। यहां पवैया गांव से गहडोल मार्ग पर बिट्टी को उतारा और गला दबाकर हत्या कर दी थी। उसके शव को पतवार से ढककर पेट्रोल डालकर आग लगा दी।

पुलिस जब मौके पर पहुंची थी तो पता चला कि एक कार से दो लोग आये थे। ग्रामीणों ने दोनों युवकों का हुलिया भी पुलिस को बताया था। पुलिस ने फुटेज खंगालने शुरू किए तो एक स्थान पर कार और बताए गए हुलिया जैसे दो युवक दिखे। इसके जरिये ही पुलिस उनके लखनऊ, काकोरी स्थित घर तक पहुंच गई थी।

काकोरी में जब इस खुलासे का पता चला तो पड़ोसी हैरान रह गये। पड़ोसियों ने बताया कि बिट्टी हाईस्कूल की छात्रा थी। उसके चार भाई रोहन, गोविन्द,सूरज व अतुल हैं। पिता प्यारेलाल का दो साल पहले निधन हो चुका है। लोगों ने बताया कि कुछ समय पहले बिट्टी अपने प्रेमी के साथ चली भी गई थी। पर, घर वाले उसे समझाबुझा कर घर ले आये थे। वह बाद में शादी की जिद पर अड़ गई। पड़ोसियों ने बताया कि दूसरे धर्म के युवक से शादी की बात पर इनके घर में विवाद होता था लेकिन यह कभी नहीं लगा कि दोनों भाई इतना बड़ा कदम उठा लेंगे।

## कार को गिरवी रख ब्याज पर रुपये देने पर चलीं गोलियां, देहरादून में प्रॉपर्टी डीलर की मौत; दो घायल

**देहरादून , एजेंसी।**
उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में खूनी संघर्ष हुआ है। दो गुटों के बीच फायरिंग होने पर एक प्रॉपर्टी डीलर की मौत हो गई, जबकि दो लोग घायल हो गए हैं। घायलों का अस्पतालत में भर्ती कराया गया है। देहरादून की लेन 14 गढ़वाली कॉलोनी डोभाल चौक पर रविवार देर रात खूनी संघर्ष हुआ। दो पक्षों के विवाद में एक पक्ष ने बदमाश बुलाकर फायरिंग करवा दी। इस दौरान तीन लोगों को गोली लगी। इसमें एक प्रॉपर्टी डीलर की मौत हो गई। अन्य दो लोग गंभीर घायल हैं। जिनका अस्पताल में उपचार चल रहा है। स्थानीय लोगों के मुताबिक आरोपी के पास गोली लगने से मरे रवि बडोला ने अपनी कर गिरवी रखी थी। इस पर किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था। रविवार रात करीब 11:30 बजे बडोला अपने दो साथियों के साथ आरोपी के आवास के पास आया।

यहां किसी बात को लेकर विवाद हुआ और गोलियां चलीं। देर रात हुए घटनाक्रम में रात को लेकर सुबह सवेरे आसपास के लोग एकत्रित हो गए। आक्रोशित लोगों ने आरोपी घर में तोड़फोड़ की। पुलिस जांच में यह बात सामने आई है कि देवेंद्र शर्मा उर्फ भारद्वाज आरोपी है और सुभाष क्षेत्री घायल हो गया है। एसओ रायपुर कुंदन राम ने बताया कि पुलिस मामले में जांच कर रही है। दो लोगों को पूछताछ के लिए थाने बुलाया गया है। कहा कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com/epaper



# विचार-मंथन

## संपादकीय

## एनटीए के कामकाज और उसकी साख पर सवाल

चिकित्सा विज्ञान के स्नातक पाठ्यक्रम के लिए आयोजित राष्ट्रीय पात्रता और प्रवेश परीक्षा यानी नीट में धांधली के आरोपों को सर्वोच्च न्यायालय ने गंभीरता से लिया है। उसने राष्ट्रीय परीक्षा एजंसी यानी एनटीए से इस मामले से जुड़े सवालों का जवाब देने को कहा है। दरअसल, इस बार की नीट परीक्षा के नतीजों में कई तरह की विसंगतियां देखी गई हैं। जब परीक्षा ली गई, तब बिहार और राजस्थान के कुछ केंद्रों पर गलत पर्चे बांट दिए गए थे। बाद में उन्हें दुरुस्त कर दिया गया। नतीजे तय समय से दस दिन पहले घोषित होना भी संदेह बढ़ाता है। तब विद्यार्थियों ने आरोप लगाया था कि पर्चाफोड़ हुआ है, परीक्षा रद्द कर दुबारा कराई जानी चाहिए। लेकिन एनटीए ने इससे इनकार कर दिया। उसका कहना है कि तकनीकी गड़बड़ी की वजह से गलत पर्चा बंट गया था। फिर नतीजे तय तिथि से दस दिन पहले ही घोषित कर दिए गए। नतीजों में सड़सठ विद्यार्थियों को पूरे सात सौ बीस अंक मिले हैं। यह पहली बार हुआ है। एनटीए का कहना है कि जिन विद्यार्थियों को देर से पर्चे मिले, उन्हें समय की हानि होने के चलते कृपांक दिए गए। उसका क्या आधार है, यह भी स्पष्ट नहीं है। हालांकि एनटीए अब भी अपनी बात पर कायम है कि पर्चाफोड़ नहीं हुआ और न गलत तरीके से किसी विद्यार्थी को अंक दिए गए। परीक्षा में पूरी तरह पारदर्शिता और शुचिता बरती गई है। उसका यह तर्क सर्वोच्च न्यायालय के सामने सही ठहर पाता है या नहीं, देखने की बात है। एनटीए ने कृपांक की शिकायतों के समाधान के लिए एक जांच समिति गठित कर दी है, लेकिन उस पर विद्यार्थियों को भरोसा नहीं है। दरअसल, चिकित्सा पाठ्यक्रमों के दाखिले में धांधली की शिकायतें पुरानी हैं। उन शिकायतों को दूर करने के मकसद से ही एनटीए के माध्यम से प्रवेश परीक्षा कराने का निर्णय किया गया था। एनटीए की बनाई गई व्यवस्था के तहत नीट की परीक्षा के प्रश्नपत्र देश के सभी केंद्रों पर एक साथ विद्यार्थियों को मिलते हैं। उनमें किसी तरह की गड़बड़ी की गुंजाइश कम रहने का दावा किया जाता है। फिर भी, जिस तरह एनटीए की दूसरी परीक्षाओं में पर्चे बाहर निकल गए और कई परीक्षाएं रद्द करनी पड़ीं, उससे नीट को लेकर भी आशंका गहरी हुई है। एनटीए को बहुत भरोसेमंद और चाक-चौबंद संस्था माना जाता है, अगर उसकी परीक्षाओं में भी धांधली के आरोप लग रहे हैं, तो स्वाभाविक ही इससे उसकी साख पर सवाल उठते हैं। पिछले कुछ वर्षों में प्रतियोगी और प्रवेश परीक्षाओं के पर्चे बाहर होने की घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं। न केवल छोटे सरकारी पदों के लिए, बल्कि राज्यों के लोकसेवा आयोगों की परीक्षाओं के भी पर्चे बाहर होने की घटनाएं हो चुकी हैं। उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तराखंड में अनेक प्रतियोगी परीक्षाएं इसीलिए रद्द करनी पड़ीं कि उनके पर्चे परीक्षा से पहले ही बाहर निकल चुके थे। इसे लेकर पहले उत्तराखंड सरकार ने कड़े कानून बनाए, फिर केंद्र सरकार ने भी कानून बनाने की घोषणा की। नकल माफिया पर नकेल कसने के लिए हर सरकार कमर कसती दिखती है, लेकिन नकल कराने वालों के हौसले पस्त पड़ते नजर नहीं आते। परीक्षाएं रद्द होने से बहुत सारे विद्यार्थियों की मेहनत पर पानी फिरता, उनका मनोबल टूटता और पैसे की बर्बादी होती है। इस हताशा में कई विद्यार्थी खुदकुशी तक का रास्ता अख्तियार करते देखे जा रहे हैं। जब तक सरकारें इस मामले में दृढ़ इच्छाशक्ति नहीं दिखाएंगी, यह सिलसिला शायद ही रुके।

## संसद में दागी नेताओं की संख्या बढ़ना चिन्ताजनक

(ललित गर्ग)

*ऐसे ही अन्य महत्वपूर्ण मंत्रालय के साथ होता है। यह कैसी विवशता है राजनीतिक दलों की? अक्सर राजनीति को अपराध मुक्त करने के दावे की हकीकत तब सामने आ जाती है जब किसी राज्य या केंद्र में गठबंधन सरकार के गठन का मौका आता है। यह खुशी की बात है कि केन्द्र में बनी गठबंधन सरकार के मंत्रिमण्डल में ऐसी विवशता को काफी सीमा तक नियंत्रित किया गया है।*

आज भारत की आजादी के अमृतकाल का एक बड़ा प्रश्न है भारत की राजनीति को अपराध मुक्त बनाने का। यह बेवजह नहीं है कि देशभर में अपराधी तत्त्वों के राजनीति में बढ़ते दखल ने ऐसी समस्या खड़ी कर दी है कि अपहरण के आरोपी अदालत में पेश होने की जगह मंत्री पद की शपथ लेने पहुंच जाते हैं। देश में 18वीं लोकसभा चुनी जा चुकी है, मंत्रिमंडल का गठन हो चुका है। दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र और रिकॉर्ड संख्या में मतदाता होने के गर्व करने वाली स्थितियां हैं वहीं चिन्ताजनक, विचलित एवं परेशान करने वाली स्थितियां भी हैं। खबर आई है कि लोकतंत्र के सबसे बड़े मंदिर में पहुंचने वाले 543 सांसदों में 46 फीसदी आपराधिक रिकॉर्ड रखते हैं जो पिछली बार से तीन प्रतिशत अधिक है। भारतीय राजनीति में आपराधिक छवि वाले या किसी अपराध के आरोपों का सामना कर रहे लोगों को जनप्रतिनिधि बनाए जाने एवं उन्हें राष्ट्र-निर्माण की जिम्मेदारी दिया जाना-हर नागरिक के माथे पर चिंता की लकीर लाने वाली है। क्या इस स्थिति में देश की लोकतांत्रिक शुचिता एवं पवित्रता की रक्षा हो पाएगी? क्या हम आदर्श एवं मूल्यपरक समाज बना पाएंगे? क्या ये दागदार नेता एवं जन-प्रतिनिधि कालांतर हमारी व्यवस्था को प्रभावित नहीं करेंगे? चुनाव प्रक्रिया से जुड़े मसलों का विश्लेषण करने वाली सचेतक संस्था एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की ताजा रिपोर्ट बताती है कि वर्ष 2019 में चुने गये सांसदों में जहां 233 यानी 43 फीसदी ने अपने विरुद्ध आपराधिक मामले दर्ज होने की बात स्वीकार की थी, वहीं अठाहरवीं लोकसभा के लिये चुने गए 251 सांसदों ने आपराधिक मामले दर्ज होने की बात मानी है। जो कुल संख्या का 46 फीसदी बैठती है। आज भारत की आजादी के अमृतकाल का एक बड़ा प्रश्न है भारत की राजनीति को अपराध मुक्त बनाने का। यह बेवजह नहीं है कि देशभर में अपराधी तत्त्वों के राजनीति में बढ़ते दखल ने एक ऐसी समस्या खड़ी कर दी है कि अपहरण के आरोपी अदालत में पेश होने की जगह मंत्री पद की शपथ लेने पहुंच जाते हैं। अरविन्द केजरीवाल जैसे नेता आम चुनाव में कहते हैं कि आप लोग बड़ी संख्या में आम आदमी पार्टी को वोट दें ताकि मैं जेल जाने से बच जाऊं। हम ऐसे चरित्रहीन एवं अपराधी तत्वों को जिम्मेदारी के पद देकर कैसे सुशासन एवं ईमानदार व्यवस्था स्थापित करेंगे? कैसे आम जनता के विश्वास पर खरे उतरेंगे? कैसे संसद में दागियों के पहुंचने के लिये द्वार बंद होंगे? दरअसल, सुप्रीम कोर्ट की सजग पहल पर ही वर्ष 2020 से सभी राजनीतिक दल लोकसभा व विधानसभा के उम्मीदवारों के आपराधिक रिकॉर्ड को प्रकाशित करने लगे है। निश्चित ही इस आदेश का मकसद देश की राजनीति को आपराधिक छवि वाले नेताओं से मुक्त करना ही था। लेकिन वास्तव में ऐसा हुआ नहीं क्योंकि तमाम राजनीतिक दलों की प्राथमिकता जीतने वाले उम्मीदवार थे, अब चाहे उनका आपराधिक रिकॉर्ड ही क्यों न हो। बड़ा प्रश्न है कि आखिर राजनीति में तब कौन आदर्श उपस्थित करेगा? क्या हो गया उन लोगों को जिन्होंने सदैव ही हर कुर्बानी करके आदर्श उपस्थित किया। लाखों के लिए अनुकरणीय बने, आदर्श बने। चाहे आज़ादी की लड़ाई हो, देश की सुरक्षा हो, धर्म की सुरक्षा हो, अपने वचन की रक्षा हो अथवा अपनी संस्कृति और अस्मिता की सुरक्षा का प्रश्न हो, उन्होंने फर्ज़ और वचन निभाने के लिए अपना सब कुछ होम दिया था। महाराणा प्रताप, भगत सिंह, दुर्गादास, छत्रसाल, शिवाजी जैसे वीरों ने अपनी तथा अपने परिवार की सुख-सुविधा को गौण कर बड़ी कुर्बानी दी थी। गुरु गोविन्दसिंह ने अपने दोनों पुत्रों को दीवार में चिनवा दिया और पन्नाधाय ने अपनी स्वामी भक्ति के लिए अपने पुत्र को कुर्बान कर दिया। ऐसे लोगों का तो मन्दिर बनना चाहिए। इनके मन्दिर नहीं बने, पर लोगों के सिर श्रद्धा से झुकते हैं, इनका नाम आते ही। लेकिन आज जिस तरह से हमारा राष्ट्रीय जीवन और सोच विकृत हुए हैं, हमारी राजनीति स्वार्थी एवं संकीर्ण बनी है, हमारा व्यवहार झूठा हुआ है, चेहरों से ज्यादा नकाबें ओढ़ रखी हैं, उसने हमारे सभी मूल्यों को धराशायी कर दिया। राष्ट्र के करोड़ों निवासी देश के भविष्य को लेकर चिन्ता और ऊहापोह में हैं। वक्त आ गया है जब देश की संस्कृति, गौरवशाली विरासत को सुरक्षित रखने के लिए कुछ शिखर के व्यक्तियों को भागीरथी प्रयास करना होगा। दिशाशून्य हुए नेतृत्व वर्ग के सामने नया मापदण्ड रखना होगा। अगर किसी हत्या, अपहरण या अन्य संगीन अपराधों में कोई व्यक्ति आरोपी है तो उसे राजनीतिक बता कर संरक्षण देने की कोशिश या राजनीतिक लाभ उठाने की कुचेष्ठा पर विराम लगाना ही होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भ्रष्टाचार एवं अपराध मुक्त राजनीति को सदैव प्राथमिकता दी लेकिन चुनाव जीतने के रण में वे भी अपराधी राजनेताओं को प्रश्रय देते हुए दिखे हैं। सभी राजनीतिक दलों ने ही दागी उम्मीदवारों को टिकट दिए हैं। जो राजनीतिक दलों की कथनी और करनी के भारी अंतर को ही उजागर करता है। सवाल है कि देश के लिये नीति निर्धारण करने वाले ऐसे दागी लोग हमारे भाग्यविधाता बने रहेंगे तो हमारा भविष्य कैसा होगा? क्या आपराधिक पृष्ठभूमि वाले लोग जनप्रतिनिधि चुने जाने के बाद हमारी कानून-व्यवस्था को प्रभावित नहीं करेंगे? क्या होगा हमारे समाज व व्यवस्था का भविष्य? क्यों तमाम आदर्शों की बात करने वाले और दूसरे दलों के नेताओं की कारगुजारियों पर सवाल उठाने वाले नेता राजनीति को अपराधियों के वर्चस्व से मुक्त कराने की ईमानदार पहल नहीं करते? क्यों सभी राजनीतिक दल भारतीय लोकतंत्र में शुचिता एवं पवित्रता के लिये सहमति नहीं बनाते? निश्चित रूप से यदि समय रहते इस दिशा में कोई गंभीर पहल नहीं होती तो आने वाले वर्षों में दागियों का यह प्रतिशत लगातार बढ़ता ही जाएगा। इसके साथ ही बड़ा संकट यह भी है कि देश के निचले सदन में येन-केन-प्रकारेण करोड़पति बने नेताओं का वर्चस्व बढ़ता ही जा रहा है। इस बार संसद में चुनकर आए सांसदों में 504 करोड़पति हैं। ऐसे में क्या उम्मीद की जाए कि अपनी मेहनत की कमाई से जीवनयापन करने वाला आम आदमी कभी सांसद बनने की बात सोच सकता है? दागी एवं अपराधी राजनेता लोकतंत्र की एक बड़ी विडम्बना एवं विसंगति बनते जा रहे हैं। बात लोकसभा की ही नहीं है, विभिन्न राज्यों की सरकारों में भी कैसा विरोधाभास एवं विसंगति है कि एक अपराध छवि वाला नेता कानून मंत्री बन जाता है, एक अनपढ़ या कम पढ़े-लिखे प्रतिनिधि को शिक्षा मंत्री बना दिया जाता है।

## जम्मू में आतंकी चुनौती कितनी गंभीर

**(सुशांत सरीन, सीनियर फेलो, ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन)**

जम्मू-कश्मीर में गुजरे तीन दिनों में तीन आतंकी घटनाओं के गहरे निहितार्थ हैं। यह स्थिति तब दिख रही है, जब हालिया आम चुनाव में यहां के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया है। जम्मू-कश्मीर के पांचों संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में करीब 58 फीसदी मत पड़े हैं, जो लोकतंत्र में स्थानीय लोगों के बढ़ते विश्वास का संकेत माना गया था। जाहिर है, सवाल यही है कि ऐसे हमले करके आतंकी अपनी बौखलाहट का प्रदर्शन कर रहे हैं या फिर उनकी यह कोई नई रणनीति है? दरअसल, ताजा हमले कश्मीर घाटी में नहीं हुए हैं, बल्कि जम्मू के उन इलाकों में हुए हैं, जहां कुछ वर्ष पहले तक माना जाता था कि आतंकवाद का करीब-करीब सफाया कर दिया गया है। यहां बीते डेढ़-दो दशकों में कोई बड़ी आतंकी वारदात नहीं हुई थी, पर पिछले तीन-चार साल में 'एरिया ऑफ ऑपरेशन' नजर आने लगा था, यानी आतंकियों की मौजूदगी दिखने लगी थी। असल में, आतंकवाद के खिलाफ सैन्य कार्रवाई गुब्बारे सरीखा नतीजा देती है, यानी एक जगह जब आप उसका दमन करते हैं, तो दूसरी तरफ से उसका उभार होने लगता है। कश्मीर घाटी के अंदर भी आतंकियों ने पहले श्रीनगर, फिर उत्तरी कश्मीर और बाद में दक्षिणी हिस्से में अपना ठिकाना बना लिया था। मगर धीरे-धीरे सुरक्षा बलों ने पूरे इलाके पर अपना दबदबा बना लिया, तो फिर जम्मू में हिंसक घटनाएं बढ़ने लगीं, खासतौर से राजौरी और पुंछ जैसे इलाकों में। लिहाजा, सुरक्षा बलों ने जम्मू में भी अपना सुरक्षा घेरा फिर से मजबूत करना शुरू कर दिया था, लेकिन यह एक लंबी प्रक्रिया है, इसलिए आतंकी अपनी मंशा में कुछ हद तक सफल हो गए। ताजा हमलों में दहशतगर्द कहीं अधिक दक्ष दिख रहे हैं। घाटी में जब सुरक्षा बल असरंदाज हो गए थे, तो वहां होने वाली छिटपुट हिंसा अमूमन अकुशल आतंकी किया करते थे, लेकिन हाल के वर्षों में दक्ष आतंकियों द्वारा कार्रवाई किए जाने के मामले बढ़े हैं। उनके पास हथियार भी पहले से कहीं बेहतर हैं। यहां तक कि वे पहाड़ों व जंगलों का बखूबी इस्तेमाल जानते हैं। जाहिर है, यह प्रशिक्षण उनको पड़ोसी मुल्क में मिला होगा। लगता यही है कि पाकिस्तान के अंदर घुसने का कोई अनधिकृत रास्ता है, जिसका इस्तेमाल ये सुरक्षा बलों से बचने के लिए करते हैं। एक प्रवृत्ति और दिख रही है। किसी बड़े समूह में नहीं, बल्कि एक-दो की संख्या में आतंकी अपने मनसूबे को अंजाम दे रहे हैं। मुमकिन है, इसमें एक स्थानीय आतंकी हो और दूसरा पड़ोसी देश से प्रशिक्षित दहशतगर्द। ऐसे में, अब इस इलाके में एक बड़ी सैन्य कार्रवाई की दरकार है, हालांकि यह कोई आसान काम भी नहीं। सवाल यह भी है कि आखिर ये घटनाएं इस समय क्यों हो रही हैं? निस्संदेह, साल 2019 में जम्मू-कश्मीर को लेकर संविधान में किए गए सुधार के बाद यहां की स्थिति काफी बेहतर हुई है, लेकिन कुछ समस्याएं अभी भी कायम हैं। निस्संदेह, यहां आतंकवाद से जुड़ी आर्थिक गतिविधियों पर लगाम लगाई गई है, प्रशासन में मौजूद अलगाववादी विचारधारा के लोगों के खिलाफ कड़े कदम उठाए गए हैं और जमात-ए-इस्लामी जैसे संगठनों को प्रतिबंधित किया गया है, पर विभाजनकारी सोच अब भी कुछ हद तक समाज में बनी हुई है। यह मानसिकता इसलिए खत्म नहीं हो सकी है, क्योंकि जरूरी राजनीतिक विकल्प देने में हम नाकाम रहे हैं। इस गलती को जल्द सुधारना उचित होगा। यहां आम चुनाव में लोगों ने जमकर भागीदारी निभाई है और मुख्यधारा की पार्टियों पर भरोसा किया है। घाटी की दो सीटें नेशनल कॉन्फ्रेंस, तो जम्मू की दोनों सीटें भाजपा की झोली में गई हैं। मगर बारामूला में अब्दुल राशिद शेख बतौर निर्दलीय उमर अब्दुल्ला जैसे नेता को हराने में सफल हो गए। आतंकियों को धन मुहैया कराने के आरोप में जेल में बंद राशिद की इस जीत से मुमकिन है कि दहशतगर्दों को प्रोत्साहन मिला हो। आतंकी घटनाएं बढ़ाकर वे अपने इरादे जाहिर कर रहे होंगे, क्योंकि उनकी नजर में यह जीत समाज के एक तबके में उनकी स्वीकार्यता का प्रतीक हो सकती है।

### सुडोकू पहेली क्रमांक- 5404

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 8 | | | 6 | 4 | | |
| | | 6 | | 9 | | 8 | | 7 |
| 5 | | | | | | | | |
| 2 | 6 | 9 | 5 | | | | 8 | |
| | | | 4 | | 9 | | | |
| | 8 | | | | 2 | 7 | 9 | 1 |
| | | | | | | | | 5 |
| 6 | | 4 | | 7 | | 2 | | |
| | | 1 | 2 | | | 9 | | 3 |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5403

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 2 | 4 |
| 2 | 7 | 1 | 3 | 8 | 4 | 9 | 6 | 5 |
| 5 | 9 | 4 | 1 | 2 | 6 | 8 | 7 | 3 |
| 3 | 2 | 7 | 4 | 6 | 1 | 5 | 9 | 8 |
| 9 | 1 | 8 | 5 | 7 | 3 | 6 | 4 | 2 |
| 6 | 4 | 5 | 2 | 9 | 8 | 7 | 3 | 1 |
| 7 | 6 | 2 | 8 | 4 | 5 | 3 | 1 | 9 |
| 1 | 8 | 9 | 7 | 3 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 1 | 9 | 2 | 8 | 7 |

## आज का राशिफल

### मेष
आज का दिन काफी व्यस्तता से भरा होगा। आपके घर में मेहमानों के आने से आपका काम बढ़ सकता है। दिन भर काफी बिजी शेड्यूल रहेगा। शाम तक अच्छी खबरें मिलेंगी और आपसे मिलने कोई आपका अपना आ सकता है। प्रेफेशनल मामले में सावधानी बरतने से होने वाले नुकसान को बचाया जा सकता है।

### वृष
आज का दिन काफी मेहनत से भरा होगा। आपको सफलता मिलेगी और अपने काम पर ध्यान देने की जरूरत है। आपको अपने ऊपर कंट्रोल करने से लाभ होगा। कई लोगों के लिए दिन भर आलस का माहौल रहेगा और काम करने में मन नहीं लगेगा। आपकी परेशानी का कारण छोटी मोटी टेंशन हो सकती है। शाम को घर में अधिक समय बिताने से घर वाले प्रसन्न होंगे।

### कर्क
आज टीमवर्क से काम करने का दिन है तो आपको रिजल्ट अच्छे मिलेंगे। ऑफिस में अपने साथियों के साथ मिलकर काम करने से अच्छे रिजल्ट मिलेंगे। बातचीत से कोई आइडिया निकलकर आ सकता है। दोस्त के लिए तोहफा खरीदते वक्त आपकी जेब का ख्याल रखें। आपको पैसों की बचत करने के बारे में भी सोचना चाहिए।

### सिंह
आज किसी बात पर तनाव लेने की जरूरत नहीं है। बेहतर होगा कि अपने काम पर फोकस करें। बिजनस में मुनाफा अच्छा होगा और आपको अच्छा लाभ होगा। आज आपका परिवार के साथ शॉपिंग करने में मन लगेगा। दिन भर काम करने लायक बहुत से काम हैं लेकिन किसे करना है और किसे नहीं यह आपको सोचना है।

### मिथुन
आज करियर के मामले में लाभ होगा। दिन बहुत अच्छा बीतेगा। दिल में कोई बात या नया आइडिया हो तो फौरन आगे बढ़ें तो आपको सफलता प्राप्त होगी। रिश्तेदारों से पुराने गिले शिकवे दूर करने का समय है। दोस्तों के साथ रहने से फायदा हो सकता है। किसी कारण घरवालों से बहस हो सकती है।

### कन्या
आज ऑफिस में साथियों से बहस में न उलझें। आपकी कई अच्छाएं आज पूरी होंगी। घूमने फिरने से कोई जरूरी कम बन सकता है। किसी अभियान में आपकी जीत हो सकती है। फाइनेन्स से जुड़े कामों में अनुभवी लोगों की सलाह लेना फायदेमंद होगा।

### तुला
आज का दिन लाभ से भरा होगा। आपको कहीं से बहुत अच्छा ऑफर मिल सकता है और उसमें आपका लाभ होने की उम्मीद है। आज बेहतर होगा कि कोई रिस्क वाला कदम न उठाएं। परिवार मे मौजूद आपके विरोधी फिलहाल कुछ समय तक सिर नहीं उठा पाएंगे। आपके लिए दिन सम्मान से भरा होगा।

### वृश्चिक
आज करियर के मामले में आज का दिन काफी व्यस्तता से भरा होगा और दिमाग से किए गए काम का फायदा होगा। आपको परिवार का साथ मिलने की खुशी होगी। आज कोई पुरानी टेंशन दूर होगी। अगर आप दूसरों की मदद करेंगे तो आपकी मदद करने वाले भी आएंगे। ईमानदारी से जो काम करेंगे उसमें आपको अच्छा फल मिलेगा।

### मकर
आज दिन सफलता से भरा होगा और आज आपको कोई शुभ जानकारी भी मिल सकती है। फोन कॉल्स के जरिए आज कोई खुशखबरी मिलेगी। ऑफिस के साथी भी टीमवर्क से खुश होंगे। लेनदेन और बिजनस में खतरा हो सकता है। हेल्थ पर ध्यान देने की जरूरत है। आज कोई ऐसा काम न करें कि आपका खर्च अधिक हो सकता है।

### कुंभ
आज का दिन करियर के मामले में काफी मिलाजुला रहेगा। कोशिश जारी रखें तो अटके हुए काम भी बन जाएंगे। सतर्क होकर अपने काम में जुट जाएं शायद यह संघर्ष का आखिरी दौरा होगा। बाहर फिजूलखर्ची करने से बचें और वरना आप आगे के लिए पैसे नहीं बचा पाएंगे।

### धनु
आज का दिन सफलता से भरा होगा और आज आपको लाभ होगा। आपको आज टेलीफोन कॉल से कोई काम की जानकारी या फिर करियर से जुड़ा कोई शुभ समाचार मिल सकता है। स्टूडेंट अपना ज्यादा से ज्यादा ध्यान पढ़ाई में लगाएं तो फायदा मिलेगा। बिजनसमैन अपने धंधे मे नई तकनीकें अपना सकते हैं तो उसमें उन्हें सफलता प्राप्त होगी।

### मीन
आज कुछ जरूरी काम करने पड़ सकते हैं। मेहनत कुछ ज्यादा ही करनी होगी। शाम तक मुनाफा हासिल होगा और कई मौके आपके जीवन में आएंगे। घूमने फिरने के मौके जब भी आते हैं आप हमेशा तैयार रहते हैं। ऐसा ही मौका आज शाम को भी है। पार्टी में किसी अच्छे और खास शख्सियत वाले लोगों से मुलाकात हो सकती है। कोई खास काम की चिन्ता भी खत्म होगी।

## वर्ग पहेली 5404



**संकेतः बाएं से दाएं**
1. 1 अगस्त 2004 को इस देश ने भारत को 25 रनों से हराकर एशिया कप जीता था (3)
3. किसी देश की वह सीमा जो किसी दूसरे देश से मिली हों (4)
6. आर.के.नारायण के इस उपन्यास पर फिल्म निर्माण हुआ था, जिसमें देवानंद के साथ वहीदा रहमान थी (3)
7. पंडवानी शैली की प्रसिद्ध लोकगायिका (पद्मश्री)(5)
9. एक राजनीतिक पार्टी का संक्षिप्त नाम (2)
11. रदपट, अधर, ओंठ (2)
12. मनुज, इंसान, आदमी (3)
13. गुदाई करना, गुदाई कृति (3)
14. हस्ताक्षर, जो यथार्थ हो (2)
15. ना समझ, भोला, अनुभवहीन, सरल (2)
17. अत्यधिक, उच्च, उत्तम, बड़ा (2)
19. पढ़ने वाला, किसी विश्वविद्यालय का अध्यापक (3)
20. शरतचंद चट्टोपाध्याय की प्रसिद्ध कृति (4)

**ऊपर से नीचे**
1. विवाहित स्त्री, पत्नी (3)
2. विधायन करना, नियम बनाना (6)
3. विवाह क पूर्व की एक रस्म, मंगनी (3)
4. मथानी, जिससे मथा जा सकें (2)
5. अमेरिका के न्यूयार्क प्रांत के पूर्वी हिस्से में बहने वाली एक प्रसिद्ध नदी (4)
8. वर्षद, मेघ, जलदाता, नीरद, वारिद (3)
10. बिजली घर को अंग्रेजी में यह कहते है (6)
12. भारत के वर्तमान क्रिकेटर महेंद्रसिंह धौनी इस नाम से भी जाने जाते हैं (2)
13. महाराष्ट्र का प्रसिद्ध शहर नासिक इस नदी के उद्गम पर स्थित है (4)
14. बेटा, सूरज (अंग्रेजी)(2)
16. जिसमें दाग लगा हो, लांछित, दुर्गुणी (2)
18. मनसोविकार, मूल्य, भावित (2)

### वर्ग पहेली 5403 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मो | ह | म्म | द | र | फी | | गा |
| हि | म | | | ह | म | रा | ज |
| नी | ला | म | | ल | र | ज | ना |
| | व | ह | म | | | स्था | |
| वि | र | ल | | दा | म | न | |
| क | | स | | न | न | | जा |
| सि | ता | रा | दे | वी | | सु | वा |
| त | त | | व | र | दा | ता | |

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
**संपादक- श्रीराम अम्बष्ट**, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/3009**

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉग ऑन करें
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com.epaper



## संक्षिप्त समाचार

### ट्रेनों के ठहराव की मांग को ले राकांपा का धरना 25 को

**निरसा, एजेंसी।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष उमेश गोस्वामी ने रविवार को प्रेस वार्ता कर 25 जून मंगलवार से विभिन्न मांगों को लेकर थापरनगर स्टेशन पर धरना देने की चेतावनी दी है. कहा कि आसनसोल रेल मंडल के अधीन थापरनगर स्टेशन पर विभिन्न ट्रेनों के ठहराव, सौंदर्यीकरण को लेकर धरना दिया जायेगा. श्री गोस्वामी ने कहा कि आम जनता की हो रही असुविधा को देखते हुए मंडल रेल प्रबंधक आसनसोल को पत्र दिया गयीा था, बावजूद इस पर कोई पहल नहीं हुई. मौके पर पतीत पवन तिवारी, विमल गोरी, काजल बाुई, शेख सौरभ, विक्की , सागर मोदी, रूपेश कुमार, प्रदीप महतो, खटीक महतो, युधिष्ठिर महतो, प्रफुली, अमित चंद्र बाउरी, प्रहलाद महतो, सबल टुडू, अरुण कुमार व अन्य उपस्थित थे.

### लूचीबाद में मारपीट मामले में तीसरी शिकायत

**निरसा, एजेंसी।** पंचेत ओपी क्षेत्र के लूचीबाद में एक महिला के साथ हुई छेड़खानी के मामले में तीसरा शिकायत पंचेत ओपी में की गयी है. 13 जून को पीड़िता ने सोनू सिंह, अजीत सिंह, चंदन सिंह, शांतनु तुरी, सनी बनर्जी, कमल राउत सहित अन्य के खिलाफ छेड़खानी व मारपीट का आरोप लगाया था. दूसरी शिकायत कुछ ग्रामीणों द्वारा अवैध उत्खनन को कर की थी. वहीं तीसरी शिकायत 15 जून को सोनू कुमार सिंह नामक युवक ने पुलिस से की है. उन्होंने कहा है कि करणी सेना संगठन का एग्यारकुंड प्रखंड का अध्यक्ष हूं. सेना के सदस्य अमित कुमार सिंह द्वारा बताया गया कि लूचीबाग में कुछ लोगों द्वारा जंगल में अवैध खनन किया जा रहा है. सूचना पर 13 जून की रात वहां पहुंचा तो देखा कि अवैध कोयला ट्रक पर लोड किया जा रहा है. इस दौरान आरोपियों ने हमला कर दिया. इस घटना में दिनू, रिंकू, सुब्रतो, बिट्टू, सुनील सहित 20- 25 लोग शामिल हैं. मारपीट के दौरान गले से सोने की चेन छीन ली. अमित कुमार सिंह भी घायल है. पुलिस मामले की छानबीन कर रही है.

### ग्रामीणों ने लोहा चुराते युवक को पकड़ा

**कालूबथान, एजेंसी।** कालूबथान ओपी क्षेत्र के छागलिया गांव में लोहा चोरी करते ग्रामीणों ने संवेदक कंपनी के सहयोग से एक युवक को पकड़ा. अन्य लोहा चोर भागने में सफल रहे. पकड़े गये आरोपी को पुलिस ने रविवार को जेल भेज दिया. लोहा चोर निरसा थाना क्षेत्र के तेतुलिया के बताये जाते हैं. उसे छुड़ाने के लिए कई पैरवीकार जुटे थे. इस संबंध में कालूबथान ओपी प्रभारी राजीव प्रकाश ने बताया कि छागलिया गांव में रात्रि गश्ती पुलिस दल ने लोहा चोरी करते हुए आंकद्वारा निवासी विशु सिंह को गिरफ्तार किया. उसके खिलाफ कांड संख्या 189/2024 तथा भादवि की धारा 379/ 411/413/414/ 34 के तहत मामला दर्ज किया गया है. अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी चल रही है.

### बोकारो में बिजली-पानी के लिए सांकेतिक जल सत्याग्रह आंदोलन



**बोकारो, एजेंसी।** बोकारो में कई दिनों से जारी भीषण बिजली व जल संकट को लेकर भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ प्रकाश सिंह के नेतृत्व में सुनता पंचायत में रविवार को सांकेतिक जल सत्याग्रह आंदोलन हुआ. दर्जनों की संख्या में ग्रामीणों की मौजूदगी में डॉ प्रकाश ने रविवार की सुबह 6 से 10 बजे तक तालाब में खड़े रह कर सरकार का विरोध किया. डॉ प्रकाश ने कहा - बोकारो वासी भीषण गर्मी में बिजली-पानी के संकट से जूझ रहे हैं. डॉ. प्रकाश ने कहा - सुनता पंचायत में आदिवासियों की संख्या लगभग 6000 है. पंचायत में पानी-बिजली की पर्याप्त सुविधा नहीं है. बोकारो में विस्थापित क्षेत्र के 19 गांवों के साथ-साथ पूरे विधानसभा में पानी-बिजली को लेकर त्राहिमाम की स्थिति है. अगले तीन दिनों के अंदर समस्या को लेकर विशेष पहल नहीं की गई तो गांव से लेकर शहर तक के लोग सड़कों पर आंदोलन को विवश होंगे. मौके पर आदिवासी नेता रामलाल सोरन, हीरालाल मांझी, सुरेश हेंब्रम, मांझी बाबा सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे.

# झारखंड में दो दिन देरी से आएगा मानसून



रांची, एजेंसी। झारखंड में अगले दो दिन गर्मी से राहत मिलने वाली नहीं है। राज्य में अभी मानसून के लिए थोड़ा और इंतजार करना पड़ सकता है। मौसम विभाग के मुताबिक मानसून में दो दिन की देरी हो सकती है। पहले राज्य में 18 जून तक मानसून आने की संभावना जताई गई थी। वहीं, मौसम विभाग ने गढ़वा और पलामू में सीवियर हीटवेव का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। जबकि राज्य के पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां, चतरा, कोडरमा और हजारीबाग जिलों में हीटवेव का यलो अलर्ट जारी किया गया है।

हालांकि, प्रदेश के कुछ हिस्सों में आज 40 से 50 किमी की रफ्तार से हवा भी चलेगी। इस दौरान हल्के बारिश की भी संभावना बन रही है। बोकारो, धनबाद और चाईबासा में सुबह से हल्के बादल छाए हुए हैं। बीते 24 घंटे में राज्य के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश हुई, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली। मौसम विभाग के अनुसार रविवार को सबसे पश्चिमी सिंहभूम जिले के जगन्नाथपुर में 16.0 एमएम बारिश हुई। दूसरी ओर 45.9 डिग्री के साथ सरायकेला सबसे गर्म रहा।मौसम विभाग के अनुसार 18, 19 और 20 जून को भी हीटवेव का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। 18 जून को हीटवेव का सबसे ज्यादा खतरा गढ़वा, पलामू, चतरा में रहेगा। हालांकि, इस दिन प्रदेश के अन्य हिस्सों में बादल भी छाए रहेंगे। बारिश की भी संभावना है।

19 और 20 जून को राज्य में कहीं-कहीं 40 से 50 किलोमीटर की रफ्तार से हवाएं चलेंगी। मध्यम बारिश और बिजली गिरने की भी चेतावनी जारी की गई है।मौसम विभाग ने राजधानी रांची को लेकर भी पूर्वानुमान जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार 17 जून को राजधानी रांची का अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है। वहीं न्यूनतम तापमान 25 डिग्री रहने की संभावना है। आज आंशिक बादल छाए रहेंगे और मेघ गर्जन के साथ हल्की वर्षा की भी संभावना है।

### पंद्रह दिनों बाद लुढ़का रांची का पारा, दो जिलों में लू का कहर

**रांची, एजेंसी।** पिछले एक महीन से लू से परेशान राज्यवासियों को रविवार को रांची समेत कुछ स्थानों पर मौसम की नरमी से आंशिक राहत मिली। हालांकि पलामू, गोड्डा, धनबाद, रामगढ़, चतरा और बोकारो समेत कई जिलों में लोग गर्मी और लू से परेशान रहे। इन स्थानों का तापमान 41 से 44 डिग्री के बीच रहा।

रविवार को सबसे अधिक अधिकतम 44.5 डिग्री तापमान डाल्टनगंज का रिकॉर्ड किया गया। वहीं सबसे कम न्यूनतम 24.2 डिग्री तापमान चाईबासा का रिकॉर्ड किया गया। राजधानी रांची में 39 डिग्री तापमान रिकॉर्ड किया गया।

पिछले 24 घंटे के मौसम की बात करें तो राज्य में कुछ स्थानों पर मेघ गर्जन और आंधी के साथ बहुत हल्की व मध्यम दर्जे की वर्षा हुई। सबसे अधिक वर्षा 16 मिमी पश्चिमी सिंहभूम के जगन्नाथपुर में हुई।

मौसम विज्ञान केंद्र रांची के द्वारा जारी पूर्वानुमान की बात करें तो रांची में 17 से 22 जून तक आंशिक बादल छाए रहेंगे और इस दौरान कहीं कहीं हल्की व मध्यम दर्जे की वर्षा होने की संभावना है। वहीं, मौसम विभाग ने गढ़वा और पलामू जिलों में हीटवेव को लेकर आरेंज अलर्ट जारी किया है।पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला खरसावां, चतरा, कोडरमा और हजारीबाग जिलों में भी अभी हीटवेव की स्थिति बनी रहने का पूर्वानुमान मौसम विभाग ने व्यक्त किया है। इन जिलों में यलो अलर्ट जारी किया गया है।

## सेक्टरों में बने गैरेज की जांच में जुटा नगर सेवा विभाग



**बोकारो, एजेंसी।** बीएसएल की जमीन व क्वार्टर पर कब्जा करने व पानी-बिजली का अवैध कनेक्शन लेने वालों के खिलाफ नियमित रूप से अभियान चला रहे नगर सेवा विभाग की ओर से अब विभिन्न सेक्टरों में बने गैरेज की जांच शुरू की गयी है.

इसकी शुरुआत सेक्टर पांच सी से की गयी है. यहां बने गैरेजों पर विभाग की ओर से नोटिस चिपकाया गया है. साथ ही, नंबरिंग भी की गयी है.नोटिस में कहा गया है कि गैरेज निर्माण से संबंधित कागजात 15 दिनों के भीतर विभाग को दिखायें, अन्यथा गैरेज को अतिक्रमण की श्रेणी में डालकर तुड़वाने की प्रक्रिया शुरू होगी.

विभिन्न सेक्टरों में चारपहिया वाहनों के लिए गैरेज का निर्माण करने वाले बीएसएल कर्मियों को नगर सेवा विभाग परमिशन देता है. परमिशन में गैरेज की लंबाई-चौड़ाई का भी जिक्र होता है. इसके बाद ही कर्मी अपने क्वार्टर के निकट गैरेज का निर्माण करते हैं.

मतलब, नगर सेवा विभाग के परमिशन के बाद ही कर्मी गैरेज का निर्माण कर सकते हैं. विभाग को विभिन्न सेक्टरों से इस तरह की सूचना व शिकायत मिली है कि कई लोगों ने बिना परमिशन के ही लंबा चौड़ा गैरेज बना लिया है. कई लोगों ने अवैध रूप से गैरेज का निर्माण कर उसे भाड़ा पर लगा रखा है. कई सेक्टरों में बने गैरेज में तरह-तरह की दुकान भी खुल गयी हैं.

### रखे-रखे एक्सपायर हो गए कैथेटर व स्लाइन बैग, कबाड़ में बेचा

**धनबाद , एजेंसी।** यूरिन पास नहीं होने पर मरीज को कैथेटर लगाया जाता है। स्लाइन बैग मरीज को ग्लूकोज व अन्य स्लाइन चढ़ाने के लिए उपयोग में लाया जाता है। लेकिन सीजर, जेलको और अस्पताल में भर्ती मरीज के उपयोग की कई महत्वपूर्ण चीजें बिना उपयोग के ही खराब हो गई। इलाज के दौरान उपयोग में आनेवाली इन डिस्पोजेबल सामग्रियों की एक्सपायरी के बाद अस्पताल के सफाई कर्मचारी ने स्टोर से निकाल कबाड़ में बेच दी। दरअसल एसएनएमएमसीएच के शिशु रोग विभाग के वार्ड के पास बने स्टोर में यह जरूरी चीजें रखी गई थी। उपयोग के लायक नहीं रहा इसलिए वार्ड के कर्मचारियों ने स्टोर से इन चीजों को हटाने का निर्देश दिया गया। अस्पताल के सफाई कर्मचारी स्टोर से इन सामानों को निकाल दो बड़े थैलों में भरकर सुपर स्पेशियलिटी बिल्डिंग के पास कबाड़ के यहां किलो के भाव में बेच दी।

अस्पताल से निकलने वाला मेडिकल वेस्ट जिसमें खाली स्लाइन की बोतलें, स्लाइन बैग, जेलको, सीरिंज भी अस्पताल के सफाई कर्मचारी कबाड़ में बेच देते हैं। सफाई कर्मचारी वार्डों से जमा कचरे से इन चीजों को अलग छांटकर जमा कर लेते हैं और किलो के भाव बेच देते हैं, जो खतरनाक हो सकता है। इससे संक्रमण फैलने का खतरा रहता है। हालांकि मेडिकल वेस्ट के डिस्पोजल के लिए अस्पताल प्रबंधन व एजेंसी के बीच करार है लेकिन लापरवाही हावी है।

अस्पताल के स्टोर से निकाल कबाड़ को बेचे गए मेडिकल इक्विपमेंट की कीमत 50 हजार रुपये से अधिक आंकी गई। लेकिन बिना उपयोग कबाड़ में 15 रुपए किलो के भाव बिक गए।

# झारखंड में सोने की दुकान मालकिन से लूट, लाखों का सोना और कैश लेकर भागे बदमाश



**रांची, एजेंसी।** झारखंड के बरियातू के राजश्री ज्वेलर्स की संचालिका सुजाता गुप्ता से बाइक सवार अपराधियों ने पांच लाख नगदी समेत करीब 6 लाख रुपए के जेवरात लूट लिए। इस घटना को अपराधियों ने शनिवार को बरियातू में उस समय अंजाम दिया, जब संस्थान संचालिका रुपयों और जेवरात से भरे बैग को लेकर कार से नीचे उतरीं थीं।

इस संबंध में जेवर दुकान की संचालिका सुजाता गुप्ता ने बरियातू थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। बूटी मोड़ आनंद बिहार की रहने वाली सुजाता ने बताया कि वह शनिवार को पुत्र के साथ शनिवार शाम करीब चार बजे बरियातू रोड में स्थित एचडीएफसी बैंक के पास गई थीं, तभी घटना हुई।

महिला को धक्का देकर पैसों और जेवर से भरे बैग को ले भागे झपटमार

पीड़िता ने दर्ज करवाई गई प्राथमिकी में बताया कि कार को बैंक के पास लगाने के बाद वह उतरीं ही थीं, इसी दौरान एक बाइक पर सवार दो अपराधी मौके पर पहुंचे। उन्हें धक्का देते हुए उनके हाथ से रुपयों और जेवरात से भरा थैला झपटकर फरार हो गए। पीड़िता ने बताया कि थैले में 5 लाख रुपए नगदी के अलावा 135 ग्राम सोने के जेवरात थे। जेवरात की कीमत करीब 6.70 लाख रुपए थी। हालांकि घटना के बाद वह और उनका पुत्र शोर मचाते हुए अपराधियों के पीछे भागे, मगर अपराधी बाइक से तेजी से फरार हो गए। घटना के बाद वे सीधे बरियातू थाना पहुंची और मामला दर्ज कराया।

**जेवर दुकान के लुटेरों को पकड़ने के लिए 72 घंटे का दिया समय :** सोना-चांदी व्यवसायी समिति के एक प्रतिनिधिमंडल रविवार को वरीय पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) चंदन सिन्हा से मिलकर ज्ञापन सौंपा। साथ ही प्रशासन के लगातार प्रयास को देखते हुए प्रतिनिधिमंडल ने पिछले दिन जेवर दुकान में हुई लूटपाट की घटना में शामिल अपराधियों को धरपकड़ के लिए उन्हें कुछ और समय दिया। व्यवसायी समिति ने ज्वेलरी दुकान में हुई लूटपाट के आरोपी को पकड़ने और न्याय दिलाने की मांग की थी। उन्होंने 72 घंटे के अंदर दोषियों को पकड़ने की मांग की थी। ऐसा नहीं होने पर उन्होंने आंदोलन की चेतावनी दी थी। अब कार्यप्रणाली पर संतोष जाहिए करते हुए अगले 72 घंटे का समय दिया है। बता दें कि प्रतिनिधिमंडल ने एसएसपी से जांच और कार्रवाई को लेकर विस्तृत जानकारी ली है। प्रतिनिधिमंडल में संतोष कुमार सोनी, दीपक साहू, गोपाल सोनी, उदय बर्मन, मुकेश सहित अन्य शामिल थे।

## 65 हजार पारा शिक्षक और सभी अनुबंध कर्मियों के लिए खुशखबरी! झारखंड सरकार ने ईपीएफ से जोड़न के लिए कमेटी की गठित




**रांची, एजेंसी।** राज्य सरकार 65 हजार पारा शिक्षकों सहित विभिन्न विभागों के तमाम अनुबंध कर्मियों को ईपीएफ का लाभ देने पर विचार कर रही है।

वित्त विभाग ने सभी विभागों के लिए एक उच्च स्तरीय कमेटी गठित की है। कमेटी की अनुशंसा के आधार पर इस संबंध में निर्णय लिया जाएगा। वित्त विभाग ने इसकी जानकारी झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद को दी है।

इससे पहले परिषद ने समग्र शिक्षा अभियान के तहत कार्यरत पारा शिक्षकों के अलावा बीआरपी, सीआरपी तथा परिषद के अधीन कार्यरत अन्य अनुबंध कर्मियों को ईपीएफ का लाभ देने के लिए प्रस्ताव मुख्य सचिव की अध्यक्षता वाली राज्य कार्यकारिणी समिति को दिया था। इस पर राज्य कार्यकारिणी समिति ने वित्त विभाग के प्रधान सचिव को इसपर रिपोर्ट देने को कहा था कि पारा शिक्षकों आदि को ईपीएफ का लाभ दिया जा सकता है या नहीं। इधर, रिपोर्ट नहीं मिलने के बाद परिषद ने वित्त विभाग से पत्राचार किया। इसमें वित्त विभाग ने सभी विभागों के लिए उच्च स्तरीय कमेटी गठित किए जाने की जानकारी देते हुए इसकी रिपोर्ट आने तक इंतजार करने को कहा।

बताते चलें कि पारा शिक्षक लगातार ईपीएफ का लाभ देने की मांग करते रहे हैं। तत्कालीन शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो की पहल पर इसे लेकर परिषद ने पारा शिक्षकों, कस्तूरबा तथा झारखंड आवासीय विद्यालयों की शिक्षिकाएं एवं कर्मियों, बीआरपी तथा सीआरपी को ईपीएफ का लाभ देने के लिए प्रस्ताव तैयार कर राज्य कार्यकारिणी समिति को भेजा था।

पारा शिक्षकों एवं अन्य कर्मियों को ईपीएफ का लाभ देने को लेकर तैयार प्रस्ताव में कहा गया कि प्रति कर्मी 1,950 रुपये के हिसाब से नियोक्ता का अंशदान देने पर प्रतिवर्ष 152.10 करोड़ रुपये का खर्च आएगा।

इस खर्च का वहन राज्य बजट से करने का प्रस्ताव है। कर्मचारी अंशदान संबंधित पारा शिक्षक व अन्य कर्मियों के मानदेय से कटौती कर किया जाना था।

प्रस्ताव में यह भी कहा गया कि पारा शिक्षकों एवं अन्य कर्मियों को ईपीएफ का लाभ देने पर कल्याण कोष के गठन की आवश्यकता नहीं होगी। बताते चलें कि इस कोष के माध्यम से पारा शिक्षकों को दुर्घटना बीमा, जीवन बीमा आदि का लाभ देने का मामला विचाराधीन है।

### लगातार चढ़ते पारा से खेती प्रभावित, धान की खेती में हो रही लगातार देरी

**हजारीबाग , एजेंसी।** जून का आधा महीना गुजर चुका है। लेकिन पारा 41 से 43 डिग्री सेल्सियस पर बना हुआ है। गत दो वर्षों से जिले में सामान्य से कम वर्षा हो रही है। इनका असर धान की खेती पर पड़ रहा है। गत वर्ष 84 हजार हेक्टेयर में धान का आच्छादन का लक्ष्य निर्धारित था। लेकिन सामान्य वर्षापात से कम बारिश होने से निर्धारित लक्ष्य के 10 प्रतिशत भाग में ही बिचड़ा लग पाया था। जिले के 16 प्रखंड के किसान सूखे की चपेट में आ गए थे। बावजूद मापदंड पर खरा नहीं उतरने के कारण इस जिले को सुखाड़ घोषित नहीं किया गया। जबकि राज्य के 12 जिले को सुखाड़ घोषित किया गया था। जिले के साढ़े तीन लाख से अधिक मेहनतकश अन्नदाता किसान दो वर्षों से सूखे की मार झेल रहे हैं। किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें खींच रही है। किसान मानसून के जल्दी आने का इंतजार कर रहे हैं। लेकिन फिलहाल मानसून के आने के आसार नहीं दिख रहे हैं। इससे किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें दौड़ रही है। भीषण गर्मी और तापमान अधिक होने से धान की बुआई से वह इस साल पीछे न रह जाएं। यह चिंता उन्हें सताए जा रही है। 15 जून तक धान की फसल के लिए खेतों की जुताई तक नहीं हो पाई है। मृगशिरा नक्षत्र शुरू हो गया है। लेकिन धान की नर्सरी तैयार करने का काम शुरू नहीं हुआ है। जिला कृषि पदाधिकारी असीम एक्का कहते हैं कि अभी तापमान चरम पर है। ऐसे में किसानों को इंतजार करना चाहिए। धान की नर्सरी के लिए तापमान 32 से 35 डिग्री सेल्सियस से होना जरूरी है। लेकिन अभी तापमान 41-43 डिग्री से भी ऊपर चल रहा है। इस मौसम में किसान नर्सरी तैयार करने धान का बीज डाल देते हैं तो उसका अंकुरण नहीं हो पाएगा। पक्षी धान बीज को चुग जाएंगे। अनुकूल मौसम के बाद ही धान की नर्सरी तैयार की जाती है। मई में धान की खेत तैयार की जाती है। गोबर या अन्य प्राकृतिक खाद डाला जाता है। फिर एक जून के बाद धान की नर्सरी डालने का काम शुरू हो जाता है।

### विधानसभा चुनाव के लिए समय कम है और जिम्मेदारी बड़ी, जनता के बीच अभी से ही पहुंचें -सुदेश



**रांची, एजेंसी।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा है कि राज्य में मौजूदा राजनीतिक हालात बदलने के लिए पार्टी के सभी कार्यकर्ता संकल्पित होकर काम करें। विधानसभा चुनाव के लिए समय कम है और जिम्मेदारी बड़ी है। राज्य के विषय, विचार और भावना की रक्षा करने की प्रतिबद्धता को मजबूती प्रदान करें।

कार्यकर्ता अभी से ही जनता के बीच पहुंचें। सुदेश महतो रविवार को कांके में रिंग रोड स्थित एक बैंक्वेट हॉल में आयोजित पार्टी की केंद्रीय समिति की बैठक में अपनी बातें रख रहे थे। इस दौरान पार्टी की भावी रणनीतियों और कार्यक्रमों पर पार्टी पदाधिकारियों ने विस्तृत चर्चा करते हुए कहा कि संघर्ष ही हमारी पहचान है।

आजसू पार्टी का स्थापना दिवस 22 जून को है। पार्टी इस दिन को बलिदान दिवस के रूप में मनाएगी। राज्य के सभी विधानसभा क्षेत्रों में युवा सम्मेलन का आयोजन होगा। इसमें राज्य के विकास के लिए युवाओं से सुझाव लिए जाएंगे।

पार्टी के उपाध्यक्ष व नवनिर्वाचित सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने पदाधिकारियों से कहा कि हर चुनौती का सामना हम सभी को मिलकर करना है। प्रधान महासचिव रामचन्द्र सहिस ने कहा कि आजसू के पास स्पष्ट नीति और विचार है। झारखंड को राजनीति का प्रयोगशाला बना दिया गया है। यह निराशाजनक है। विधायक डॉ. लंबोदर महतो ने कहा कि पार्टी के भावी कार्यक्रम को हम सब मिलकर धरातल पर उतारने का काम करेंगे।

## ग्रामप्रधान संघ, कर्रा के अध्यक्ष के खिलाफ सीओ से दर्ज कराई प्राथमिकी

**रांची/खूंटी, एजेंसी।** कर्रा की अंचलाधिकारी वंदना भारती ने कर्रा प्रखंड ग्रामप्रधान संघ के अध्यक्ष सह झामुमो के अजीवन सदस्य महादेव मुंडा के खिलाफ कर्रा थाने में एक प्राथमिकी दर्ज करायी है। महादेव मुंडा पर गलत वंशावली बनाने, वार्ड सदस्य का फर्जी हस्ताक्षर एवं मोहर लगाने, वंशावली सत्यापन के लिए अनावश्यक दबाव बनाने, सरकारी कार्यों में बाधा उत्पन्न करने, सरकारी कर्मी को डराने एवं धमकाने का आरोप है।

**क्या कहा गया है प्राथमिकी में :** प्राथमिकी में कहा गया है कि महादेव मुंडा द्वारा ग्राम कनसीली खाता संख्या 65 का ग्राम सभा द्वारा वंशावली का सत्यापन के लिए आवेदन प्राप्त है। इस संबंध में कर्रा अंचल के राजस्व उपनिरीक्षक सुकेश रंजन ने बताया है कि उक्त भूमि भूईहरी के अन्तर्गत है, जो सरकार में निहित नहीं है। जब 26 मई 2024 को शाम के साढ़े पांच बजे कनसिली गांव में जाकर स्थानीय जांच के क्रम में ग्राम पंचायत लोधमा की मुखिया एवं वार्ड सदस्य से जब वंशावली के संबंध में पूछताछ की गई, तो दोनों ने महादेव मुंडा द्वारा समर्पित वंशावली को गलत बताया।

आरोप है कि महादेव मुंडा द्वारा वंशावली सत्यापित कराने के लिए राजस्व उपनिरीक्षक सुकेश रंजन पर अनावश्यक दबाव डालते हुए गाली-गलौज की गई। प्राथमिकी में कहा गया है कि इस संबंध में वार्ड सदस्य द्वारा लिखित आवेदन दिया गया है कि गलत तरीके से शपथ पत्र पर स्टांप लगाकर फर्जी हस्ताक्षर किया गया है। सीओ ने कहा है कि इस घटना से राजस्व उपनिरीक्षक सुकेश रंजन काफी डरा हुआ है, उसने कहा है कि उसे सरकारी काम करने में कठिनाई उत्पन्न हो रही है।

प्राथमिकी में यह भी कहा गया है कि महादेव मुंडा ने आठ जून को ग्राम प्रधान एवं पड़हा राजाओं के साथ बैठक कर गलत बयानबाजी कर एवं अखबार में प्रकाशित कर अंचल कार्यालय को बदनाम करने की कोशिश की। जिससे अंचल कार्यालय की छवि धुमिल हुई। कहा गया है कि सरकारी कार्यों के प्रति महादेव मुंडा द्वारा लोगों को भड़काने का भी प्रयास किया जाता है।

**मंगलवार को मैं काउंटर केस करूंगा - महादेव मुंडा :** इस संबंध में महादेव मुंडा ने कहा कि सीओ द्वारा किए गए केस का काउंटर केस वे मंगलवार को करेंगे।

अगर थाने में केस नहीं लिया गया, तो वे कोर्ट जाएंगे। उन्होंने सीओ पर गलत बयानबाजी करने का आरोप लगाया है। वह वास्तव में मेरे द्वारा लगाया गया आरोप नहीं, बल्कि आठ जून की बैठक में आए लोगों के द्वारा लगाया गया आरोप है। उन्होंने कहा कि वास्तव में वार्ड सदस्य को मैने डराया या धमकाया नहीं बल्कि राजस्व उपनिरीक्षक के द्वारा ही वार्ड सदस्य को डरा-धमका कर आवेदन लिया गया है, जिसका प्रमाण उनके पास है। उन्होंने कहा कि वार्ड सदस्य ने यह बातें उन्हें फोन पर बताया है और उसकी रेकॉर्डिंग उनके पास है।

**मुखिया संघ ने गलत वंशावली से संबंधित शिकायत डीसी से की है :** कुछ दिन पूर्व ही कर्रा मुखिया संघ के सदस्यों के द्वारा खूंटी के डीसी लोकेश मिश्र और विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा को आवेदन सौंपकर कहा गया है कि वंशावली में फर्जी हस्ताक्षर कर जमीन की खरीद-बिक्री की जा रही है। डीसी ने इस मामले की जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। बहरहाल पूरे मामले की जांच की जा रही है।

## झारखंड से केदरनाथ जा रही बस दुर्घटनाग्रस्त, यूपी के चंदौली में हुए हादसे में 18 यात्री घायल

चंदौली/दुमका, एजेंसी। झारखंड से केदारनाथ जा रहे श्रद्धालुओं से भरी बस रविवार सुबह यूपी के चंदौली सदर कोतवाली के झांसी गांव के समीप अनियंत्रित होकर सड़क पर खड़े कंटेनर में घुस गई। इस हादसे में 18 श्रद्धालु घायल हो गए हैं, जिनका इलाज चंदौली जिला अस्पताल में चल रहा है।

आंशिक रूप से घायल श्रद्धालुओं को प्राथमिक चिकित्सा के बाद छोड़ दिया गया, जबकि गंभीर रूप से घायल तीन लोगों को वाराणसी के ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। बस में 65 श्रद्धालु सवार थे। झारखंड के दुमका से टूरिस्ट बस में बैठकर लगभग 65 श्रद्धालु केदारनाथ धाम जा रहे थे।

झारखंड से बस चलने के बाद बीती देर रात तक बिहार के गया में रुकी थी। वहां से आराम करने के बाद सभी लोग तड़के सुबह पुनः केदारनाथ धाम के लिए निकले थे। झांसी गांव के समीप हाईवे पर पहुंचे थे कि किनारे खड़े कंटेनर में श्रद्धालुओं से भरी बस घुस गई।

श्रद्धालुओं के अनुसार, बस चालक को नींद आ गई थी, जिससे यह हादसा हो गया। घटना की जानकारी लगते ही मौके पर पहुंचे एंबुलेंस के कर्मियों ने एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। घायल श्रद्धालु प्रेम कुमार शर्मा ने बताया कि झारखंड से केदारनाथ धाम के लिए निकले थे।

गया में हाल्ट किए थे, फिर वहां से हम लोग केदारनाथ धाम के लिए जा रहे थे, तभी खड़ी ट्रक में पीछे से बस चालक ने टक्कर मार दी।जिला अस्पताल के इमरजेंसी मेडिकल आफिसर अजय कुमार वर्मा ने बताया कि श्रद्धालुओं की बस से दुर्घटना हुआ है, जिसमें एक दर्जन से अधिक घायल जिला अस्पताल में आए हैं, जिसमें दो-तीन को गंभीर चोट आई है।सभी को भर्ती कर प्राथमिक इलाज के बाद गंभीर रूप से तीन घायलों को ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया।

घायलों में उज्जवल गोस्वामी 63 वर्ष निवासी जराजहां जामताड़ा झारखंड, गोदावर घोष (74) वर्ष वर्धमान, उत्तम गोलमारा जिला धनबाद, सिंटू पंडेसर जिला वर्धमान, गोधार घोष (74) जमुडिया, बर्धमान, रेनिका पंडित (45) मोहनबानो जामताड़ा झारखंड, मुन्नी मरई (40) गणराम सिकरी बाडो झारखंड सहित अन्य शामिल हैं। इसमें सिंटू, रेनिका पंडित व मुन्नी मरई को ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है।

## पशु शाला में फंदे से लटका मिला बुजुर्ग, मौत

**जामो (अमेठी)।** थाना क्षेत्र के चिटुहला गांव में रविवार को एक बुजुर्ग का शव पशुशाला में फंदे से लटका मिला। शव देखकर परिजनों में कोहराम मचा गया। थाना क्षेत्र के चिटुहला गांव निवासी रामअवध सिंह (50) शनिवार रात भोजन करने के बाद कमरे में सोने गए थे। रविवार सुबह जब वह नहीं दिखाई पड़े तो परिजनों ने तलाश शुरू की। मकान के पास स्थित पशुशाला में लगे हुक के सहारे रामअवध सिंह का शव फंदे से लटकता मिला।

शव देखकर परिजनों में कोहराम मच गया। एसएचओ विनोद कुमार सिंह ने मृतक के भतीजे अखिलेश प्रताप सिंह की सूचना पर शव का पोस्टमॉर्टम करवाया है। प्रथम दृष्टया जांच में फांसी लगाने का मामला प्रकाश में आया है। यदि परिजन कोई तहरीर देते है तो केस दर्ज कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## ट्रांसपोर्टर-व्यापारी के मेल से चल रहा जीएसटी चोरी का खेल

**गाजियाबाद।** ट्रांसपोर्टरों और व्यापारियों की सांठगांठ से वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) चोरी का खेल चल रहा है। राज्य कर विभाग ने डेढ़ माह में ऐसे 16 ट्रांसपोर्टरों पर शिकंजा कसा है, जिनके वाहनों की बार-बार टैक्स चोरी में संलिप्तता पाई जा रही है। गाजियाबाद के रास्ते नियमों को ताक पर रखकर हो रही माल ढुलाई पर निगरानी रखने के लिए जांच टीमों को अलर्ट कर दिया गया है। जिन ट्रांसपोर्टरों की गाड़ियां बार-बार पकड़ी जा रही हैं, उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश भी जांच अधिकारियों को दिए गए हैं।

राज्य कर विभाग के अपर आयुक्त ग्रेड-1 दिनेश कुमार मिश्रा ने बताया कि गोपनीय सूचनाओं के आधार पर जोन एक और जोन दो में हापुड़ और बुलंदशहर में प्रवर्तन इकाइयों को विशेष टास्क दिया गया है। जीएसटी चोरी में लिप्त 16 ट्रांसपोर्टरों की सूची तैयार कराई गई है। बीते मई माह में इन ट्रांसपोर्टरों की 57 गाड़ियों को पकड़ा गया था। इन वाहनों में नियमों को ताक पर रखकर परिवहन किए जा रहे 80.72 लाख रुपये का माल सीज करते हुए 80 लाख रुपये जुर्माना लगाया गया। इसी तरह जून में अब तक चार ट्रांसपोर्टरों की पहचान की गई है, जिसमें बुलंदशहर-गाजियाबाद के बीच गाड़ियों का संचालन करने फौजी ट्रांसपोर्टर, मथुरा, मुजफ्फरनगर और गाजियाबाद के बीच स्क्रैप की ढुलाई करने वाले भूरा प्रधान, पान मसाला से संबंधित कच्चा माल ढुलाई करने वाले खुर्रम नरेंद्र जैन और अविनाश गुप्ता को चिन्हित किया गया है।

## कंपनी के सहायक प्रबंधक के कमरे से लैपटॉप, फोन समेत बैग चोरी

**कौशांबी।** के.ए. ब्लॉक में रहने वाले निजी कंपनी के सहायक प्रबंधक के कमरे से चोरों ने कंपनी का लैपटॉप, फोन और बैग चोरी कर लिया। 13 जून की सुबह साढ़े छह बजे वह नींद से जागकर मेनगेट खोलने के बाद दोबारा सो गए। चोरी की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। कौशांबी पुलिस को चोरी का मुकदमा दर्ज कराया है। कौशांबी निवासी दिव्य प्रकाश साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र की निजी कंपनी में सहायक प्रबंधक हैं। वह एक पीजी में किराये पर रहते हैं।

उन्होंने शिकायत दी कि 12 जून को ड्यूटी से घर पहुंचकर वह सो गए थे। रोजाना की तरह 13 जून की सुबह साढ़े छह बजे जागकर मेन गेट खोल दिया। इसके बाद एक रिश्तेदार से बात करने के लिए कॉल की लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो पाया। वह कमरे में जाकर दोबारा सो गए। इस बीच चोरों ने कमरे से दो मोबाइल फोन, कंपनी का लैपटॉप, आईकार्ड, हार्ड डिस्क, दो डेबिट कार्ड, पैन कार्ड, आधार कार्ड, पहचान पत्र, मेट्रो कार्ड, आठ हजार रुपये, चांदी का सिक्का, मोबाइल चार्जर, पेन ड्राइव चोरी कर ली। उन्होंने तुरंत कौशांबी पुलिस को चोरी की शिकायत देकर मुकदमा कराया। एसीपी स्वतंत्र कुमार सिंह का कहना है कि चोरों की पहचान करने में टीम लगी है।

## किराया मांगने पर सीबीएसई के सेवानिवृत्त अधिकारी से बोले जातिसूचक शब्द

**साहिबाबाद।** कोतवाली क्षेत्र के श्याम पार्क एक्सटेंशन में सीबीएसई के सेवानिवृत्त एमएस डायरेक्टर को किराया मांगने पर जातिसूचक शब्द बोलने का मामला सामने आया है। उन्होंने मुकदमा दर्ज कराया है। आईपीएस अधिकारी मामले की जांच कर रही हैं। प्रीतम सिंह ने शिकायत दी कि वह 12 मार्च की शाम पांच बजे पत्नी विमला के साथ श्यामपार्क एक्सटेंशन में किरायेदार कुनाल अग्रवाल से नौ लाख 75 हजार रुपये बकाया लेने गए थे लेकिन दंपती को जातिसूचक शब्द बोलकर अपमानित किया गया। विरोध करने पर दोनों को मारने की धमकी दी। एसीपी साहिबाबाद रजनीश उपाध्याय का कहना है कि आईपीएस अधिकारी के पास विवेचना है। मामले में जांच की जा रही है।

# ईद उल अजहा पर नमाज पढ़कर देश में अमन चैन की दुआ मांगी



**लखनऊ, एजेंसी।** ईद उल अजहा का त्योहार प्रदेश भर में धूमधाम से मनाया जा रहा है। लखनऊ सहित प्रदेश के सभी जिलों में मुस्लिम समाज के हजारों लोगों ने एक साथ नमाज पढ़ी और देश मे अमन चैन की दुआ मांगी। वहीं, प्रदेश भर में सुरक्षा को लेकर भी कड़े इंतजाम किए गए है और चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात है। लखनऊ में टीले वाली मस्जिद पर सबसे पहले सुन्नी समुदाय के लोगों ने नमाज पढ़ी।

**गले मिलकर दी बधाई:** ईद की नमाज पढ़ने के बाद लोगों ने एक दूसरे से गले मिलकर ईद की बधाई दी। छोटे छोटे बच्चों ने भी नमाज पढ़ने के बाद एक दूसरे से गले मिलकर ईद की बधाई दी।

**योगी ने ईद-उल-अजहा की बधाई दी:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को ईद-उल-अजहा की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि ईद-उल-अजहा का त्योहार सभी को मिलजुल कर रहने तथा सामाजिक सद्भाव बनाए रखने की प्रेरणा प्रदान करता है।

## ईद उल अजहा: अल्लाह की इबादत में उठे हाथ, अकीदत के साथ अदा हुई नमाज

**सहारनपुर, एजेंसी।** बकरीद पर्व हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है। सहारनपुर जिले में महानगर में अंबाला रोड स्थित ईदगाह में मुस्लिम समाज के लोग नमाज अदा करने पहुंचे और अल्लाह की इबादत में हजारों हाथ उठे। वहीं, अनेक मस्जिदों में नमाज अदा की गई। देश में खुशहाली और तरक्की की दुआ की गई। इसके बाद कुर्बानी दी गई। परिवार के सदस्यों के साथ बच्चे भी सजधजकर नमाज अदा करने पहुंचे। वहीं, पुलिस-प्रशासन की ओर से सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए। अंबाला रोड स्थित ईदगाह पर नमाज पढ़ने के लिए लोग सुबह से ही पहुंचना शुरू हो गए थे। शहर काजी नदीम अख्तर ने सात बजकर 45 मिनट नमाज अदा कराई। नमाज के बाद देश में खुशहाली और अमन चैन की दुआएं मांगी गई। तकरीर में शहर काजी नदीम अख्तर ने कहा कि कुर्बानी के मायने खुदा को राजी करना है। हमें एक-दूसरे के काम आना चाहिए और दिखावे से बचना चाहिए। इंसान को इंसान के काम आना चाहिए। बेहतरीन इंसान वही है, जो किसी को तकलीफ ना पहुंचाए। अल्लाह उस व्यक्ति को पसंद करते हैं, जो दूसरों के काम आता है। हमें दूसरों को खुशी ध्यान रखना चाहिए। गरीब लोगों के प्रति हमदर्दी रखनी चाहिए। इस दौरान पुलिस-प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। वहीं, चौक फव्वारा स्थित जामा मस्जिद में नमाज अदा कराई। इसी तरह महानगर की मस्जिदों में भी लोगों ने अकीदत के साथ नमाज अदा की।

# गर्मी में 10 से 12 घंटे की बिजली कटौती, बिलबिलाए लोग

**अमेठी, एजेंसी।** अमेठी सिटी। भीषण गर्मी में बिजली की जरूरत बढ़ने के साथ अघोषित कटौती ने लोगों को बेहाल कर रखा है। रविवार को गौरीगंज, इन्हौना और ऐंधी फीडर से 10 से 12 घंटे तक बिजली कटौती रही, जिससे लोग इस भीषण गर्मी में बिलबिला गए। जिले के कस्बों व ग्रामीण क्षेत्रों में बार-बार की ट्रिपिंग से लोग परेशान हैं। उधर, विभागीय अधिकारियों का कहना है कि गर्मी में बिजली आपूर्ति के साथ फाल्ट के मामले बढ़ गए हैं। गौरीगंज के जिला मुख्यालय के तहसील रोड पर रविवार सुबह से लेकर शाम तक चार से पांच बार कटौती की गई। बिजली उपकेंद्र, बरनाटीकर के ऐंधी फीडर में तार बदलने से सुबह सात से शाम सात बजे तक बिजली कटौती रही है। रविवार को बिजली नहीं आने से उपभोक्ता काफी परेशान हैं।

इन्हौंना कस्बे में शनिवार रात 11 बजे बिजली कटौती हुई, जिसे बहाल करने में विभागीय कर्मचारियों को 12 घंटे लग गए। 12 घंटे की अघोषित कटौती से कस्बेवासी परेशान हो उठे। स्थानीय निवासी अरविंद गुप्ता, रमेश शुक्ला, जावेद, आवेश, बंटी आदि ने बताया कि शनिवार की रात 11 बजे कटी बिजली रविवार को दोपहर 11 बजे आई है। विद्युत उपकेंद्र के अंतर्गत आने वाली ग्राम सभा सराय माधो निवासी अश्विनी सिंह ने बताया कि लगभग चार पांच दिन से बिजली की आवाजाही की समस्या है। दस मिनट की आपूर्ति के बाद आधे-आधे घंटे की कटौती होती है। जेई सुनील मौर्य ने बताया कि कुछ तकनीकी खराबी के कारण आपूर्ति बाधित रही।

### जगदीशपुर में लो वोल्टेज से उपभोक्ता परेशान

जगदीशपुर में लो वोल्टेज और ट्रिपिंग से उमस भरी गर्मी में लोग बेहाल है। उपकेंद्र सेमरौता की ग्राम पंचायत टढेई कैथनपुरवा लो वोल्टेज की समस्या लगातार बनी है। ग्रामीण प्रमोद श्रीवास्तव सहित कई ग्रामीणों ने बताया कि बिजली का वोल्टेज कम रहता है। पंखे और अन्य उपकरण नहीं चलते। ग्रामीणों ने ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाई जाने की मांग की है।

### सुबह से दोपहर तक रही बिजली कटौती

भादर के पीपरपुर पावर हाउस के तहत नरायनपुर फीडर पर बिजली की आंख मिचौली से ग्रामीण परेशान हैं। रविवार भोर से बिजली गुल रही, जोकि दोपहर बाद बहाल हुई। इसके बाद हर आधे घंटे बाद बीस से पच्चीस मिनट की कटौती का सिलसिला जारी रहा। इससे अग्रेसर, सोनारी, सांगापुर, मरूई, फतुहवा, तिवारीपुर, खरगीपुर, रामचंद्रपुर आदि गांवों में लोगों को परेशानी झेलनी पड़ी। संजय तिवारी, सौरभ सिंह, राहुल गौतम समेत कई ग्रामीणों ने बताया कि रविवार को बमुश्किल दो से तीन घंटे आपूर्ति दी गई।

जेई रवि सिंह ने कहा कि खरगीपुर गांव में नया पोल लगने की वजह से कुछ समय के लिए कटौती की गई। इसके बाद आपूर्ति बहाल कर दी गई जो सुचारू रूप से चल रही है।

### लो वोल्टेज से फुंक रहे उपकरण

जामो विकास क्षेत्र के बिजलीघरों मे लगे पुराने ट्रांसफार्मर के चलते लो वोल्टेज की दिक्कत बनी हुई है। कई बार हाईवोल्टेज के चलते उपभोक्ताओं के घर में लगे उपकरण फुंक रहे हैं। अवर अभियंता प्रेमचंद कुशवाहा ने बताया कि उपकेंद्र पर लगा ट्रांसफार्मर बहुत पुराना हो गया है। ऊर्जा निगम के उच्चाधिकारियों से ट्रांसफार्मर लगवाए जाने की मांग की गई है।

# यूपी में बिजली कटौती और दर बढ़ोतरी के प्रस्ताव का विरोध

### अखिलेश बोले- जनता से हार का बदला ले रही भाजपा



**लखनऊ, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश में बिजली के मुद्दे पर सियासत गरम हो गई है। सपा ने बिजली कटौती और दरें बढ़ाकर मतदाताओं से हार का बदला लेने तो कांग्रेस ने सरकार पर धोखाधड़ी का आरोप लगाया। विभिन्न दलों के नेताओं ने कहा कि ऊर्जा मंत्री 24 घंटे आपूर्ति का झूठा दावा कर रहे हैं। ग्रामीण इलाके ही नहीं शहरी इलाके में भी अंधाधुंध कटौती की जा रही है।

**हार का बदला ले रही भाजपा : अखिलेश:** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि लोकसभा चुनाव में अपनी हार से बौखलाई भाजपा सरकार प्रदेश के मतदाताओं को हर तरह से परेशान करके बदला लेने पर उतारू है।

भीषण गर्मी से तपते माहौल में 24 घंटे बिजली आपूर्ति का दावा खोखला है। बिजली कटौती से कहीं पानी नहीं मिल रहा है तो कहीं भीषण गर्मी में लोग बिलख रहे हैं। दूसरी तरह बिजली दर बढ़ाने का कोई न कोई रास्ता ढूंढा जा रहा है।

**पहले आपूर्ति सुधाएं, फिर दर बढ़ाने की हो बात - राय:** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि 24 घंटे बिजली आपूर्ति का दावा पूरी तरह से झूठा है। ग्रामीण इलाके में मुश्किल से 10 से 12 घंटे बिजली मिल रही है। लोकल फाल्ट से उपभोक्ताओं का कोई लेना देना नहीं है, उसे कितने घंटे बिजली मिल रही है, यह महत्वपूर्ण है। बिजली दर में किसी भी कीमत पर बढ़ोतरी नहीं होनी चाहिए। पूर्वांचल में बिजली कटौती होने की वजह से छोटे-छोटे कारखाने बंदी के कगार पर पहुंच गए हैं।

### बिजली दरें बढ़ाना निंदनीय - हीरालाल

भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी के राज्य सचिव हीरालाल यादव ने कहा कि पावर कॉरपोरेशन द्वारा ग्रामीण विद्युत दरों की वृद्धि के लिए अलग-अलग रास्ता ढूंढा जाना निंदनीय है। निदेशक मंडल की ओर से पारित किए गए प्रस्ताव से तमाम उपभोक्ताओं को करीब दो से ढाई रुपये महंगे दर पर भुगतान करना होगा। इसलिए ऐसे प्रस्ताव को खारिज किया जाए।

### कल दाखिल होगी अवमानना याचिका

ग्रामीण क्षेत्रों में 24 घंटे विद्युत आपूर्ति के नाम पर ग्रामीण फीडर को शहरी घोषित करने और शहरी बिलिंग के आदेश के विरोध में उपभोक्ता परिषद की ओर से मंगलवार को नियामक आयोग में अवमानना याचिका दाखिल की जाएगी। परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि जनवरी-फरवरी में निदेशक मंडल ने फीडर बदलने का फैसला लिया था, लेकिन आदेश अब जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा ग्रामीण घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं व किसानों की बिजली दर सस्ती करने के लिए करीब 14000 करोड़ की सब्सिडी देती है ताकि शहरी फीडर की अपेक्षा ग्रामीण ग्रामीण फीडर की दर सस्ती रहे। यदि कॉरपोरेशन ग्रामीण फीडर को शहरी में बदलता है तो फिर सब्सिडी व्यवस्था का उल्लंघन है।

# आठ साल बाद जून ने दिखाई इतनी गर्मी, अभी नहीं मिलेगी राहत, बरसेगी आग

**लखनऊ, एजेंसी।** गर्मी का प्रकोप लगातार जारी है। तीखी धूप और लू के थपेड़े अब बर्दाश्त से बाहर होते जा रहे हैं। यह तल्खी लोगों को बीमार भी कर रही है। खासकर बच्चों के लिए तीखी धूप और गर्म हवा ज्यादा नुकसानदायक साबित हो रही है।

राजधानी में रविवार को अधिकतम तापमान फिर चढ़ा और पारा 45.6 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। रात का तापमान भी 31.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। मौसम विभाग के मुताबिक, आठ साल बाद जून ने इतनी गर्मी दिखाई है। वर्ष 2015 में जून में अधिकतम तापमान 45.7 डिग्री पहुंचा था, जो 0.1 डिग्री ही ज्यादा है। अभी आधा जून बाकी है। ऐसे में गर्मी 2015 का रिकॉर्ड तोड़ भी सकती है। बीते साल 16 जून की बात करें 40.6 डिग्री पारा था। इस लिहाज से इस लिहाज से 2024 का 16 जून 5 डिग्री ज्यादा गर्म रहा। मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, आगामी दिनों में भी आसमान साफ रहने से धूप तीखी रहेगी। फिलहाल अधिकतम तापमान में गिरावट होती नहीं दिख रही है। लू के पूरे आसार हैं। दोपहर के समय इसकी तीव्रता बढ़ सकती है।



# किसानों के लिए काम की खबर, कराएं फसल बीमा... उठाएं योजना का लाभ



**बरेली, एजेंसी।** बरेली मंडल में खरीफ अभियान 2024 के तहत फसलों की बीमा प्रक्रिया शुरू हो गई है। जो किसान फसलों का बीमा कराना चाहते हैं, उन्हें दस्तावेजों के साथ जनसेवा केंद्र संपर्क करना होगा। संयुक्त कृषि निदेशक डॉ. राजेश कुमार ने जिलेवार बीमित होने वाली फसलों की सूची जारी की है। फसल बीमा कराने से किसान आपदा की वजह से होने वाले आर्थिक नुकसान से बच सकेंगे।

डॉ. राजेश कुमार के मुताबिक प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत बरेली मंडल के सभी चारों जिलों में फसल बीमा इफको टोकियो जनरल इंश्योरेंस कंपनी की ओर से होगा। अधिसूचित फसलों का प्रीमियम दो फीसदी, औद्यानिक फसलों का पांच फीसदी है। केले की फसल का बीमा कराने की अंतिम तारीख 30 जून और मिर्च का बीमा कराने की अंतिम तारीख 31 जुलाई है।

गैर ऋणी कृषकों को आधार कार्ड, बैंक खाते का विवरण, बोई गई अधिसूचित फसलों का क्षेत्रफल, खतौनी, मोबाइल नंबर आदि के साथ जनसेवा केंद्र, संबंधित बैंक शाखा में संपर्क करें या पोर्टल pmfby.gov.in पर बीमा कर सकते हैं।

**प्राकृतिक आपदा से आर्थिक नुकसान से होगा बचाव:** संयुक्त कृषि निदेशक ने किसानों से फसल बीमा योजना का लाभ लेने की अपील की है ताकि प्राकृतिक आपदा आदि से होने वाले आर्थिक नुकसान से बच सकें। फसल बीमा कराने में कोई अड़चन है या कोई जानकारी चाहिए तो किसान कृषि रक्षक पोर्टल हेल्पलाइन (टोल फ्री) 14447 या संबंधित जिले के उप कृषि निदेशक/जिला कृषि अधिकारी/जिला उद्यान अधिकारी और बैंक से संपर्क कर सकते हैं।

# मां का हाल जानने ऋषिकेश एम्स पहुंचे सीएम योगी, दो साल बाद हुई मुलाकात

**लखनऊ, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को उत्तराखंड के ऋषिकेश पहुंचे। यहां उन्होंने एम्स ऋषिकेश में भर्ती अपनी मां से मुलाकात की और उनका हाल चाल जाना। उन्होंने एम्स डायरेक्टर से मिलकर अपनी मां सावित्री देवी के स्वास्थ्य की विस्तार से जानकारी ली। इसके बाद सीएम योगी ने रुद्रप्रयाग हादसे के घायलों से भी मिलने पहुंचे और उनका हाल चाल जाना। साथ ही उन्होंने चिकित्सकों को समुचित उपचार का निर्देश भी दिया। सीएम योगी के साथ प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत और उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री व हरिद्वार से सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत भी मौजूद रहे।

**दो साल बाद अपनी मां से भी मिले सीएम योगी:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को गोरखपुर में विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेने के बाद सीधे ऋषिकेश पहुंचे थे। वह दो साल बाद अपनी मां से मिल रहे थे। सीएम ने मां का हालचाल लेने के बाद एम्स के डायरेक्टर से भी मुलाकात की और मां के स्वास्थ्य के बारे में विस्तार से जानकारी ली।



सीएम योगी को देखकर उनकी मां सावित्री देवी बहुत प्रसन्न नजर आईं। वह यहां करीब 20 मिनट तक रुके। सीएम योगी की मां को जीरियाट्रिक वार्ड में भर्ती कराया गया है।

एम्स प्रशासन के अनुसार सावित्री देवी वृद्धावस्था की दिक्कतों के चलते भर्ती हुई हैं। इससे पूर्व भी वह आंखों के संक्रमण के कारण यहां भर्ती रही थीं। शनिवार को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी योगी आदित्यनाथ की मां से मिलकर उनका हाल चाल जाना था। मालूम हो कि सीएम योगी मूल रूप से उत्तराखंड के ही रहने वाले हैं। योगी के परिजन पौड़ी गढ़वाल के पचूर गांव में रहते हैं। इससे पहले सीएम योगी 2022 में अपने पैतृक गांव गए थे। तब उन्होंने मां के पांव छूकर आशीर्वाद भी लिया था।

### सीएम योगी ने रुद्रप्रयाग हादसे में घायलों से भी की मुलाकात, दी सांत्वना

मां से मिलने के बाद सीएम योगी ने उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग में हुए सड़क हादसे में घायल उत्तर प्रदेश के लोगों का हाल चाल जाना और डॉक्टरों को समुचित इलाज के निर्देश दिए। घायलों और डॉक्टरों के साथ बातचीत में सीएम योगी ने प्रदेश सरकार की ओर से हर तरह के सहयोग का भरोसा दिलाया। सीएम योगी ने सभी घायलों को आश्वस्त किया कि प्रदेश सरकार उनके साथ है और उन्हें किसी तरह की कोई परेशानी नहीं होने दी जाएगी। शनिवार को हुए इस हादसे में कुल 14 लोगों की जान चली गई थी, जिसमें यूपी के लोग भी शामिल थे। हादसे के बाद ही सीएम योगी ने दुख जताते हुए मृतकों के परिजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की थी। यही नहीं, सीएम योगी के निर्देश पर शनिवार को ही उत्तर प्रदेश के अधिकारियों की एक टीम रुद्रप्रयाग पहुंच गई थी। हादसे के तुरंत बाद ही योगी ने मुख्यमंत्री कार्यालय और राहत आयुक्त कार्यालय को तत्काल स्थानीय प्रशासन से संपर्क कर घायलों के समुचित उपचार और आवश्यक सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए थे। साथ ही वह घटना का पल-पल अपडेट भी ले रहे थे।

## नहाते समय गोमती में डूबा युवक, मौत

**बाजारशुकुल (अमेठी)।** भीषण गर्मी में गांव के पास से गुजरी गोमती नदी में नहाने गया एक युवक नदी में डूब गया। नदी में युवक को डूबते देखकर लोगों ने सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से करीब दो घंटे बाद नदी से डूबे युवक का शव बरामद किया। बाजारशुकुल थाना क्षेत्र के पूरे महपत उरेरमऊ गांव निवासी कामाख्यादीन (25) रविवार को मवेशी चराने निकला था। गर्मी से राहत पाने के लिए गांव के पास गुजरी गोमती नदी में नहाने लगा। नहाते समय अचानक कामाख्यादीन गहरे पानी पहुंचकर डूबने लगा। नदी के पास मौजूद लोगों ने कामाख्यादीन को डूबता देख शोर मचाया। परिजनों ने मामले की सूचना पुलिस को देते हुए नदी में तलाश शुरू की। करीब दो घंटे बाद कड़ी मशक्कत से उसका शव नदी से बरामद किया गया। कामाख्यादीन का शव बरामद होने के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा है। मृतक को आंख से दिव्यांग था। एसओ तनुज पाल ने कहा कि नदी में डूबने से युवक की मौत हुई है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉग ऑन करें
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com.epaper




# विद्युत के बाद विक्रांत बने एआर मुरुगादॉस की फिल्म का हिस्सा

विद्युत जामवाल के बाद एक और अभिनेता शिवकार्तिकेयन और एआर मुरुगादॉस की आगामी फिल्म एसके 23 के कलाकारों में शामिल हो गए हैं। फिल्म के निर्माताओं ने तमिल अभिनेता विक्रांत का स्वागत करने के लिए अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल का सहारा लिया। घोषणा के साथ, निर्माताओं ने फिल्म से अभिनेता का एक दिलचस्प और स्टाइलिश पोस्टर भी साझा किया, जिसे देखकर प्रशंसकों का उत्साह काफी ज्यादा बढ़ गया है। नई घोषणा एक आश्चर्य के रूप में सामने आई और प्रशंसक इस अपडेट से रोमांचित हैं। उम्मीद है कि निर्माता जल्द ही अन्य कलाकारों का विवरण जारी करेंगे। फिल्म से विक्रांत का फर्स्ट लुक पोस्टर जारी करते हुए निर्माताओं ने कैप्शन में लिखा, हमारे एक्शन राइड में शामिल होना। हम प्रतिभाशाली विक्रांत का स्वागत करते हैं। शूटिंग पूरे जोश में प्रगति पर है। अब तक, केवल शिवकार्तिकेयन, कन्नड़ अभिनेत्री रुक्मिणी वसंत, विक्रांत और विद्युत जामवाल के आगामी फिल्म का हिस्सा बनने की पुष्टि हुई है। वहीं, कुछ रिपोर्ट्स का सुझाव है कि मलयालम सुपरस्टार मोहनलाल भी इस फिल्म में दिखाई देंगे। हालांकि, आधिकारिक घोषणा की प्रतीक्षा है। अफवाहें बताती हैं कि अभिनेता फिल्म में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

## एसके 23 का शीर्षक जानने के लिए उत्साहित प्रशंसक

पूरी तरह से एक्शन फिल्म मानी जाने वाली इस फिल्म में शिवकार्तिकेयन को बड़े पैमाने पर शारीरिक परिवर्तन से गुजरना होगा। निर्माता फिल्म के मुख्य विवरणों को साझा करने के बारे में चुप्पी साधे हुए हैं। हालांकि, प्रशंसक फिल्म के शीर्षक के बारे में जानने के इच्छुक हैं, जिसका खुलासा होना बाकी है। अस्थायी रूप से इसका नाम एसके 23 रखा गया है। यह फिल्म अभिनेता विद्युत जामवाल के 10 साल के अंतराल के बाद तमिल सिनेमा में वापसी का भी प्रतीक होगा।



# कोटेशन गैंग में दिखेगा सनी का माफिया अवतार

अभिनेत्री सनी लियोनी इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'कोटेशन गैंग' की शूटिंग में व्यस्त हैं। फिल्म की शूटिंग के सिलसिले में अभिनेत्री कर्नाटक में कुछ दिनों रहीं। हाल ही में अभिनेत्री ने कर्नाटक के एक छोटे से गांव 'कब्बाली' में एक स्कूल का दौरा किया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। सनी अपनी आगामी फिल्म में 'द फैमिली मैन' की अभिनेत्री प्रियामणि के साथ नजर आएंगी। इस फिल्म में दिग्गज अभिनेता जैकी श्रॉफ भी दिखेंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक सनी 'कोटेशन गैंग' में एक लोकल माफिया के किरदार निभाएंगी। फिल्म में उन्हें एक हत्यारे के रूप में दिखाया गया है जो एक गिरोह की प्रमुख सदस्य है, जो कांट्रैक्ट किलिंग में माहिर है।

## सनी के डांस शो पर लग चुकी है रोक

बता दें कि 5 जुलाई को तिरुवनंतपुरम में यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग कैंपस में सनी का  डांस शो होने वाला था, लेकिन केरल विश्वविद्यालय के कुलपति ने इस शो को अनुमति देने से इनकार कर दिया है। रिपोर्ट्स की मानें तो केरल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. मोहनन कुन्नुमल ने रजिस्ट्रार को निर्देश दिया कि वे सुनिश्चित करें कि अभिनेत्री सनी लियोनी का प्रदर्शन कार्यक्रम की सूची में शामिल न हो। बताया जा रहा है कि यह निर्णय पिछले साल नवंबर में एर्नाकुलम में कोचीन विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीयूएसएटी) में एक संगीत कार्यक्रम में हुई भगदड़ की घटना की वजह से लिया गया है।





# फादर्स डे के मौके पर शूजीत सरकार का तोहफा

फादर्स डे के अवसर पर शूजीत सरकार ने प्रशंसकों को बड़ा तोहफा दिया है। फिल्म निर्माता ने अभिषेक बच्चन अभिनीत फिल्म की रिलीज डेट से पर्दा उठा दिया है। विक्की डोनर, पीकू और सरदार उधम जैसी दमदार फिल्मों का निर्माण कर चुके फिल्म निर्माता शूजीत सरकार ने प्रशंसकों को बड़ा तोहफा दिया है। फादर्स डे के अवसर पर निर्माता ने अपनी आगामी फिल्म पर अहम अपडेट साझा किया है, जिसमें अभिनेता अभिषेक बच्चन मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म का शीर्षक अभी सामने नहीं आया है, लेकिन शूजीत की पोस्ट से साफ हो रहा है कि इसकी कहानी पिता और बेटी के खूबसूरत रिश्ते पर आधारित होगी। साथ ही इसकी रिलीज डेट से भी पर्दा उठा दिया गया है।

## फिल्म की रिलीज डेट से उठा पर्दा

शूजीत सरकार ने अपने प्रोडक्शन हाउस राइजिंग सन फिल्म्स के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल से उपरोक्त फिल्म के बारे में अधिक जानकारी साझा की। निर्माता ने पोस्ट किए गए वीडियो को कैप्शन दिया, इस फादर्स डे पर उस प्यार, हंसी और अमूल्य सबक को संजोएं जिसके लिए पिता हमें तैयार करते हैं। 15 नवंबर, 2024 को सिनेमाघरों में शूजीत सरकार की हार्दिक पिता-बेटी के रिश्ते की आगामी कहानी के लिए तैयार हो जाइए।

## एक और धमाल के लिए तैयार शूजीत!

फिल्म का निर्देशन जहां शूजीत सरकार कर रहे हैं, वहीं इसका निर्माण रोनी लाहिड़ी और शील कुमार कर रहे हैं। भारतीय फिल्म इंडस्ट्री में 20 साल से अधिक पूरे कर चुके शूजीत सरकार आज के समय के सबसे प्रसिद्ध कहानीकारों और फिल्म निर्माताओं में से एक हैं। सामान्य कहानियों को एक सुंदर संदेश के साथ प्रस्तुत करने की अपनी अनूठी कहानी के लिए जाने जाने वाले फिल्म निर्माता ने हाल ही में अपनी अगली फिल्म की घोषणा के बाद सभी को उत्साहित कर दिया। वहीं, ताजा जानकारी से साफ होता है कि यह फिल्म इस साल के अंत में 15 नवंबर, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।



# इस स्वतंत्रता दिवस पर संजय दत्त से भिड़ेंगे राम पोथिनेनी

साउथ अभिनेता राम पोथिनेनी और संजय दत्त की बहुप्रतीक्षित फिल्म डबल इस्मार्ट इस साल सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। दर्शकों को इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार है। ऐसे में मेकर्स ने दर्शकों का उत्साह बढ़ाते हुए फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा कर दी है। पुरी जगन्नाध की डबल आईस्मार्ट स्वतंत्रता दिवस पर रिलीज के लिए तैयार है। फिल्म निर्माता और चार्मिमे कौर के बैनर पुरी कनेक्ट्स द्वारा समर्थित इस फिल्म में राम पोथिनेनी मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म निर्माता पुरी जगन्नाध की आगामी फिल्म डबल इस्मार्ट 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी। मेकर्स ने आज शनिवार को इसकी घोषणा की है। इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा करते हुए राम पोथिनेनी ने फिल्म की रिलीज का जानकारी दी है। डबल इस्मार्ट पांच भाषाओं-  तेलुगु, हिंदी, तमिल, कन्नड़ और मलयालम में रिलीज की जाएगी।

## दर्शकों को ट्रेलर का इंतजार

निर्माताओं ने फिल्म का नया पोस्टर जारी करते हुए रिलीज डेट की जानकारी दी है। फिल्म का टीजर पहले ही रिलीज हो चुका है, जो दर्शकों को काफी पसंद आया था। अब लोगों को फिल्म के ट्रेलर का बेसब्री से इंतजार है। टीजर की बात करें तो एक मिनट 26 सेकंड के वीडियो में राम पोथिनेनी और संजय दत्त की दमदार झलक देखने को मिली। शंकर के अवतार में दिखे राम पोथिनेनी के कुछ फाइट सीक्वेंस भी हैं। टीजर में बिग बुल बने संजय दत्त नए अवतार में नजर आए थे।

## आईस्मार्ट शंकर का है सीक्वल

ये फिल्म पोथिनेनी और जगन्नाध की 2019 की साइंस-फाई एक्शन फिल्म आईस्मार्ट शंकर का सीक्वल है। ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर हिट साबित हुई थी।  डबल इस्मार्ट के जरिए निर्देशक पुरी जगन्नाध और अभिनेता राम पोथिनेनी दूसरी बार साथ काम कर रहे हैं। फिल्म में संजय दत्त महत्वपूर्ण भूमिका में हैं।



# दो एक्ट्रेस के ठुकराने के बाद सामंथा को मिली थी यह शानदार फिल्म

हाल ही में, एक नई फिल्म को लेकर दक्षिण भारतीय अभिनेत्री सांमथा रुथ प्रभु का नाम चर्चा में आया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सामंथा निर्देशक गौतम वासुदेव मेनन की नई फिल्म में नजर आ सकती हैं, इस फिल्म में ममूटी भी काम करेंगे। सामंथा अपने करियर में थेरी, शाकुंतलम, मजिली, यशोदा और रंगस्थलम समेत कई फिल्मों में काम कर चुकी हैं।  साल 2019 में रिलीज हुई सुपर डीलक्स उनके करियर की सबसे खास फिल्मों में से एक हैं, इस फिल्म को दर्शकों ने खूब पसंद किया था।  दिलचस्प बात यह है कि सामंथा से पहले दो अभिनेत्रियों को इस फिल्म के लिए अप्रोच किया गया था लेकिन बात नहीं बनी तो फिल्म सामंथा के हाथ लग गई, इस फिल्म में विजय सेतुपति ने मुख्य भूमिका निभाई थी और थियागराजन कुमारराजा ने इसका निर्देशन किया था।



# शरवरी वाघ ने विक्की कौशल और कटरीना कैफ को बताया पावर कपल

विक्की कौशल और कटरीना कैफ बॉलीवुड के मशहूर कपल हैं। दोनों ने 9 दिसंबर 2021 को शादी की थी। दोनों अक्सर सोशल मीडिया पर तस्वीरें साझा करते हैं। फैंस भी इस पति-पत्नी की जोड़ी को काफी पसंद करते हैं। अब अभिनेत्री शरवरी वाघ ने भी इन दोनों की जोड़ी को पावर कपल बताया है। गौरतलब है कि शरवरी की विक्की के भाई सनी कौशल के साथ अफेयर की अफवाहें काफी आम हैं। बीते दिनों शरवरी के जन्मदिन पर कटरीना ने भी मजेदार अंदाज में शुभकामनाएं दी थीं। कटरीना ने शरवरी को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए लिखा था, डांस फ्लोर पर लास्ट पर्सन होना कभी बंद मत करना।



# सिंघम अगेन से भूल भुलैया 3 के क्लैश पर बोले अनीस बज्मी

रोहित शेट्टी की बहुप्रतीक्षित फिल्म सिंघम अगेन पहले 15 अगस्त 2024 को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बड़े पर्दे पर आने वाली थी। लेकिन, निर्माताओं ने अल्लू अर्जुन की अखिल भारतीय फिल्म पुष्पा 2- द रूल के साथ टकराव से बचने के लिए इसकी रिलीज की तारीख दिवाली तक टाल दी। चूंकि सिंघम अगेन अब इस साल दिवाली पर रिलीज हो रही है, इसलिए इसका कार्तिक आर्यन की भूल भुलैया 3 से टकराव होना तय है। भूल भुलैया 3 के निर्देशक अनीस बज्मी ने आखिरकार इस बॉक्स ऑफिस क्लैश पर प्रतिक्रिया दी है और कहा है कि क्लैश हमेशा बिजनेस के लिए खराब होते हैं। एचटी सिटी से बात करते हुए, निर्देशक ने कहा, अभी आपके पास खबर आई है। क्लैश कभी भी अच्छा विचार नहीं होता है। हमने बीबी 3 के लिए अपनी रिलीज की तारीख एक साल पहले ही घोषित कर दी थी। मुझे नहीं पता कि अभी क्या करें।

कारोबार पर पड़ने वाले प्रभाव के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, जब टकराव होता है तो सभी फिल्में प्रभावित होती हैं, टकराव तो होता है। और बात प्रोडक्ट में कॉन्फिडेंस की नहीं है। दुनिया के हर निर्देशक, अभिनेता, लेखक हमेशा अपनी फिल्म के बारे में पूरे आत्मविश्वास के साथ बात करता है। जब उनसे पूछा गया कि क्या वह रिलीज की तारीख बदलने पर विचार करेंगे, तो उन्होंने आगे कहा, ऐसा अभी नहीं सोचा है क्योंकि हमने पहले ही तय कर लिया था कि फिल्म रिलीज होगी या नहीं। अग्रिम रूप से जारी करें। अजय (देवगन) एक अच्छे दोस्त हैं और तारीखों का टकराव होना लाजिमी है। यह हमारे हाथ में नहीं होता। फिल्म में अर्जुन कपूर मुख्य प्रतिपक्षी की भूमिका में नजर आएंगे। अजय देवगन के अलावा, सिंघम अगेन में अक्षय कुमार, दीपिका पादुकोण, करीना कपूर खान, रणवीर सिंह और टाइगर श्रॉफ भी हैं। यह रोहित शेट्टी की कॉप यूनिवर्स की पांचवीं और सिंघम सीरीज की तीसरी फिल्म होगी। दूसरी ओर, निर्देशक अनीस बज़्मी की हॉरर कॉमेडी फ़िल्म भूल भुलैया 3 में त्रिपती डिमरी, विद्या बालन और माधुरी दीक्षित जैसे प्रशंसित कलाकार प्रमुख भूमिकाओं में हैं। फ्रैंचाइज़ी की पिछली किस्त में भी कार्तिक मुख्य भूमिका में थे, जिन्होंने फ़िल्म से अक्षय कुमार की जगह ली थी।

# जान्हवी की तरह खुशी भी नहीं करती हैं अपने फिटनेस से कोई समझौता



खुशी कपूर जान्हवी कपूर की छोटी बहन हैं और द आर्चिज फिल्म से वे बॉलीवुड में डेब्यू कर चुकी हैं। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो खुशी कपूर आने वाले दिनों में इब्राहिम अली खान एक साथ एक और फिल्म में नजर आने वाली हैं।  खुशी कपूर भी अपनी बहन जान्हवी की तरह अपने फिटनेस को लेकर कोई समझौता नहीं करती हैं।  खुशी और जान्हवी दोनों को अक्सर जिम के बाहर स्पॉट किया जाता है।

# पावो नूरमी खेलों से ओलंपिक की तैयारी शुरू करेंगे नीरज चोपड़ा

## जर्मनी के खिलाड़ी से होगा सामना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चोट से उबरने के बाद विश्व चैंपियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा वापसी के लिए तैयार हैं। मंगलवार को वह पावो नूरमी खेलों में जर्मनी के मैक्स डेहिंग के खिलाफ खेलेंगे। इस मुकाबले से वह ओलंपिक की अपनी तैयारियों की शुरुआत करेंगे। डेहिंग प्रतिष्ठित 90 मीटर क्लब के सबसे कम उम्र के सदस्य हैं, जिसमें चोपड़ा भी प्रवेश करना चाहेंगे। एक दिवसीय प्रतियोगिता के 2022 संस्करण में चोपड़ा को हराने वाले ओलिवर हेलैंडर भी मौजूद होंगे। भारतीय खिलाड़ी ने 2022 में 89.30 मीटर के थ्रो के साथ रजत पदक जीता था। यह उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ थ्रो था। चोपड़ा ने उसी साल डायमंड लीग के स्टॉकहोम चरण में 89.94 मीटर का थ्रो किया था। आगामी टूर्नामेंट में दो बार के विश्व चैंपियन एंडरसन पीटर्स और 2012 ओलंपिक चैंपियन केशोर्न वाल्कोट भी शामिल होंगे।



चोपड़ा ने पिछले महीने ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक से एहतियात के तौर पर नाम वापस ले लिया था। दरअसल, उन्हें एडक्टर (जांघों की मांसपेशियां) में दर्द की शिकायत थी। उन्होंने मई में दोहा डायमंड लीग में अपना सीजन शुरू किया था, जहां उन्होंने 88.36 मीटर के अपने अंतिम थ्रो के साथ दूसरा स्थान हासिल किया था। यह उनके करियर का नौवां सर्वश्रेष्ठ स्कोर था। पावो नूरमी खेलों के बाद चोपड़ा सात जुलाई को पेरिस डायमंड लीग में एक्शन में नजर आएंगे।

### संक्षिप्त समाचार

## एशियाई टीम स्क्वैश में भारतीय महिला टीम पांचवें और पुरुष टीम छठे स्थान पर रही



**डालियन, एजेंसी।** भारतीय महिला टीम रविवार को समाप्त हुई एशियाई टीम स्क्वैश चैंपियनशिप में पांचवें स्थान पर रही जबकि पुरुष टीम को छठा स्थान मिला। महिला टीम ने पांचवें और छठे स्थान के लिए स्थान निर्धारण मैच में ईरान को 2-0 से हराया। रथिका सुथनथिरा सीलन और पूजा आरती रघु ने आसान जीत हासिल की। हालाँकि, पुरुष टीम दक्षिण कोरिया से 1-2 से हार गई, जिसमें वेलावन सेंथिलकुमार ने जीत दर्ज की, जबकि सूरज कुमार चंद और ओम सेमवाल मामूली अंतर से हार गए।

भारतीय परिणाम

पुरुषः भारत दक्षिण कोरिया से 1-2 से हार गया (वेलावन सेंथिलकुमार ने जियोंगमिन रियू को 11-5, 11-1, 11-4 से हराया; सूरज कुमार चंद मिनवू ली से 11-7, 11-13, 9-11, 8-11 से) और ओम सेमवाल जूयॉन्ग ना से 9-11, 6-11, 9-11) से हार गए।

महिलाएंः भारत ने ईरान को 2-0 से हराया (रथिका सुथनथिरा सीलन ने फेरेश्तेह एघटेदारी को 11-5, 11-9, 11-7 से और पूजा आरती रघु ने परमिन नेकोपयंतक को 11-5, 11-7, 12-10 से हराया)।

### टी-20 वर्ल्डकप

## हाय रे पाकिस्तान! 107 रन बनाने में हांफ गया, बाबर आजम ने जैसे-तैसे बचाई लाज

**फ्लोरिडा, एजेंसी।** बाबर आजम के नाबाद 32 रनों की बदौलत पाकिस्तान ने रविवार को फ्लोरिडा में आयरलैंड पर 3 विकेट से जीत के साथ अपने निराशाजनक टी20 विश्व कप अभियान का अंत किया। पाकिस्तान ने 107 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए संघर्ष किया, लेकिन बाबर ने एक छोर संभाले रखा और सुनिश्चित किया कि टूर्नामेंट में 2009 के चैंपियन के लिए कोई और उलटफेर न हो। इससे पहले शाहीन अफरीदी और इमाद वसीम ने तीन-तीन विकेट चटकाए, जिससे आयरलैंड ने पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर 9 विकेट पर 106 रन बनाए। खास बात यह है कि दोनों टीमें पहले ही टूर्नामेंट से बाहर हो चुकी हैं।

# स्मृति मंधाना

## 7000 अंतर्राष्ट्रीय रन बनाने वाली दूसरी भारतीय महिला बनीं



**बेंगलुरु, एजेंसी।** भारतीय महिला टीम की ओपनर स्मृति मंधाना दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बेंगलुरु में एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में रविवार को पहले वनडे के दौरान 7000 अंतर्राष्ट्रीय रन पूरे करने वाली दूसरी भारतीय महिला बन गयी हैं। मंधाना ने पूर्व कप्तान मिताली राज के बाद यह उपलब्धि हासिल की है। मिताली ने अपने शानदार करियर में सभी फॉर्मेट में 10,868 रन बनाये थे।

मंधाना के बाद सबसे करीबी मौजूदा भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर हैं जिन्होंने अब तक 6,870 रन जुटा लिए हैं। भारतीय ओपनर ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले वनडे में 127 गेंदों में 12 चौकों और एक छक्के की मदद से 117 रन बनाये जो घरेलू जमीन पर उनका पहला और कुल छठा शतक है। इस बीच दीप्ति शर्मा ने अपनी 37 रन की पारी के दौरान 200 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में 2000 वनडे रन पूरे कर लिए हैं।

### बॉक्सिंग

# पेरिस ओलंपिक से पहले लवलीना ने किया शानदार प्रदर्शन

नई दिल्ली , एजेंसी। भारतीय महिला मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन ने पेरिस ओलंपिक से पहले दमदार प्रदर्शन करते हुए चेक गणराज्य के उस्ती नाद लाबेम में आयोजित ग्रां प्री में रजत पदक जीता। हालांकि लवलीना को महिलाओं के 75 किग्रा वर्ग में चीन की ली कियान से हार का सामना करना पड़ा जिससे वह स्वर्ण पदक हासिल करने से चूक गईं। लवलीना ने टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था और पेरिस ओलंपिक में भी उनसे पदक की आशा रहेगी।

पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालिफाई कर चुकीं लवलीना को मौजूदा एशियाई खेलों की चैंपियन के खिलाफ अपने अंतिम मुकाबले में 2-3 के विभाजित फैसले से हार का सामना करना पड़ा। विश्व चैंपियनशिप में तीन स्वर्ण के साथ दो बार की ओलंपिक पदक विजेता कियान ने पिछले साल एशियाई खेलों के फाइनल में भी लवलीना को शिकस्त दी थी।

### ओलंपिक में मिलेगी मदद

लवलीना ने कहा कि उन्हें इस प्रतियोगिता में भाग लेने से पेरिस ओलंपिक में मदद मिलेगी। लवलीना ने कहा, इस प्रतियोगिता में भाग लेना मेरे लिए बहुत अच्छा अनुभव रहा है। जहां तक मेरी तैयारी का सवाल है, ओलंपिक से पहले यह टूर्नामेंट मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण था। इससे मुझे फायदा होगा। मैं



भारतीय मुक्केबाजी महासंघ, टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) और भारत सरकार का शुक्रिया करना चाहूंगी।

### खेल मंत्री ने की सराहना

केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने लवलीना के प्रदर्शन की सराहना करते हुए लिखा, ग्रां प्री 2024 में रजत पदक जीतने के लिए लवलीना को बधाई। उन्होंने शानदार कौशल का प्रदर्शन किया। मुक्केबाजी रिंग में उनकी सफलता आने वाले खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा है। भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं।

विश्व मुक्केबाजी के तत्वावधान में आयोजित होने वाले इस टूर्नामेंट में महिलाओं के 75 किग्रा वर्ग में लवलीना और कियान के अलावा रिफ्यूजी मुक्केबाजी टीम की सिंडी नगांबा और इंग्लैंड की चैंटल रीड ने हिस्सा लिया था। इन चार मुक्केबाजों के बीच राउंड रॉबिन प्रारूप में मुकाबला आयोजित किया गया। लवलीना इस दौरान तीन मुकाबलों में से केवल एक जीत हासिल कर पाईं।

असम की मुक्केबाज ने नगांबा और कियान से हारने से पहले रीड के खिलाफ जीत दर्ज की थी। वह इस टूर्नामेंट में भाग लेने वाली भारत की इकलौती खिलाड़ी हैं।

### टी20 विश्व कप

# सुपर 8 में पहुंचकर बोले बांग्लादेश के कप्तान शांतो, इस विभाग में सुधार की जरूरत

**किंग्सटाउन (सेंट विंसेंट), एजेंसी।** बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हुसैन शांतो ने अपनी टीम को टी20 विश्व कप 2024 के सुपर 8 चरण में पहुंचाने के बाद अपनी खुशी जाहिर की। अपनी प्रगति के बावजूद शांतो ने बल्ले से टीम के संघर्ष को स्वीकार किया, खासकर अर्नोस वेल ग्राउंड पर नेपाल पर 21 रन की मामूली जीत में। सोमवार को बांग्लादेश ने टी20 विश्व कप के इतिहास में सबसे कम स्कोर (106 रन) का बचाव करते हुए नेपाल को 19.2 ओवर में 85 रन पर आउट कर दिया। इस उल्लेखनीय रक्षात्मक प्रयास ने टीम की गेंदबाजी क्षमता को उजागर किया, लेकिन साथ ही उनकी बल्लेबाजी की कमजोरियों को भी रेखांकित किया क्योंकि शांतो, लिटन दास और तंजीद हसन तमीम शीर्ष क्रम में संघर्ष करते रहे।



शांतो ने मैच के बाद कहा, हमने इस दौर में जिस तरह से खेला उससे मैं बहुत खुश हूं। मुझे उम्मीद है कि हम अपनी बल्लेबाजी नहीं, बल्कि गेंदबाजी का प्रदर्शन जारी रख पाएंगे। उम्मीद है कि अगले दौर में हमारी बल्लेबाजी का प्रदर्शन अच्छा रहेगा। हम ज्यादा रन नहीं बना पा रहे हैं, लेकिन हम जानते हैं कि अगर हम शुरुआती विकेट ले सकें तो हम कुल स्कोर का बचाव कर सकते हैं। यही हमने गेंदबाजों से कहा है, और वे फील्डिंग में भी बहुत अच्छे हैं। तंजीम ने गेंद से बेहतरीन प्रदर्शन किया उन्होंने 4-0-7-4 का असाधारण स्पेल दिया, जिसमें 21 डॉट बॉल शामिल हैं।

मुस्तफिजुर रहमान ने भी अहम भूमिका निभाई, उन्होंने नेपाल के रन-चेज को पटरी से उतारने के लिए अंतिम ओवर में एक विकेट-मेडन दिया। शांतो ने कहा, हमारे पास सब कुछ है। पिछले दो या तीन सालों में सभी तेज गेंदबाजों ने वास्तव में कड़ी मेहनत की है। इस प्रारूप में गेंदबाजी इकाई बहुत महत्वपूर्ण है और मुझे उम्मीद है कि वे अपना फॉर्म जारी रखेंगे।

# टी20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तानी खिलाड़ी ने किया निराश

## खत्म हो सकता है करियर



**फ्लोरिडा, एजेंसी।** टी20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान की टीम का प्रदर्शन बेहद खराब रहा है। उनकी टीम सुपर 8 राउंड में भी नहीं पहुंच सकी। ग्रुप ए में उन्होंने अमेरिका, भारत, कनाडा और आयरलैंड के खिलाफ मैच खेला। जहां उन्हें सिर्फ कनाडा और आयरलैंड के खिलाफ जीत मिल सकी। इसके अलावा उन्हें अमेरिका जैसे छोटी टीम ने भी हरा दिया। इसी बीच पाकिस्तान के एक खिलाड़ी ने टी20 वर्ल्ड कप में निराशजनक प्रदर्शन किया। जिसके बाद इस खिलाड़ी के करियर पर काफी सवाल खड़े हो गए हैं। यह खिलाड़ी कोई और नहीं बल्कि फखर जमां हैं। फखर जमां का टी20 करियर भी अब खतरे में नजर आ रहा है।

### विश्व कप में पूरी तरह से रहे फेल

पाकिस्तान क्रिकेट टीम को फखर जमां से इस टी20 विश्व कप कुछ बड़े कमाल की उम्मीद थी, लेकिन इस सब के बीच उन्होंने अपनी टीम के लिए एक भी ऐसी पारी नहीं खेली जिसे देख उन्हें आगे के प्लान के लिए पाकिस्तान की टीम का हिस्सा बनाया जाए। उन्होंने चार मैचों में 33 रन बनाए। टीम में पावरहिटर की भूमिका होने के बाद भी उन्होंने एक भी तेज पारी नहीं खेली। फखर जमां ने अमेरिका के खिलाफ 11 रन, भारत के खिलाफ 13 रन, कनाडा के खिलाफ 4 रन और आयरलैंड के खिलाफ 5 रन की पारी खेली।

# स्ट्राइकर्स की ब्लास्टर्स पर रोमांचक जीत

**मोहाली, एजेंसी।** जेके सुपर स्ट्राइकर्स ने रविवार को अपने युवा खिलाड़ियों के संयुक्त प्रयास की बदौलत शानदार जीत दर्ज की। मोहाली के आईएस बिंद्रा स्टेडियम में पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन(पीसीए) द्वारा आयोजित दूसरे शेर-ए-पंजाब टी20 कप में टीम ने बीएलवी ब्लास्टर्स पर रोमांचक मुकाबले में 11 रन से जीत दर्ज की। मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए जेके सुपर स्ट्राइकर्स ने 20 ओवर में 187/5 का विशाल स्कोर बनाया। ओपनर शिवेन रखेजा ने अपनी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए 26 गेंदों में 46 रन की पारी खेलकर स्ट्राइकर्स को शानदार शुरुआत दिलाई। दूसरे ओपनर कार्तिक शर्मा ने उनका अच्छा साथ दिया, जिन्होंने 15 गेंदों में 26 रन बनाए। दोनों ने 4.3 ओवर में 59 रन जोड़े। मध्यक्रम के बल्लेबाज आर्यन यादव(20 गेंदों में 25 रन) और शहबाज संधू (18 गेंदों में 28 रन) ने स्ट्राइकर्स को मजबूती दी। आखिरी क्षणों में शानदार प्रदर्शन करते हुए गौरव मार्कन ने 19 गेंदों पर 39 रनों की पारी खेली और स्ट्राइकर्स को 20 ओवर में 187 रनों तक पहुंचाया। ब्लास्टर्स की ओर से बाएं हाथ के स्पिनर हरप्रीत बराड़ ने 22 रन देकर तीन विकेट लिए। जवाब में ब्लास्टर्स लक्ष्य से 11 रन पीछे रह गए। बाएं हाथ के बल्लेबाज हरनूर पन्नू ने 48 गेंदों पर 73 रनों की शानदार पारी खेली, लेकिन वे जीत नहीं दिला सके। अपनी काबिलियत साबित करते हुए हरनूर ने चार गगनचुंबी छक्के लगाए।

# वेगहोर्स्ट के गोल से नीदरलैंड ने पोलैंड को 2-1 से हराया, डेनमार्क ने स्लोवेनिया से ड्रॉ खेला

**बर्लिन, एजेंसी।** चोटिल स्टार रॉबर्त लेवानदॉस्की के बिना खेल रही पोलैंड ने उनकी जगह पर उतरे छह फुट तीन इंच की लंबी कद काठी के एडम बुक्सा के 16वें मिनट में हेडर से किये गोल की मदद से 1-0 से बढ़त बना ली थी जो ज्यादा देर तक नहीं रह सकी। नीदरलैंड के फॉरवर्ड वाउट वेगहोर्स्ट स्थानापन्न खिलाड़ी के तौर पर उतरकर प्रभावित करते रहे हैं और रविवार को यूरोपीय चैम्पियनशिप के मुकाबले में भी उन्होंने ऐसा करते हुए अंत में गोल कर अपनी टीम को पोलैंड पर 2-1 से जीत दिलायी। इस स्ट्राइकर ने 83वें मिनट में मेम्फिस डिपे की जगह मैदान पर आने के बाद पहले ही प्रयास में बायें पैर से नीचा शॉट लगाकर गोल दाग दिया। डिपे ने कई मौके गंवा दिये थे।

### रॉबर्त लेवानदॉस्की के बिना उतरी पोलैंड की टीम

चोटिल स्टार रॉबर्त लेवानदॉस्की के बिना खेल रही पोलैंड ने उनकी जगह पर उतरे छह फुट तीन इंच की लंबी कद काठी के एडम बुक्सा के 16वें मिनट में हेडर से किये गोल की मदद से 1-0 से बढ़त बना ली थी जो ज्यादा देर तक नहीं रह सकी। नीदरलैंड के लिए कोडी गाकपो ने 29वें मिनट में पोलैंड के गोलकीपर वोजसिएच




स्जेस्नी को चकमा देते हुए 'डिफ्लेक्टिड' शॉट से बराबरी गोल दागा। नीदरलैंड की इस जीत से ग्रुप डी की प्रबल दावेदार फ्रांस की टीम पर कुछ दबाव बढ़ जायेगा जो सोमवार को आस्ट्रिया से भिड़ेगी।

### डेनमार्क और स्लोवेनिया ने 1-1 से ड्रॉ खेला

डेनमार्क ने स्लोवेनिया के साथ आज के दूसरे मुकाबले में 1-1 से ड्रॉ खेला। ग्रुप-सी के इस मैच में डेनमार्क के क्रिश्चियन एरिक्सन ने 17वें मिनट में गोल कर अपनी टीम को आगे कर दिया। हालांकि, दूसरे हाफ में 77वें मिनट में एरिक जानजा ने गोल दाग स्लोवेनिया की वापसी कराई। इसके बाद दोनों टीमें फुल टाइम तक कोई गोल नहीं कर सकी।

### गत विजेता इटली ने अल्बानिया को 2-1 से पराजित किया

गत विजेता इटली मैदान पर उतरते ही कुछ समझ पाता कि 23वें सेकंड में उसके खिलाफ गोल हो गया। अल्बानिया के नेदिम बजरामी की ओर से किए गए इस गोल ने नए कोच लूसियानो स्पैलेटी की टीम को हिला दिया। यह यूरोपियन चैंपियनशिप के 64 वर्षों के इतिहास का सबसे तेज गोल था। हालांकि इटली जल्द ही संभल गया और 16वें मिनट तक उसने दो गोल दागते हुए 2-1 की बढ़त बना ली और इसी अंतर से बाद में उसने अल्बानिया पर जीत हासिल कर ली।

### बारेला, बास्तोनी ने इटली के लिए दागे गोल

फेडरिको डिमार्को की थ्रो अलसांद्रो बास्तोनी के पास नहीं पहुंची। बजरामी ने इसे कब्जे में लेते हुए गोल भेद कर वेस्टफालेनस्टेडिऑन में मौजूद अल्बानियाई समर्थकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इसके बाद इटली ने आक्रमणों की झड़ी लगा दी।

11वें मिनट में निकोलो बारेला ने बराबरी का गोल भेदा। 16वें मिनट में लोरेंजो पेलेग्रिनी के क्रास को बास्तोनी ने हेडर के जरिए गोल कर इटली को बढ़त दिला दी। ग्रुप बी को ग्रुप ऑफ डेथ कहा जा रहा है। इस ग्रुप में इन दोनों टीमों के अलावा स्पेन और क्रोएशिया भी हैं।

## एक नजर

### हिंदी व मगही के पूर्व विभागाध्यक्ष के निधन पर जलेस ने जताया शोक

**हसपुरा (औरंगाबाद) ( का.सं.)।** मगध विश्वविद्यालय के हिन्दी एवं मगही के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. भरत सिंह के आकस्मिक निधन पर जनवादी लेखक संघ, औरंगाबाद ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। संघ के जिला सचिव व हिन्दी एवं मगही के वरिष्ठ साहित्यकार प्रो. अलखदेव प्रसाद अचल ने सिंह के निधन पर शोक संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि भरत सिंह मगही के मूर्धन्य साहित्यकार तो थें हीं, मगही आंदोलन के पुरोधा भी थें। वे मगही भाषा के विकास के लिए निरंतर संघर्षरत रहने वाले व्यक्ति थें। उन्हें हमेशा यह चिंता रहती थी कि अन्य भाषाओं की तरह मगही भाषा और साहित्य भी स्थापित हो। उनके निधन से मगही साहित्य को अपूरणीय क्षति हुई है। मगही कवि राजेंद्र प्रसाद समदर्शी, शंभू शरण सत्यार्थी, श्रीनिवास मंडल, रविनंदन, अंबुज कुमार, डॉ. राजेश कुमार विचारक, समुन्दर सिंह, गोपेन्द्र कुमार सिन्हा गौतम, जितेन्द्र कुमार चंचल सहित कई साहित्यकारों ने भी डॉ.भरत सिंह के असामयिक निधन पर गहरी शोक संवेदना प्रकट करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की है।

# श्रेया हत्याकांड : प्रमुख जगहों पर लगेगा सीसीटीवी

## कुछ जांच फोरेंसिक लैब गया है, एक हफ्ते में हो जाएगी पूरी कार्रवाई : जिलाधिकारी



कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद में चर्चित श्रेया कांड को लेकर सोमवार को 7वां दिन बीत गया है। इसके बावजूद लोगों का आक्रोश कम होने का नाम नहीं ले रहा है। नबीनगर में सड़क जाम की सूचना मिलने पर सोमवार की दोपहर औरंगाबाद डीएम श्रीकांत शास्त्री, एसपी स्वपन्ना गौतम मेश्राम, सदर एसडीओ संतन कुमार सिंह, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी 1 संजय कुमार पांडे सहित अन्य पदाधिकारी पहुंचे। पदाधिकारियों के पहुंचते ही ग्रामीण और परिजन श्रेया हत्याकांड को लेकर जांच की मांग करने लगे। नबीनगर नगर पंचायत द्वारा शहरी क्षेत्र में सीसीटीवी लगाने का फैसला लिया गया है। इसके जरिए अप्रिय घटनाओं पर नजर रखी जाएगी। डीएम श्रीकांत शास्त्री ने लोगों को बताया कि पुलिस अभी सिर्फ पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के अनुसार कार्रवाई की है। कुछ जांच फोरेंसिक लैब में जाएगा। वहां से रिपोर्ट आने के बाद दोषी कौन है, कितने लोग शामिल हैं। उसमें थोड़ा सा वक्त लगेगा। लेकिन पीड़ित परिवार को औरंगाबाद पुलिस प्रशासन द्वारा जरूर न्याय मिलेगा। लगभग 7 से 8 दिनों में यह पूरी प्रक्रिया पूर्ण हो जाएगी।

ग्रामीणों ने बताया कि नामजद आरोपियों के अलावा कुछ और भी आरोपी हैं। इस पर औरंगाबाद डीएम श्रीकांत शास्त्री ने बताया कि नामजद आरोपियों को पूछताछ के बाद रविवार को ही जेल भेज दिया गया है। जांच की प्रक्रिया चल रही है। इसमें जो भी दोषी पाया जाएगा उसे बख्शा नहीं जाएगा। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर 1 द्वारा दिए गए बयान में हत्या नहीं यह आत्महत्या है। इस पर ग्रामीणों ने नाराजगी जाहिर की। इस पर औरंगाबाद डीएम ने कहा कि जो पेपर बोलता है (जांच रिपोर्ट) वही पदाधिकारी कार्य करते हैं। सभी कुछ जांच का विषय है। जांच चल रहा है। आप लोग क्षेत्र में शांति बनाए रखें।

## श्रेया की मौत के चार दिन बाद भी प्रदर्शन जारी

कार्यालय संवाददाता

औरंगाबाद के नवीनगर में 11वीं की छात्रा श्रेया कुमारी की मौत के विरोध में आंदोलन का दौर जारी है। सोमवार की सुबह शहर के क्षत्रिय नगर मोड़ पर युवाओं के साथ-साथ स्थानीय लोगों ने एनएच 19 को जाम कर आगजनी की। सड़क के बीचोबीच टायर जलाकर आवागमन को बाधित कर दिया। पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। श्रेया का पोस्टर टांगकर बीच सड़क पर ही श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि श्रेया की मौत आत्महत्या नहीं बल्कि हत्या है और इसे छिपाने का प्रयास किया जा रहा है। जब तक श्रेया को न्याय नहीं मिल जाता तब तक वे चुप बैठने वाले नहीं है। पुलिस तीन लोगों को पकड़कर वाहवाही लूट रही है। जब तक इस मामले में दूध का दूध और पानी का पानी नहीं हो जाता वे शांत नहीं रहेंगे। इधर जानकारी मिली कि लगभग डेढ़ से दो घंटे तक प्रदर्शनकारियों की वजह से हाइवे जाम रहा। कड़ी धूप व लू के बीच यात्री फंसे रहे। हालांकि कुछ लोगों ने उन्हें समझा-बुझाकर शांत कराया,तब यात्रियों को जाम से मुक्ति मिली। इधर, श्रेया की मौत के विरोध में नवीनगर प्रखंड का बरियावां बाजार भी बंद रहा। स्थानीय युवाओं ने न्यायिक जांच की मांग को लेकर कैंडल मार्च निकाला। बरियावां से इंटवा मोड़ होते हुए गैस एजेंसी तक कैंडल मार्च निकालकर श्रेया को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान सैकड़ों लोग मौजूद थे। बरियावां के मुखिया पति विजय प्रताप सिंह की मौजूदगी में युवाओं ने कहा कि प्रशासन को श्रेया मामले की निष्पक्ष जांच करानी चाहिए। सीपीआई कार्यकर्ताओं ने श्रेया कांड की घोर निंदा की है। सीपीआई के पूर्व जिला मंत्री जगनारायण सिंह विकल एवं अंचल मंत्री अधिवक्ता चंद्रशेखर सिंह ने कहा कि श्रेया हत्या कांड में पुलिस की रवैया असंतोषजनक है। पुलिस हत्या कांड का पर्दाफाश करने में आखिर देर क्यों कर रही है। इससे स्पष्ट हो रहा है कि पुलिस की मंशा नाकारात्मक है। सीपीआई कार्यकर्ताओं ने पिड़ित परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की है। साथ ही घटना की जांच डीआईजी से कराने की मांग की है।

## सड़क हादसे में जदयू के जिला सचिव के निधन पर पार्टी ने जताया शोक



कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** झारखंड के पलामू जिले में सड़क हादसे में शहर के करमा रोड निवासी जदयू के जिला सचिव आनंद सिंह उर्फ टिंकू के आकस्मिक निधन पर पार्टी की औरंगाबाद जिला इकाई ने गहरा शोक जताया है। पार्टी के जिलाध्यक्ष व रफीगंज के पूर्व विधायक अशोक कुमार सिंह ने कहा कि टिंकू मेरे बेहद करीबी मित्र थे। उनकी मौत की खबर सुनकर स्तब्ध हूं। कहा कि भाई इस तरह से हमलोगों को छोड़कर जाएगा, ऐसा हमने कभी सोचा भी नहीं था। वही पूर्व सांसद औरंगाबाद सह नबीनगर के पूर्व विधायक नबीनगर वीरेंद्र कुमार सिंह, प्रदेश महासचिव सुनील यादव, जदयू नेत्री डॉ. निशा सिंह, जिला प्रवक्ता राजीव कुमार सिंह उर्फ राजा बाबू, जदयू जिला उपाध्यक्ष पप्पू ज्वाला सिंह, सूर्यवंश सिंह, ओंकारनाथ सिंह, रिंकू सिंह, कोषाध्यक्ष उदय कुमार सिंह, औरंगाबाद नगर अध्यक्ष मुजफ्फर कादरी, जदयू जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, सत्येंद्र चंद्रवंशी, जदयू जिला महासचिव संजय राणा सिंह, नागेंद्र सिंह, जिला सचिव रितेश सिंह, औरंगाबाद प्रखंड अध्यक्ष राकेश सिंह, महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष मंजरी सिंह, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष मुमताज अहमद जुगनू, किसान प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष बृजमोहन मेहता, अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष जितेंद्र चंद्रवंशी, देव प्रखंड अध्यक्ष बृजेश सिंह, रफीगंज प्रखंड अध्यक्ष सुनील वर्मा, गोह प्रखंड अध्यक्ष कुंजन सिंह, हसपुरा प्रखंड अध्यक्ष चंदेश पटेल, मदनपुर प्रखंड अध्यक्ष शमशेर सिंह, प्रवीण कुमार सिंह, दाउदनगर प्रखंड अध्यक्ष दीपक पटेल, ओबरा प्रखंड अध्यक्ष विनोद पटेल, बारुण प्रखंड अध्यक्ष उपेंद्र सिंह, नबीनगर प्रखंड अध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह एवं अन्य कार्यकर्ताओं ने भी गहरा शोक जताया है।

श्रेया हत्याकांड : पूर्व सांसद ने कहा

## पुलिस प्रशासन इस कांड का शीघ्र उद्भेदन करें और दोषियों को कठोर सजा दिलाने का करें काम



कार्यालय संवाददाता

औरंगाबाद लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद व भाजपा नेता सुशील कुमार सिंह ने श्रेया हत्याकांड को लेकर औरंगाबाद के एसपी और वरीय पदाधिकारी से दूरभाष पर बात कर घटना के बारे में विस्तृत रूप से चर्चा किया एवं कहा कि श्रेया हत्याकांड में पुलिस प्रसाशन के रवैया से जनता में भारी असंतोष है और इतना दिन बीत जाने के बाद भी कारवाई में देरी होने से काफी आक्रोश है। निर्मम तरीके और बेरहमी से हत्या किया गया है इसे दबाया नही जा सकता, पुलिस शीघ्र से शीघ्र इस कांड का सफल उद्भेदन करें और स्पीडी ट्रायल करके दोषियों को कठोर से कठोर सजा दिलवाने का काम करे। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से परिजन और सर्व समाज के लोग सहमत नहीं है। परिजन लोग इसे आत्महत्या नहीं बल्कि हत्या बता रहे है। प्रशासन इसकी गंभीरता से जांच करें। मृतक के विसरा को फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी में जांच के लिए तुरंत भेजा जाए और उच्च स्तरीय पदाधिकारी के देख रेख में उसका जांच हो जिससे मौत के कारण का स्पष्ट खुलासा हो सके और विसरा रिपोर्ट आने के बाद आगे की कारवाई उच्च स्तरीय पदाधिकारी के देखरेख में सख्ती से हो। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में श्रेया का वास्तविक उम्र से बढ़ाकर उम्र दर्शाया गया है जो गम्भीर जांच का विषय है। इस घटना को लेकर समाज के हर वर्ग के लोगों में आक्रोश है। जगह जगह छात्र एवं छात्राये एवं आम जन लोग कैंडिल जलाकर विरोध प्रदर्शन कर रहे है। सभी लोग अपने बच्चों के भविष्य को लेकर चिंता में है आखिर कैसे बच्चे लोग को पढ़ाये जब समाज में इस तरह के दरिंदे लोग ऐसा जघन्य अपराध कर रहे है। प्रशासन निष्पक्षता से कारवाई करे और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाए। ताकि समाज में इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति नहीं हो सके।

## दोषियों पर त्वरित कार्रवाई नहीं हुई तो होगा बड़ा आंदोलन : प्रमोद सिंह



निज संवाददाता

**नवीनगर (औरंगाबाद)।** नबीनगर में 11वीं की छात्रा श्रेया की हत्या के मामले में पुलिस ने एक महिला समेत तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया है। हालांकि, यह मामला अब भी जिले से लेकर राज्य स्तर तक चर्चा में है। इस मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर प्रतिदिन धरने-प्रदर्शन हो रहे हैं। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रदेश महासचिव प्रमोद सिंह ने भी इस मामले में जिला प्रशासन पर सवाल उठाते हुए त्वरित कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों को चेतावनी दी है कि यदि मामले की सच्चाई सामने नहीं आई और दोषियों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई, तो लोजपा पूरे जिले में बड़ा आंदोलन करेगी। सोमवार को नबीनगर में मृत छात्रा के परिजनों से मिलने के बाद औरंगाबाद लौटने पर श्री सिंह ने प्रेस बयान जारी किया। श्री सिंह ने इस घटना को निर्भया कांड से जोड़ते हुए कहा कि जिस निर्मम तरीके से छात्रा की हत्या की गई है, उसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। श्रेया (काल्पनिक नाम) सिर्फ नबीनगर की बेटी नहीं, बल्कि पूरे समाज की बेटी है। ऐसे जघन्य अपराध करने वालों को सरेआम फांसी दी जानी चाहिए। श्री सिंह ने बताया कि एक बेटी की हत्या के बाद परिवार को किस मानसिक तनाव से गुजरना पड़ता है, यह समझा जा सकता है।

बकरीद की हार्दिक बधाई
करन कुमार
वार्ड पार्षद प्रतिनिधि (वार्ड नं. 29)
नगर परिषद्, औरंगाबाद
उपाध्यक्ष भीम आर्मी सह वार्ड पार्षद प्रतिनिधि



बकरीद की हार्दिक बधाई
जफर इमाम
प्रखंड विकास पदाधिकारी
नासरीगंज (रोहतास)



